सुप्रभात
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ
मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं
रांची, शनिवार 14.01.2023 माघ कृष्ण पक्ष, सप्तमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 10 | अंक : 182 epaper.khabarmantra.net * नगर संस्करण | पेज : 12

## न्यूज डायरी

### शरद यादव की आज पैतृक गांव में अंत्येष्टि

**नयी दिल्ली।** जदयू नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव (75) का अंतिम संस्कार शनिवार को एमपी के नर्मदापुरम जिले की बाबई तहसील के उनके पैतृक गांव आंखमऊ में होगा। उनका गुरुवार रात गुरुग्राम के फोर्टिस अस्पताल में निधन हो गया था। उनके निधन पर राष्ट्रपति, पीएम, गृह मंत्री, राहुल गांधी, लालू प्रसाद, नीतिश कुमार, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन समेत तमाम नेताओं ने गहरा शोक जताया है।

### 15 लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार

**गिरिडीह।** झारखंड पुलिस और एनआइए का मोस्ट वांटेड 15 लाख का इनामी नक्सली कृष्णा हांसदा को पुलिस ने धर दबोचा है। उसकी गिरफ्तारी पुलिस और सीआरपीएफ ने संयुक्त छापेमारी अभियान में की। वर्षों से पारसनाथ के इलाके में वह अपने दस्ते के साथ सक्रिय था।

### दुमका में ठेकेदार से मांगी 5.70 करोड़ लेवी

**दुमका।** काठीकुंड में सड़क निर्माण करा रही सिलीगुड़ी के कंपनी से नक्सलियों ने 5.70 करोड़ लेवी मांगी है। लेवी नहीं देने पर काम गंभीर परिणाम की धमकी दी है। ठेकेदार अशोक चौधरी को भेजे पत्र में संगठन कहा कि बिना सहमति लिए सड़क निर्माण कार्य कैसे शुरू कर दिया। काठीकुंड थाने में मामला दर्ज किया गया है।

### पूर्व विधायक निर्मला को बेल, जेल से रिहा

**रांची।** हाइकोर्ट से जमानत मिलने के बाद पूर्व विधायक निर्मला देवी शुक्रवार को जेल से रिहा हो गयीं। उनके पति योगेंद्र साव, पुत्री व विधायक अंबा प्रसाद, पुत्र अंकित राज, छोटी पुत्री अनुप्रिया समेत अन्य परिजन व समर्थक होटवार जेल पहुंचकर निर्मला देवी का स्वागत किया।

### डेल्टा रैंकिंग में पहले स्थान पर लोहरदगा

**लोहरदगा।** नीति आयोग की देश भर के 112 आकांक्षी जिलों के डेल्टा रैंकिंग में लोहरदगा पहले स्थान पर पहुंच गया है। नवंबर 2022 की डेल्टा रैंकिंग में लोहरदगा 53.4 कंपोजिट स्कोर के साथ पहले स्थान पर है।

### एयरटेल की 5जी सेवा रांची और टाटा में शुरू

**रांची।** एयरटेल ने शुक्रवार को रांची और जमशेदपुर में 5जी सेवा शुरू कर दी। कंपनी अन्य शहरों में भी जल्द ही यह सेवा शुरू होगी। रांची में 5जी प्लस की सेवा रेलवे स्टेशन, मेन रोड, लालपुर, हिनू चौक, हरमू, पिस्का मोड़, कांटा टोली, दीपा टोली, खेलगांव, बूटी मोड़, राजेंद्र चौक पर ली जा सकती है। इसी तरह जमशेदपुर के कई इलाकों में सेवा शुरू हैं।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 53,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 74,000 रु./प्रति किलो |

## राजधानी में लोहड़ी की धूम



राजधानी के कई इलाकों में शुक्रवार को पंजाबी हिंदू बिरादरी के सदस्यों ने धूमधाम से लोहड़ी पर्व मनाया और खुशी का इजहार किया। फोटो-समीर

# ग्रीन कॉरिडोर बना कर तीन जवानों को दिल्ली भेजा गया

## चाईबासा में लगातार तीसरे दिन धमाका, कोई हताहत नहीं, ऑपरेशन जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची, चाईबासा।** रांची में ग्रीन कॉरिडोर बनाकर घायल तीन जवानों को विशेष एयर एंबुलेंस से शुक्रवार को बेहतर इलाज के लिए दिल्ली भेजा गया। चाईबासा में लैंडमाइंस ब्लास्ट में ये जवान घायल हो गये गये थे। वहां से एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया था। मेडिका में उनका इलाज चल रहा था। वहीं लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को भी चाईबासा में लैंड माइंस धमाका हुआ। हालांकि शुक्रवार को हुए धमाके में कोई जवान घायल नहीं हुआ है। पुलिस के अनुसार लगातार धमाके के बाद भी सर्च ऑपरेशन जारी रहेगा। बुधवार को धमाके में छह, गुरुवार को तीन जवान घायल हो गये थे।



शुक्रवार को जिन जवानों को ग्रीन कॉरिडोर बना कर दिल्ली भेजा गया, उनमें से एक को सिर में आइइडी का स्प्लिंटर लगा था। (शेष पेज 11 पर)

### टोंट इलाके में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी

चाईबासा के टोंटो थाना क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच जंग जारी है। शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन भी सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों द्वारा आइइडी विस्फोट किया गया। हालांकि शुक्रवार को हुए विस्फोट में किसी के जख्मी होने की खबर नहीं है। शीर्ष नक्सली नेताओं के आने और कोल्हान क्षेत्र के जंगलों में होने की सूचना के बाद से पुलिस नक्सलियों के खिलाफ लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है। शुक्रवार को भी तुम्बहाका में सर्च ऑपरेशन के दौरान लगभग 11 बजे एक बार फिर एक आइइडी ब्लास्ट हुआ। चाईबासा पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने खबर की पुष्टि की है।

#### 31 से संसद सत्र, 1 फरवरी को बजट पेश करेंगी वित्त मंत्री

## नीति आयोग में अर्थशास्त्रियों से पीएम ने मांगे बजट सुझाव



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने शुक्रवार को नीति आयोग में अर्थशास्त्रियों के साथ की। इस बैठक के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी मौजूद रहीं। पीएम ने केंद्रीय बजट से पहले अर्थशास्त्रियों से राय और सुझाव लेने के साथ-साथ भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति और इसकी चुनौतियों का आकलन किया। जानकारी के मुताबिक, संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा। बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों में इकोनॉमिक सर्वे को पेश किया जायेगा। इसके बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को संसद में बजट पेश करेंगी। सत्र का पहला भाग 10 फरवरी तक जारी रह सकता है। इसके बाद बजट सत्र का दूसरा भाग छह मार्च को शुरू होगा और यह 6 अप्रैल तक चलेगा। सत्र की शुरुआत लोकसभा और राज्यसभा के संयुक्त सत्र से होगी। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू दोनों सदनों को संबोधित करेंगी। यह उनका संसद के दोनों सदनों को पहला संबोधन होगा। (शेष पेज 11 पर)

# हड़ताल खत्म, वकील सोमवार से काम पर

## 6 से ठप था न्यायिक कार्य, बार काउंसिल सदस्य का इस्तीफा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्यभर के वकीलों की हड़ताल खत्म हो गयी है। काउंसिल के आदेश के बाद सोमवार 16 जनवरी से सभी वकील न्यायिक कार्य में शामिल होंगे। यह जानकारी झारखंड स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण और प्रवक्ता संजय विद्रोही ने दी। पिछले एक सप्ताह से ज्यादा समय से झारखंड के लगभग 35000 से ज्यादा वकील कार्य बहिष्कार पर थे। इसके कारण छह जनवरी से ही सभी न्यायिक कार्य ठप थे।

**6 जनवरी से न्यायिक कार्य ठप्प पड़े :** शुक्रवार को काउंसिल की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि सभी वकील न्यायिक कार्य के बहिष्कार को खत्म करते हुए कोर्ट की कार्यवाही में सोमवार से पूर्व की तरह शामिल होंगे। (शेष पेज 11 पर)

### काउंसिल ने हथियार डाले

वहीं झारखंड स्टेट बार काउंसिल के सदस्य हेमंत शिकारवार ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा है कि वह अब से काउंसिल का कोई चुनाव नहीं लड़ेंगे। इसकी लिखित जानकारी वह काउंसिल को एफि डेविट के माध्यम से देंगे। हाईकोर्ट के अधिवक्ता और काउंसिल के सदस्य ने कहा है कि वह वकीलों के लिए अकेले लड़ रहे थे। काउंसिल के सभी सदस्यों के बीच कोर्ट फीस, डेथ क्लेम समेत अन्य मांगों को लेकर शुरू हुई लड़ाई में उन्हें अकेलेपन का एहसास हुआ, जिसकी वजह से वह वकीलों की लड़ाई हार गये। हेमंत शिकारवार ने यह भी कहा कि जब काउंसिल ने कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया था तो फिर बिना मांगे पूरी हुए कार्य बहिष्कार के फैसले को वापस क्यों लिया गया। हर बार आंदोलन होता है और अधिवक्ता खाली हाथ रह जाते हैं। हमारी लड़ाई वकीलों के हित में थी, जिसमें कई मांगे शामिल थी लेकिन बिना किसी उचित आश्वासन के इस लड़ाई को बीच में छोड़ दिया गया। एक बार फिर वकीलों की मांगें अधूरी रह गयी।

# झारखंड, छग और कर्नाटक में इडी छापा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**कोयला घोटाला**

**जमशेदपुर, रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने कोयला घोटाले में आयकर विभाग की एक शिकायत का संज्ञान लेने के बाद धन शोधन के आरोपों की जांच शुरू की थी। शुक्रवार को इडी अधिकारियों ने झारखंड के रांची, सरायकेला समेत छत्तीसगढ़ और कर्नाटक में कई ठिकानों पर एक साथ छापे की कार्रवाई शुरू की। इडी ने एक बयान में दावा किया था कि छत्तीसगढ़ में कोयले की ढुलाई में 'भारी घोटाला' हो रहा है, जिसके तहत राज्य में कोयला परिवहन पर 25 रुपये प्रति टन की अवैध उगाही की जा रही है। कोयला घोटाले में छत्तीसगढ़, झारखंड और कर्नाटक में शुक्रवार सुबह इडी की रेड से कोयला कारोबारियों में हड़कंप है। छत्तीसगढ़ के रायपुर और दुर्ग, झारखंड के सरायकेला और कर्नाटक के बेंगलुरु में यह छापेमारी चल रही है। सरायकेला के आदित्यपुर के होटल मधुबन में भी छापेमारी कर टीम ने होटल के मालिक सनोज कुमार और उनके मैनेजर के अलावा अन्य लोगों से पूछताछ की है। जानकारी मिली कि खनन विभाग में हुए घोटाले में किसी ने होटल मधुबन के मालिक के साथ निवेश किया है। इसके अलावा रांची में भी एक होटल उपरोक्त लोगों ने खोला है। कहां-कहां उनका निवेश हुआ है, इसको लेकर पता लगाया जा रहा है। इसके बारे में होटल मालिक या इडी की टीम की ओर से कुछ नहीं कहा जा रहा है। उधर, छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर, कोरबा, दुर्ग तथा बेंगलुरु में छापेमारी चल रही है। आइएएस अधिकारी एवं छत्तीसगढ़ सरकार में सचिव अंबालागन पी से जुड़े परिसरों में भी छापेमारी चल रही है। रडार पर कई आइएएस, व्यवसायी और राजनेता हैं।

# पत्नी ने ही फौजी पति को बेरहमी से मार डाला था

## प्रेमी के कारण पति को छोड़ना चाहती थी, दोनों को जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गजिला पुलिस ने खोरा जामटोली निवासी फौजी परना उरांव हत्याकांड का खुलासा कर लिया। हत्याकांड की साजिश कर्ता उसकी पत्नी बुद्धेश्वरी देवी व हत्या में सहयोग करने वाले बुद्धेश्वरी देवी के प्रेमी विनय लकड़ा को पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बताया कि व इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि आर्मी जवान परना उरांव व उसकी पत्नी बुद्धेश्वरी देवी के बीच अवैध संबंध के शक को लेकर बराबर विवाद होता था। आर्मी जवान परना उरांव दिल्ली में पोस्टेड था। कुछ दिन के बाद वह सेना से रिटायर्ड होने वाला था।

### पुलिस ने किया खुलासा

इसके बाद परना उरांव अपने घर में रहने का प्लान बना रहा था। इसी कारण बुद्धेश्वरी देवी अपने पति परना उरांव को छोड़ना चाहती थी या फिर किसी प्रकार उसे रास्ते से हटाना चाहती थी। इसी क्रम में उसने अपने अपने प्रेमी विनय लकड़ा से मिल कर पति की हत्या का षडयंत्र रचा। बुद्धेश्वरी अपने पति की हत्या कर उनके द्वारा जमा की गयी संपत्ति और नौकरी हासिल करना चाहती थी। 11 जनवरी की रात्रि में दोनों पति पत्नी के बीच विवाद हुआ और बुद्धेश्वरी देवी ने लोहे के रड से पति परना उरांव को मारकर घायल कर दिया। परना उरांव के माथे से अधिक खून निकल गया। (शेष पेज 11 पर)

## कांग्रेस ने खोया आधार हेमंत बने मजबूत : सरयू

**रांची।** विधायक सरयू राय ने ट्वीट कर कहा कि झारखंड में कांग्रेस का आधार कमजोर हो चुका है। पिछले तीन साल के गठबंधन की सरकार में झारखंड कांग्रेस ने अपने आधार का जो हिस्सा खो दिया है, उसे वह निकट भविष्य में तो पाने की स्थिति में नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के आधार का खोया हुआ हिस्सा अब हेमंत सोरेन का हो गया है। यानी इस गठबंधन से झारखंड में कांग्रेस कमजोर और झामुमो मजबूत हुई है। उन्होंने मंत्री बन्ना गुप्ता पर भी तंज कसते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में जब कोई मौसमी कांग्रेसी मंत्री गठबंधन सरकार में शामिल रहने पर गर्व की घोषणा करता है, तब विरासत का एक हिस्सा छिटक जाता है।

# इरफान नहीं पहुंचे इडी दफ्तर, समय मांगा

## सरकार गिराने की साजिश का मामला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार गिराने की साजिश से जुड़े कैश कांड में इडी ने शुक्रवार को कांग्रेस से निलंबित विधायक इरफान अंसारी से पूछताछ को बुलाया था। इरफान अंसारी इडी दफ्तर तो नहीं नहीं पहुचे, अपने प्राइवेट सेक्रेटरी अजहरुद्दीन और वकील चंद्रभानु को इडी ऑफिस भेजा और दो हफ्ते का समय देने का आग्रह किया। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि मेडिकल आधार पर उन्होंने समय की मांग की है। ईडी ने उन्हें समन जारी कर 13 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया था।



**13, 16 और 17 को के लिए बुलाया था :** बता दें कि कैश कांड में विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी दोषी हैं। इडी ने समन भेजकर 13 जनवरी को डॉ उरफान अंसारी, 16 को राजेश कच्छप और 17 को नमन विक्सल कोंगाड़ी को अपने रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा था। इडी ने इस मामले में तीनों को मनी लांड्रिंग का आरोपी बनाया है। इस मामले में बेरमो विधायक अनूप सिंह उर्फ कुमार जयमंगल का बयान ईडी ने 24 दिसंबर को दर्ज कराया था। करीब 10 घंटे तक ईडी ने सरकार के खिलाफ साजिश मामले में साक्ष्य अनूप सिंह से लिया था। ईडी को इन विधायकों के बयान से अनूप सिंह के बयान का मिलान करना है।

इसमें कितनी सच्चाई है। गौरतलब है कि 30 जुलाई 2022 को हावड़ा में तीनों विधायकों को गिरफ्तार किया गया था, तब उनके पास से पुलिस ने 48 लाख रुपये बरामद किए थे। (शेष पेज 11 पर)



# हाइकोर्ट के नये भवन में वकीलों की सुविधा पर कोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** धुर्वा स्थित हाईकोर्ट के नए भवन में वकीलों के लिए सुविधा बढ़ाने संबंधी जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में एडवोकेट एसोसिएशन, झारखंड हाई कोर्ट की ओर से हस्तक्षेप याचिका (आईए) दाखिल कर नए हाईकोर्ट भवन में वकीलों को अतिरिक्त सुविधाएं मुहैया कराने का आग्रह किया। कोर्ट ने इस आईए को स्वीकार कर लिया और मामले में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 17 फरवरी को होगी। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में मामले की सुनवाई हुई। एसोसिएशन ने हस्तक्षेप याचिका में नए हाईकोर्ट भवन में अधिवक्ताओं के लिए 1000 चेंबर की व्यवस्था करने, डिस्पेंसरी में 4 डॉक्टर और नर्स की व्यवस्था करने, केस से संबंधित व्यक्तियों के लिए हाईकोर्ट में बैठने की जगह देने, महिला अधिवक्ताओं के बच्चों के रुकने की व्यवस्था करने, विकलांग अधिवक्ताओं के लिए समुचित व्यवस्था करने समेत अन्य कई सुविधाओं की मांग की है। सुनवाई में एसोसिएशन की अध्यक्ष ऋतु कुमार ने पैरवी की।

बता दें कि एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाई कोर्ट ने वकीलों की सुविधाओं से संबंधित जनहित याचिका को पुनर्जीवित किया है। वर्ष 2015 में खत्म हुए इस जनहित याचिका को पुनर्जीवित करने को लेकर एडवोकेट एसोसिएशन, झारखंड हाई कोर्ट की ओर से याचिका दायर कर किया गया था।

पिछले सुनवाई में जनहित याचिका को पुनर्जीवित करते समय कोर्ट ने प्रार्थी से कहा कि वह हाईकोर्ट के नए भवन में वकीलों को अतिरिक्त सुविधा दिलाने से संबंधित कोई आग्रह अदालत से करना चाहता है तो हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर सकता है। यहां उल्लेखनीय है कि धुर्वा स्थित नए हाईकोर्ट भवन में अधिवक्ताओं के लिए चेंबर की संख्या 500 से बढ़ाकर 1000 करने, लाइब्रेरी की व्यवस्था, महिला एडवोकेट के लिए सुविधा, एसोसिएशन के लिए चेंबर सहित कई अन्य सुविधा दिलाने का आग्रह एसोसिएशन की ओर से किया गया है।

# झारखंड का बजट आम लोगों के हित में होगा : डॉ रामेश्वर उरांव

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखण्ड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के साथ प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डॉ राजेश गुप्ता छोटू के द्वारा पर्यटन स्थली रॉक गार्डेन कांके में मीडियाकर्मियों के सम्मान में स्वरुचि वनभोज का आयोजन किया गया। वनभोज के मौके पर राष्ट्रीय एवं प्रांतीय स्तर के राजधानी रांची के प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, पोर्टल मीडिया के सभी प्रमुख प्रतिनिधि मौजूद थे।

मीडियाकर्मियों को डॉ उरांव ने नववर्ष, लोहड़ी, टुसू, मकर संक्रांति की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नया वर्ष सबके जीवन में खुशियां लेकर आए। सबका जीवन सुख, समृद्धि खुशहाली से परिपूर्ण हो, समाज के हर वर्गों का जीवन बेहतर हो, यही कामना ईश्वर से करता हूँ। बजट को लेकर मीडिया के प्रश्नों का जवाब देते हुए डा उरांव ने कहा आम लोगों के जरुरतों को ध्यान में रखते हुए बजट बनाये जाएंगे। उन्होंने कहा बजट के निर्माण में पत्रकारों से भी सुझाव आमंत्रित किए जाऐंगे।

इसके पूर्व मीडिया के प्रतिनिधियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव का स्वागत किया एवं रॉक गार्डन में फोटोग्राफी भी कराया। कांग्रेस नेता आलोक दूबे, लाल कियोर नाथ शाहदेव एवं डॉ राजेश गुप्ता ने मीडिया के स्नेह, प्यार एवं विश्वास के लिए कृतज्ञता प्रकट किया।

# जेआरजी बैंक के अध्यक्ष पीयूष भट्ट ने राज्यपाल से शिष्टाचार मुलाकात की

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक (जेआरजी बैंक) के अध्यक्ष पीयूष भट्ट ने झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस से राजभवन जाकर शिष्टाचार मुलाकात की और इस वित्तीय वर्ष में बैंक द्वारा अब तक किये गये कार्यों की जानकारी दी। श्री भट्ट ने राज्यपाल को जानकारी देते हुए बताया की चालू वित्तीय वर्ष में बैंक की सीडी रेशियो 51.8 प्रतिशत हैं तथा एनपीए स्तर को वर्तमान में 4.9 प्रतिशत स्तर पर लाकर बैंक की वित्तीय स्तिथि को सुदृढ़ किया है। जेआरजी बैंक केवल झारखंड में कार्यरत है तथा 445 शाखाओं द्वारा राज्य के सभी प्रखंड में अपनी सेवा प्रदान कर रहा है।

बैंक 3.8 लाख किसानों को केसीसी ऋण मुहैया कर झारखंड के कृषि ऋण में 29 प्रतिशत की भागीदारी के साथ अव्वल भूमिका निभा रहा है। 71,000 स्वयं सहायता समूह के माध्यम सें बैंक ने 10 लाख से ज्यादा महिलाओं को ऋण सें जोड़कर महिला सशक्तिकरण में महती योगदान किया है। इसके अलावा जेएलजी द्वारा छोटे कृषकों के समूह को भी वित्त पोषित किया जा रहा है। एफपीओ को वित्तीय मदद प्रदान कर स्थानीय किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे वो संगठित हों और उनको उत्पाद की उचित कीमत मिल सके। आठ मोबाइल वैन द्वारा सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधा उपलब्ध है।

सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न बीमा योजनाओं के कार्यान्वयन में भी जेआरजी बैंक उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। अटल पेंशन योजना में देश में कार्यरत कुल 43 ग्रामीण बैंक में जेआरजी बैंक अग्रणी स्थान पर है। राज्यपाल ने सुदूर जनजातीय ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों की सराहना की तथा कहा कि सरकार के सभी योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर पहुंचाने में बैंक अपनी योगदान दे। इस मुलाकात में बैंक के महाप्रबंधक जसबीर सिंह, जगन्नाथ गुप्ता तथा मुख़्य प्रबंधक श्रीकांत कटार भी उपस्थित थे।

# छह जिलों का दौरा कर सरकार के 3 साल के कामकाज की रिपोर्ट तैयार करेगी विधानसभा समिति

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड विधानसभा की जिला परिषद एवं पंचायती राज समिति 16 जनवरी से 22 जनवरी तक 6 जिलों का दौरा करेगी। 7 दिनों तक समिति के सदस्य जमशेदपुर, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, कोडरमा और हजारीबाग जिले का स्थल अध्ययन यात्रा करेगी। इस दौरान समिति इन जिलों में राज्य सरकार की ओर से 3 साल से चलायी जा रही विकास योजनाओं और परियोजनाओं की स्थिति का आकलन करेगी। यात्रा के दौरान तैयार किये गये रिपोर्ट को विधानसभा के पटल पर रखा जायेगा।

**16 जनवरी से दौरे पर निकलेगी 5 सदस्यीय टीम**

विधानसभा की जिला परिषद एवं पंचायती राज समिति में एक अध्यक्ष और चार सदस्य शामिल हैं। समिति के अध्यक्ष विधायक रामदास सोरेन हैं, जबकि विधायक बैद्यनाथ राम, बिरंची नारायण, बसंत सोरन और पुष्पा देवी सदस्य हैं। समिति के दौरे को लेकर झारखंड विधानसभा की ओर से राज्य के 25 विभागों के सचिवों और राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद को पत्र भेजा गया है। जिसमें कहा गया है कि सभी विभाग जिलों में प्रतिनियुक्त अपने अधिकारियों को जिलों में समिति की होने वाली बैठकों और स्थल निरीक्षण के दौरान योजनाओं से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट के साथ भेजें।

**6 जिलों के अधिकारियों के साथ बैठक**

समिति के सदस्य 16 जनवरी को जमशेदपुर में डीसी समेत अन्य अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और स्थल निरीक्षण करेंगे। 17 जनवरी को जमशेदपुर में अधिकारियों के साथ बैठक के बाद टीम बोकारो के लिए रवाना होगी, जहां अधिकारियों के साथ बैठक के बाद स्थल निरीक्षण किया जाएगा। इसके बाद 18 जनवरी को टीम धनबाद, 19 जनवरी को गिरिडीह, 20 जनवरी को कोडरमा और 21 एवं 22 जनवरी को हजारीबाग में बैठक और स्थल निरीक्षण करेगी।

## 15वें वित्त आयोग से रांची को मिले 49 करोड़ रुपये




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी की वाटर सप्लाई और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की योजनाओं के लिए रांची नगर निगम को 15वें वित्त आयोग से 49 करोड़ रुपए मिले हैं। नगर विकास विभाग ने महालेखाकार को राशि आवंटन से संबंधित पत्र भेज दिया है। 15वें वित्त आयोग से 2021-22 में राज्य के मिलयन प्लस शहरों (रांची, जमशेदपुर और धनबाद) के लिए 161 करोड़ रुपये विमुक्त किया गया है। इसी से रांची को 49 करोड़ रुपये मिले हैं।

## राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के संरक्षक डॉ साहा का निधन

रांची। मशहूर सर्जन, लेखक राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा हजारीबाग के संरक्षक व हजारीबाग निवासी डॉ हीरालाल साहा का 85 वर्ष उम्र में आज निधन हो गया है। उनके निधन पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा झारखंड परिवार आहत है। डॉ हीरालाल शाह के निधन पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ हीरालाल साहा जीवन पर्यंत चिकित्सा और समाज सेवा के करते रहे। उनके निधन से हजारीबाग ही नहीं पूरे झारखंड प्रदेश को क्षति हुई है। वे बहुमुखी प्रतिभासंपन्न थे सर्जन के साथ ही कई चर्चित पुस्तकों के लेखक व फिल्मकार भी थे। डॉ हीरालाल साहा 10 वर्षों तक इंग्लैंड में अपनी सेवा देने के प॰ात हजारीबाग आए थे। वे इंग्लैंड में प्राप्त किए चिकित्सा सेवा व शिक्षा को झारखंड में सुधार करना चाहते थे। दिसुम गुरु शिबू सोरेन जी पर फिल्म भी बनाने की भी उनकी योजना थी।

# खतियानी जोहार यात्रा का दूसरा चरण 17 से




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही खतियानी जोहार यात्रा का दूसरा चरण 17 जनवरी से शुरू होगा। यात्रा को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा पूरी तैयारी में जुट गया है। तैयारी को लेकर पूर्वी सिंहभूम एवं सरायकेला-खरसावां जिला समिति की विस्तारित बैठक शुक्रवार को रांची के हरमू स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय (कैंप) में हुई। पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार पांडेय की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पूर्वी सिंहभूम एवं सरायकेला-खरसावां जिला समिति के पदाधिकारी, केंद्रीय समिति के सदस्यों ने अपनी बात रखी। यात्रा की सफलता के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की।

**17 को कोडरमा व 18 जनवरी को गिरिडीह में खतियानी जोहार यात्रा**

खतियानी जोहार यात्रा के दूसरे चरण में 17 जनवरी को कोडरमा, 18 जनवरी को गिरिडीह, 23 जनवरी को सिमडेगा, 24 जनवरी को प॰िम सिंहभूम, 31 जनवरी को सरायकेला- खरसावां, 31 जनवरी को पूर्वी सिंहभूम जिला में कार्यक्रम होगा। बैठक में विधायक रामदास सोरेन, सविता महतो, मंगल कालिंदी, संजीव सरदार, समीर मोहंती, सरायकेला - खरसावां जिला अध्यक्ष डॉ. शुभेंदु महतो सहित कई नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत थीम पर मकर संक्रांति मनाने का यूजीसी का निर्देश



**रांची।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने इस बार एक भारत श्रेष्ठ भारत थीम पर मकर संक्रांति मनाने का निर्देश जारी किया है। इसके लिए यूजीसी ने लेटर जारी किया है। इससे पहले भी यूजीसी ने कई महापुरुषों की जयंती और पर्वों को भारत की सभ्यता और संस्कृति से जोड़ने के लिए अलग- अलग थीम पर कार्यक्रम करने का निर्देश जारी कर चुका है। आजादी के 75वें महोत्सव में भी भारतीय संस्कृति पर सेमिनार और वेबिनार करवाया गया था। पिछले एक-डेढ़ साल में नई शिक्षा नीति के तहत कई कार्यक्रम किये जा रहे हैं।

# 1932 की नीति पर कांग्रेस नेताओं के विचार अलग-अलग

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति बनाने को लेकर झारखंड कांग्रेसी नेताओं में अभी भी एक मत नहीं है। कोल्हान से कोड़ा दंपत्ति (मधु कोड़ा और गीता कोड़ा), झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के बाद अब पार्टी के वरिष्ठ नेता सह पूर्व सांसद फुरकान अंसारी भी 1932 के नीति से सहमत नहीं दिखते। गुरूवार को हुई प्रदेश कांग्रेस की विस्तारित कार्यसमिति बैठक में अल्पसंख्यक नेता फुरकान अंसारी ने 1932 के खतियान लाने को कोई आधार नहीं बताया है। प्रभारी अविनाश पांडेय के समक्ष पूर्व सांसद ने कहा, यह अंग्रेजों के समय का नियम है। उस समय झारखंड नहीं बल्कि एकीकृत बिहार था। 1932 की नीति लाने का कोई फायदा नहीं होगा। दूसरी तरफ अल्पसंख्यक समाज के नेता सह प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने भी बैठक में ही 1932 के स्थानीय नीति लाने को अतिआवश्यक बताया है।

**झामुमो-कांग्रेस की अंदरूनी सोच अलग-अलग**

बता दें कि 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति प्रस्ताव को हेमंत सोरेन सरकार विधानसभा से पारित कर चुकी है। 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिहाज से इस पहल को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उसकी पार्टी झामुमो का एक मास्टर स्ट्रोक बताया जा रहा है। गठबंधन सरकार के प्रमुख सहयोगी रही कांग्रेस भले ही इस नीति का समर्थन कर रही हो, लेकिन वोट बैंक देखते हुए अधिकांश नेता आज भी इसके समर्थन में नहीं है। इस तरह के नेताओं का मानना है कि 2024 के चुनाव में इस नीति के लागू हो जाने से कांग्रेस को नुकसान होगा। कांग्रेस आलाकमान भी सरकार के इस निर्णय से संशय की स्थिति में है।

# बच्चू यादव को हाइकोर्ट से एक मामले में मिली जमानत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजमहल के तालझारी थाना से जुड़े वर्ष 2019 में आर्म्स एक्ट के एक कांड में बच्चू यादव को झारखंड हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश कुमार की कोर्ट ने उन्हें जमानत प्रदान की है। मामले को लेकर तालझारी थाना में कांड संख्या 205/ 2019 दर्ज किया गया था। बताया जाता है कि एक व्यक्ति के पास आर्म्स मिला था, पुलिस का आरोप था कि यह आर्म्स बच्चू यादव की ओर से उसे सप्लाई किया गया है। वहीं साहिबगंज फेरी घाट के ऑक्शन के दौरान गोलाबारी मामले में आरोपी बच्चू यादव की जमानत याचिका पर भी कोर्ट में शुक्रवार को आंशिक सुनवाई हुई। बच्चू यादव की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की।

मामले में वादी बच्चू यादव एवं प्रतिवादी नीरज यादव की ओर से दायर शपथपत्र कोर्ट के रिकॉर्ड में नहीं आ सका था। जिस पर कोर्ट ने मामले की सुनवाई 20 जनवरी को निर्धारित की है। यह मामला साहिबगंज में फेरी घाट के सेटलमेंट को लेकर ऑक्शन के दौरान हिंसा से जुड़ा है। उस दौरान प्रकाश यादव और बच्चू यादव के लोगों की ओर से आपस में गोलीबारी की घटना हुई थी। दोनों की ओर से 2- 2 प्राथमिक साहिबगंज मुफस्सिल थाना में दर्ज हुआ था। साहिबगंज मुफस्सिल थाना कांड संख्या 29/ 2022 में उनकी जमानत याचिका निचली अदालत से खारिज हो गई थी। जिसके बाद उनकी ओर से हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की गई।

## कस्तूरबा गांधी स्कूल में महिला शिक्षकों की होगी नियुक्ति

### 24 जनवरी आवेदन करने की अंतिम तिथि

**रांची।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में 14 पदों पर महिला शिक्षकों की नियुक्ति होगी। यह नियुक्ति गुमला में संचालित 10 आवासीय कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में होगी। 14 पदों पर महिला शिक्षकों की भर्ती अलग-अलग विषयों के लिए होगी। ऑफलाइन मोड में 24 जनवरी 2023 आवेदन करने की अंतिम तिथि है।

**इन विषयों के लिए होगी नियुक्ति**

विज्ञान, भाषा, गणित और सामाजिक विज्ञान विषयों के लिए पूर्णकालिक शिक्षिकाओं की भर्ती की जानी है। यह भर्ती पूर्णतया अस्थायी और अल्पकालिक संविदा के आधार पर होगी। इन पदों के लिए केवल महिला अभ्यर्थी ही आवेदन के पात्र हैं। इच्छुक और योग्य महिला उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराये गये एप्लीकेशन फॉर्म के माध्यम से ऑफलाइन मोड में अप्लाई कर सकती हैं।

# अब सरकार रखेगी इन खिलाड़ियों का खयाल : जगरनाथ महतो

## शिक्षा मंत्री ने विजेता पावरलिफ्टरों को किया सम्मानित

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने शुक्रवार को पावर लिफ्टिंग में गोल्ड मेडलिस्ट और स्ट्रांग वूमन ऑफ इंडिया का खिताब पाने वाली रागिनी कच्छप और पावरलिफ्टिंग में मेडल लेने वाले प्रेमदीप को सम्मानित किया। मंत्री ने मिठाई खिलाकर और शाल ओढ़ाकर दोनों खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ये झारखंड के लिए गौरव की बात है कि इन खिलाड़ियों ने अपने बूते ये उपलब्धि हासिल की है। इसके लिए इनके माता- पिता और कोच बधाई के पात्र हैं। अब आगे सरकार इनका ख्याल रखेगी। हरसंभव प्रयास करेगी कि इन्हें कोई परेशानी न हो। इसके लिए मैं केंद्रीय मानव संशाधन मंत्रालय को पत्र लिख रहा हूं। बताते चलें कि अमृतसर में 26 से 28 दिसंबर तक होने वाले राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में झारखंड ने 18 गोल्ड, 11 सिल्वर और 3 ब्रांज मेडल के साथ ओवर ऑल टीम का खिताब जीता है।

**बासी भात खाकर स्ट्रांग वूमन ऑफ इंडिया का खिताब जीता : रागिनी**

रांची की रहने वाली रागिनी कच्छप ने काफी मुश्किलों के साथ अपने बलबूते पर यह प्रतियोगिता जीती है। रागिनी के पिता रांची में एक दुकान में काम करते हैं, जबकि मां दूसरों के घरों में काम करके गुजारा करती है। खुद रागिनी जिम में जॉब करके अपने परिवार को सहारा देती है। एक छोटा भाई है, जो दिव्यांग है। रागिनी बताती है कि रात का बचा हुआ भात खा कर वह प्रैक्टिस करती है। जब रागिनी ने पंजाब और हरियाणा के पावरलिफ्टर को देखा, तो उसे लगा कि अगर अपने प्रदेश में भी अच्छी डाइट मिलती, तो वह भी ऐसी ही होती। फिर भी रागिनी ने पावरलिफ्टिंग, बेंचप्रेस और डेड लिफ्ट में गोल्ड हासिल किया है। साथ ही स्ट्रांग वूमन ऑफ इंडिया का खिताब भी जीता है।

**अपने खर्च से प्रतियोगिता में हिस्सा लिया: प्रेमदीप**

वहीं प्रेमदीप ने बताया कि पंजाब में सर्दी काफी है। खेलना बहुत मुश्किल था। शरीर गरम होने में ही काफी टाइम लगता था। फिर भी मैंने हिम्मत नहीं हारी और प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। ये सारा कुछ उन्होंने अपने खर्च से किया। न तो फेडरेशन से कोई मदद मिली औरप न ही सरकार से। रागिनी के कोच संदीप कुमार ने इस उपलब्धि को राज्य के लिए गर्व की बात बतायी ।

## मानसिक विकलांग हैं बिहार के शिक्षामंत्री : श्री महाबीर मंडल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मयार्दा पुरुषोत्तम राजा श्रीराम चंद्र भगवान पर अमर्यादित टिप्पणी करना बिहार के शिक्षामंत्री प्रो चंद्रशेखर के मानसिक विकलांगता दर्शता है। भारत के प्रजातांत्रिक प्रणाली में इस तरह के घटिया बयान, उनकी सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के रोग से ग्रसित है। आज राजनीति में इस तरह के टिप्पणी ओछापन व अनपढ़ हरकत है...। मयार्दा पुरुषोत्तम के जमाने मे राज्यहित की नीति होती थी, आज ये राज करने की नीति से ग्रसित है। नि॰ितरूप से हिंदुस्थान की धरती पर ये बोझ है, इसका दंड उन्हे भुगतना पड़ेगा। भगवान के घर देर है अंधेर नहीं। महा विद्वानी पंडित रावण का अभिमान नहीं रही, सोने की लंका ढह गई, प्रो चंद्रशेखर कौन खेत की मूली है। श्री महाबीर मंडल के अध्यक्ष अशोक पुरोहित के संग बैठक में मंडल के मंत्री कैलाश केसरी, राजीव रंजन मिश्रा, रविंद्र वर्मा, राहुल सिन्हा, लंकेश सिंह, किशोर साहू, अशोक चौधरी, मुन्चुन राय, आलोक कुमार साहू अन्य उपस्तिथ थे।

# धर्मनिरपेक्ष ताकतों को मजबूत करने वाले नेता को समाज ने खो दिया : राजद

खबर मन्त्र ब्यूरो




रांची। पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव के निधन पर शुक्रवार को प्रदेश राजद कार्यालय में शोक सभा का आयोजन कर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। नेताओं ने कहा कि ईश्वर उनके परिवार को दुख सहन करने की शक्ति दे।

**पूरे राजद परिवार में शोक की लहर: संजय सिंह यादव**

शरद यादव के निधन से पूरे राजद परिवार में शोक की लहर है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने दुख व्यक्त कर कहा कि महान समाजवादी नेता, चिंतक, सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्ष ताकतों को मजबूत करने वाले नेता को हमलोगों ने खो दिया है। यह समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें तथा उनके चाहने वाले एवं उनके परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

**शरद यादव के निधन से एक अध्याय की समाप्ति : संजय प्रसाद यादव**

वहीं प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शरद यादव निधन से एक राजनीतिक अध्याय समाप्त हो गया। यह पूरे समाज के लिए दुखद है। पूरा राजद परिवार मर्माहत और दुखी है। शरद यादव के निधन पर पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, पूर्व सांसद घुरन राम ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि हमलोगों के बीच से एक सामाजिक विचारक का चले जाना अत्यंत पीड़ादायक है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

**इन्होंने भी जताया शोक**

शोक सभा में प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव, श्यामदास सिंह, युवा अध्यक्ष रंजन यादव, महिला अध्यक्ष रानी कुमारी, मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, प्रवक्ता अनिता यादव, शैलेंद्र शर्मा, महासचिव कमलेश यादव, मनोज पांडेय, रामकुमार यादव, मदन यादव, राजकिशोर यादव, संगीता पाल, अजय यादव, राहुल कुमार, बिरकेश्वर पांडेय, शालिग्राम पांडेय, नेसार अंसारी समेत अन्य नेता शामिल थे।

## आज का राशिफल
### 14-01-2023

मेष राशि : रोग शोक से नुकसान होगा। साथ ही किसी नया कार्य या समान लेने से खर्च अधिक होगा और आकस्मिक व्यय से तनाव रहेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। विवेक से कार्य करें। आय के लिए दिन उत्तम है।

वृषभ राशि : शिक्षा के प्रति लापरवाही हानि देगा। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। शत्रु भय रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में ग्राहकी अच्छी रहेगी। नौकरी में कार्य व्यवहार, ईमानदारी की प्रशंसा होगी। मशक्कत करने से लाभ होगा।

मिथुन राशि : माता के स्वस्थ पर ध्यान दे। खान पान पर भी ध्यान दे। मान-सम्मान मिलेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्त्री कष्ट संभव। कलह से बचें। कार्य में सफलता, शत्रु पराजित होंगे।

कर्क राशि : अब समय आ गया है परिवार कुटुम्ब का सेवा करने का। हो सके तो यात्रा टाल दी। यात्रा के दौरान किसी से विवाद न करें। लेन-देन में सावधानी रखें। कानूनी बाधा दूर होगी। देव दर्शन होंगे। राज्य से लाभ होने की संभावना। मातृपक्ष की चिंता।

सिंह राशि : जुवान और नेत्र का देखभाल करें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। झंझटों में न पड़ें। आगे बढ़ने के मार्ग मिलने की संभावना। शत्रु पराजित होंगे। लाभ होगा। स्वास्थ्य ठीक न हो। जमीन से लाभ होगा।

कन्या राशि : दोपहर के बाद समय उपयुक्त है। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होगी। नेत्र पीड़ा की संभावना।

तुला राशि : विदेश से शुभ समाचार मिलेगा। कोई बड़ा कार्य करने की इक्षा होगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। धनागम सुस्त रहेगा।

वृश्चिक राशि : आय के लिए किया गया प्रयास सफल होगा। समय उपयुक्त है। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। पर हो सके तो यात्रा टाल दे।

धनु राशि : सत्संग से लाभ होगा और धर्म मे मन लगेगा। पर कुछ मानसिक कष्ट की संभावना बन सकता है। लाभ तथा पराक्रम ठीक रहेगा। साथ ही हानि तथा भय की संभावना होगा। पर पराक्रम से सफलता मिलेगा।

मकर राशि : आय के लिए समय अनुकूल है। बस कोई अच्छा पहल की जरूरत है। कोई भी अच्छा प्रयास सफल रहेंगे। छोटी यात्रा के योग बनेंगे।

कुंभ राशि : पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। आय में वृद्धि होगी। विरोध की संभावना, धनहानि, गृहस्?थी में कलह, रोग से घिरने की संभावना, कुछ कार्यसिद्धि की संभावना।

मीन राशि : ब्यापार में लाभ होगा। जीवनसाथी का शुख सहयोग होगा। किस्मत का साथ मिलेगा। परिवार की चिंता रहेगी। लाभ होगा।

# ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में आयेगी कमी

## आरडीसीआइएस सेल का आइआइएम रांची के साथ हुआ एमओए

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आरडीसीआइएस, सेल, रांची और आइआइएम, रांची के बीच शुक्रवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किया गया। यह समझौता ज्ञापन वस्तु इस्पात बनाने की सिंटरिंग प्रक्रिया में बेस मिक्स तैयार करने और प्रक्रिया की गुणवत्ता उत्कृष्टता में सहयोगात्मक कार्य के लिए है।

समझौता के तहत एक डाटा एनालिटिक्स मॉडल संयुक्त रूप से विकसित किया जायेगा, जिसका सिंटर गुणवत्ता के मानक विचलन को कम करने के उद्देश्य से बेस मिक्स और लौह अयस्क सिंटरिंग प्रक्रिया के अनुकूलन के लिए लागू किया जायेगा। इसके परिणामस्वरूप अंततः कोक दर, लागत तथा ग्रीन हाउस गैस



उत्सर्जन में कमी आयेगी। यह डाटा एनालिटिक्स सघन मॉडल उद्योग 4.0 के लिए सही कदम होगा। सेल, आरडीसीआइएस द्वारा यह पहल निर्विक बनर्जी, कार्यपालक निदेशक (आरडीसीआईएस), सेल के मार्गदर्शन में की गयी है।

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर आइआइएम रांची की ओर से प्रो एस बेरा तथा आरडीसीआइएस की ओर से एस गोस्वामी, मुख्य महाप्रबंधक (आयरन) ने किया। इस अवसर पर निदेशक आइआइएम, रांची डीके श्रीवास्तव और कार्यपालक निदेशक, आरडीसीआइएस, निर्विक बनर्जी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान प्रो रोजर्स, प्रभारी एमडीपी, आइआइएम और पी पाठक, मुख्य महाप्रबंधक(रोलिंग), सुश्री एन चक्रवर्ती जीएम (पीसी), श्री ए मल्लिक, महाप्रबंधक (एमइएंडए) भी उपस्थित थे।

# बैंक ऑफ इंडिया रांची अंचल ने किया कंबल का वितरण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बढ़ती ठंड को देखते हुए बैंक ऑफ इंडिया रांची अंचल के सौजन्य से जरूरतमंदों के बीच शुक्रवार को कंबल का वितरण किया गया। राज्य के कृषि विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने सुबोध कुमार, उप महाप्रबंधक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति-झारखंड तथा संजय कुमार खेमका, आंचलिक प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया की उपस्थिति में सामुदायिक भवन मौसीबाड़ी, जगन्नाथपुर, धुर्वा में 350 झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले जरूरतमंदों को कंबल प्रदान किया। मौके पर अबू बकर सिद्दीकी ने कहा कि बढ़ती ठंड में लोगों को अपना ध्यान रखने की जरूरत है और कंबल वितरण एक ऐसा माध्यम है, जिससे जरूरतमंदों तक पहुंचा जा सकता है। सभी सक्षम लोग अपने पास के जरूरतमंद लोगों को मदद कर सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में जफर अली, बीओआइ आंचलिक कार्यालय के अजय कुमार पांडेय, रवि झा, मो. अली हसन, रौशन चौधरी, राजेश यादव और कर्रा सोसायटी फॉर रूरल एक्शन के शाफीन अली आदि ने अहम भूमिका निभायी।

# कैंब्रियन स्कूल में मकर संक्रांति पर प्रतियोगिता आयोजित



**खबर मन्त्र संवाददाता**


**रांची।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल कांके रोड में शुक्रवार को मकर संक्रांति के अवसर पर पतंगबाजी, पोस्टर मेकिंग और ब्लैक बोर्ड डेकोरेशन जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मौके पर प्राचार्या डॉ. नीता पांडेय ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से भारत की परंपराओं को समझने के साथ-साथ बच्चों को अपने कौशल के विकास का भी अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति पर्व लगभग पूरे भारतवर्ष में अलग -अलग तरीके से मनाया जाता है, जो यहां की विविधता में एकता को दशार्ता है। कार्यक्रमों का संयोजन चीफ एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर श्रीमती आशा राज ने किया। मौके पर बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# सीयूजे में पीएमइजीपी पर एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) में शुक्रवार को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमइजीपी) पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के सहयोग से प्रशिक्षण और प्लेसमेंट प्रकोष्ठ, सीयूजे द्वारा आयोजित किया गया था।

इस दौरान खादी और ग्रामोद्योग आयोग रांची के सहायक निदेशक राजीव कुमार ने विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ बातचीत की। उन्होंने पीएमईजीपी की विशेषताओं और झारखंड में उद्यमी बनने के लिए इस कार्यक्रम का लाभ कैसे उठाया जा सकता है, के बारे में चर्चा की।




उन्होंने यह भी बताया कि झारखंड में इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं।

इससे पहले कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. भास्कर सिंह द्वारा कार्यक्रम के परिचय से हुई। इसके बाद सीयूजे की मुख्य प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. डीबी लता द्वारा अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रिसर्च एवं डेवलपमेंट के डीन प्रो. एके पाढ़ी ने की। उनके साथ डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. मनोज कुमार और डीन स्कूल ऑफ नेचुरल साइंसेज प्रो. एसी पांडे भी थे। प्रो पाढ़ी ने इस कार्यक्रम के लिए भारत के प्रधानमंत्री के प्रयासों की सराहना की। प्रो. कुमार और प्रो. पाण्डेय ने झारखंड में उद्यमिता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

आयोजन के दौरान, छात्रों ने कई प्रश्न पूछे जिनका समाधान केवीआईसी के सहायक निदेशक राजीव कुमार ने किया। इस कार्यक्रम में करीब 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया.कार्यक्रम में सभी डीन, प्रमुख, वित्त अधिकारी, निदेशक आईक्यूएसी (आई/सी), संपदा अधिकारी और अन्य फैकल्टी ने भाग लिया। इस दौरान प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के सदस्य डॉ. सुदर्शन यादव एवं डॉ. नितेश भाटिया भी उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. कुलदीप बौद्ध ने किया।

## खबर एक नजर में

### इक्फाई विश्वविद्यालय में मना राष्ट्रीय युवा दिवस




**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड में स्वामी विवेकानंद की 160वीं जयंती समारोह के अवसर पर एक समारोह का आयोजन किया गया। इसमें योगदा सत्संग सोसाइटी के स्वामी सच्चिदानंद जी और 7 पाम्स अस्पताल के अध्यक्ष डॉ आर के राय सम्मानित अतिथि थे। इस आयोजन का विषय पेशेवर सफलता और व्यक्तिगत खुशी के लिए स्व-प्रबंधन था। छात्रों द्वारा इस विषय पर एक पोस्टर प्रतियोगिता और एक अनुभव साझा करने का सत्र आयोजित किया गया और मान्यता के पुरस्कार दिए गए। विवि के वीसी प्रो ओआरएस राव ने कहा कि हमें अपने जीवन का प्रबंधन करने के लिए कौशल विकसित करने की आवश्यकता है ताकि हम अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें और खुश रह सकें।

### सेंट जेवियर्स कॉलेज में मनी विवेकानंद की जयंती



**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज के एन.एस.एस विंग ने स्वामी विवेकानंद की 160 वीं जयंती कॉलेज परिसर में बतौर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया। समारोह में लगभग 200 एनएसएस स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. फादर नबोर लकड़ा एसजे ने अपने संबोधन में युवाओं व तमाम श्रोताओं को संबोधित किया। डॉ कमल कुमार बोस ने स्वामी विवेकानंद के जीवन और संघर्षों पर प्रकाश डाला कहा कि छात्रों व युवाओं को चाहिए कि वे स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करें और राष्ट्र को गौरवान्वित करें।

### विवेकानंद जयंती पर परिचर्चा आयोजित

**रांची।** झारखंड छात्र परिषद के द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह के उपलक्ष्य में परिचर्चा का आयोजन ज्योति पब्लिक स्कूल बड़ा तालाब रांची में किया गया। परिचर्चा में मुख्य रूप से झारखंड छात्र परिषद के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा, अशोक पुरोहित, कैलाश केसरी, उपेंद्र रजक, लंकेश सिंह, गोपाल पारीक, राहुल सिन्हा चंकी उपस्थित थे। परिषद ने कार्यक्रम के दौरान सर्व सहमति से केंद्र सरकार से स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी को पाठ्यक्रम में जोड़ने की मांग की।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 11 फरवरी को



**रांची।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 फरवरी को व्यवहार न्यायालय, रांची में होना सुनिश्चित हुआ है। इसे लेकर लोक अदालत की प्री-काउंसेलिंग बैठक जारी हैं, जोकि 10 फरवरी तक चलेगा। डालसा की तैयारी जोरों पर हैं। इसे लेकर शुक्रवार को डालसा हॉल में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व डालसा सचिव की अध्यक्षता में पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, मिथिलेश कुमार सिंह ने अधिक से अधिक नोटिस का तामिला कराने के लिए दिशा-निर्देश दिया, जिससे कि आगामी लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जा सके।

### संत ज्ञानोदय स्कूल में कंबल का वितरण



**रांची।** संत ज्ञानोदय स्कूल कैलाश नगर इरगू टोली में 65 बच्चे एवं उनके अभिभावकों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कंबल का वितरण संत ज्ञानोदय स्कूल के अध्यक्ष अजय जैन एवं अजय सिंह के द्वारा किया गया। अजय जैन ने कहा पिछले कई सालों से स्कूल प्रबंधक द्वारा यह सेवा कार्य किया जा रहा है।

### एकता कमेटी ने बांटी पठन सामग्री



**रांची।** सामाजिक संस्था भारतीय एकता कमेटी ने आर्थिक दृष्टि से पिछड़े परिवार व अभावग्रस्त बच्चों को शिक्षा लिए प्रोत्हासित करने के क्रम में निर्धन, अभावग्रस्त व स्लम बस्ती के बच्चे-बच्चियों के बीच पठन-पाठन सामग्री का मुफ्त वितरण किया गया। इसके तहत एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने बच्चों को किताब, कॉपी, पेंसिल, पेन और पठन पाठन की अन्य सामग्रियां उपलब्ध करायी।

# लायंस क्लब इंटरनेशनल का विश्व का सबसे बड़ा ई-वेस्ट कलेक्शन अभियान शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** लायंस क्लब ने 13 जनवरी 2023 को पूरे भारत में दुनिया का सबसे बड़ा ई-वेस्ट कलेक्शन ड्राइव शुरू कर दिया है। इस मौके पर लायंस क्लब इंटरनेशनल ने कहा कि खुली चर्चाओं के लिए एक मंच प्रदान करने और सुशासन और अच्छी नागरिकता के सिद्धांतों को बढ़ावा देने के लिए हम प्रतिबद्ध है। इसी विश्वास को आगे बढ़ाते हुए हम ई-वेस्ट कलेक्शन की शुरुआत कर रहे हैं। यह अभियान 13 जनवरी, 2023 को हमारे संस्थापक मेल्विन जोन्स के जन्मदिन पर शुरू हुआ है। इसका समापन 13 फरवरी, 2023 को होगा।



डिस्ट्रिक्ट 322ए के ई-वेस्ट कोऑर्डिनेटर लायन धर्मेंद्र सिन्हा और लायन दीपक लोहिया ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से, हम ई-कचरे के हानिकारक प्रभावों पर जागरूकता को मजबूत करने की उम्मीद करते हैं। हमारे पर्यावरण पर और विशेष रूप से हमारी युवा पीढ़ी और समुदाय के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय ज्ञान भागीदार के माध्यम से इसके प्रभावी प्रबंधन के बारे में समुदाय को संवेदनशील बनाना है। नारा है- ई-कचरे को कहें ना। लायंस डिस्ट्रिक्ट 322ए ने शुरू में रांची, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो स्टील सिटी, चाईबासा, हजारीबाग, गिरिडीह, डालटनगंज, गुमला, गढ़वा जैसे शहरों में 80 से अधिक लायंस क्लबों के सहयोग से चौदह संग्रह केंद्रों से अधिक से इसकी शुरुआत की है। उन्होंने बताया कि लायंस फ्रेटरनिटी ऑफ रांची 13 जनवरी को लायंस रांची ईस्ट प्याऊ, अल्बर्ट एक्का चौक के पास शाम 4:30 बजे से लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट के तत्वावधान में अपने अभियान की शुरुआत की। इसमें मुख्य अतिथि रांची नगर निगम के उप महापौर संजीव विजयवर्गीय, आइपीडीजी सिद्धार्थ मजूमदार, प्रथम उप जिलापाल लायन कमल जैन, जीएसटी समन्वयक लायन राजीव लोचन, जीएमटी माधव लखोटिया आदि मौजूद थे।

# हौसलों की उड़ान के तहत पतंग महोत्सव का हुआ आयोजन

**रांची।** सामाजिक संस्था क्राउड लायंस एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयुक्त तत्वावधान में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर भारत के 75वें अमृत महोत्सव के अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एव बेटियों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से कांके रोड स्थित सेंट्रल एकेडमी स्कूल में हौसलों कि उड़ान कार्यक्रम के तहत पतंग महोत्सव 2023 का आयोजन किया गया। मकर संक्रांति एव लोहड़ी पर्व के शुभ अवसर पर सामाजिक संस्था क्राउड लायंस एव भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर कि ओर से सैकड़ों बेटियों के बीच लटाई एवं पतंग का वितरण किया। बेटियों ने स्कूल प्रांगण में पतंग भी उड़ाए। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल के प्राचार्य एके रॉय, भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ के संयोजक आशुतोष द्विवेदी आदि उपस्थित थे।

# सीआइटीइ में हुआ एनुअल स्पोर्ट्स का उद्घाटन



**रांची।** कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर्स एजुकेशन, अनगड़ा में पांच दिवसीय एनुअल स्पोर्ट्स का उद्घाटन शुक्रवार को हुआ। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि कैंब्रिज ट्रस्ट ऑफ इंडिया के निदेशक वित्त पीके सेन व विशिष्ट अतिथि के रूप में डिप्टी रजिस्ट्रार मनीष नाथ उपस्थित थे। अतिथियों एवं प्राचार्य डॉ रविंद्र कुमार ने मशाल जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस पांच दिवसीय स्पोर्ट्स मीट के दौरान क्रिकेट, फुटवॉल, बैडमिंटन, कैरमबोर्ड आदि आउटडोर व इंडोर गेम का आयोजन होगा। मौके पर डॉ रेणु, प्रो. सत्येष कुमार, विकाश कुमार विक्की के अलावे संस्थान के विद्यार्थी एवं शिक्षक मौजूद थे।

### कांटिनेंटल टायर्स का प्रीमियम ड्राइव स्टोर्स खुला

**रांची।** अग्रणी प्रीमियम टायर निमार्ता कांटिनेंटल टायर्स ने रांची और पटना में नए प्रमुख कांटिनेंटल प्रीमियम ड्राइव स्टोर्स की शुरुआत की है। रांची में 4500 वर्ग फीट व पटना में 5000 वर्ग फीट क्षेत्र में फैले यह आउटलेट्स व्हील बैलेंसिंग, व्हील अलायनमेंट और नाइट्रोजन जैसे विभिन्न प्रकार के उत्पाद व सेवाएं पेश करता हैं। ये दोनों सीपीडी स्टोर्स अपने अपने शहरों में पथ प्रदर्शक आउटलेट्स हैं।

# विवेकानंद ने युवाओं में जलायी देशप्रेम की चिंगारी : कर्मवीर सिंह

## रांची के स्वर्णरेखा संस्थान में स्वामी जी की स्मृति में आयोजित की गयी युवा संगोष्ठी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** छविराज फाउंडेशन एवं स्वर्णरेखा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को बरियातू स्थित स्वर्णरेखा संस्थान में भाजपा नेता देवराज सिंह के नेतृत्व में स्वामी विवेकानंद जी की स्मृति में युवा संगोष्ठी आयोजित हुई। संगोष्ठी में भाजपा झारखंड के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, रामकृष्ण परमहंस आश्रम के भावेशा नंद जी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत संपर्क प्रमुख राजीव कमल बिप्टू, स्वर्णरेखा संस्थान के संस्थापक प्रकाश सिंह एवं सचिव गुंजन झा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता देवराज सिंह ने किया। संगोष्ठी की शुरूआत सभी अतिथियों ने दीप प्रवजलन कर एवं स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर पुष्पार्पण कर किया। संचालन




अमिताभ धीरज एवं धन्यवाद ज्ञापन विद्यासागर ने किया।

संगोष्ठी का विषय नए भारत मे युवाओं का योगदान पर प्रकाश डालते हुए भाजपा झारखण्ड के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि आज के युवाओं को स्वामी विवेकानंद के पदचिन्हों पर चलना चाहिए। देश को गढ़ने में युवाओं का अहम रोल होता है यह बताते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं को किताबें पढ़नी चाहिए व उनसे ज्ञान अर्जित कर उस ज्ञान से अपने जीवन को सशक्त बनाना है। युवा गृहस्थ जीवन को ही सम्पूर्ण जीवन न माने। स्वामी विवेकानांद ने युवाओं के भीतर देश प्रेम और कर्मठता की चिंगारी जलाने के साथ-साथ देश की आजादी में भी बड़ा निर्णायक योगदान दिया है। आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत अपने क्रांतिकारी विचारों से उन्होंने तत्कालीन समाज और विशेष रूप से युवाओं को झकझोर दिया। उनके संदेशों में ईश्वर के प्रति निष्ठा ,स्वयं में विश्वास , आपसी भाईचारा और कर्म करने की प्रेरणा मुख्य थे। अपने क्रांतिकारी विचारों से उन्होंने इस समाज को युगांतरकारी परिवर्तन का सूत्र दिया। रामकृष्ण परमहंस आश्रम के सचिव भावेशानंद ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने सदैव जीवन को अग्रसारित करने का मार्ग दिखाया है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत संपर्क प्रमुख राजीव कमल बिप्टू ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का स्पष्ट मत था कि युवा पीढ़ी में ही विषम परिस्थितियों को अनुकूल बनाने की क्षमता होती है, बस जरुरत है तो उन्हें उनके अंदर छिपी क्षमता का एहसास कराने का। युवा पीढ़ी के प्रेरणा स्रोत बनकर वे उनके आदर्श बन गए। स्वामी विवेकानंद ने अपना संपूर्ण जीवन देश से अज्ञानता,अशिक्षा,अस्पृश्यता और अंधविश्वास और सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के लिए समर्पित कर दिया था। मौके एवं स्वर्णरेखा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के संस्थापक प्रकाश सिंह एवं सचिव गुणानंद झा ने भी स्वामी विवेकानंद व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी को सफल बनाने में सोनू मिश्रा, संजीव मिश्रा, निपुण पांडेय, प्रवीण कुमार, रितराज प्रजापति, मोहित दुबे, नवेन्दु उपाध्याय, अजय भारती, शुभम मिश्रा आदि की भूमिका रही।

# आदिवासी समाज ने दी पूर्वजों को श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** माघ सप्तमी के पहले पक्ष को नगरा टोली रांची झारखंड के तत्वाधान में पूरे आदिवासी समाज ने संयुक्त रूप से अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसमें आदिवासियों के द्वारा मनाई जाने वाली पारंपरिक ससनदिरी हड़गड़ी-मसना पूजा पुरखा पूर्वज श्रद्धांजलि महोत्सव को पूरे श्रद्धा आस्था और भक्ति विश्वास के साथ मनाया जाता है।

जिसमें रांची से युवा पाहन पुजार हलधर चन्दन पाहन द्वारा मुख्य पूजा स्थल पर सर्वप्रथम सामूहिक परिक्रमा कर झण्डा का जल तेल टीका सिंदूर से अर्पण किया गया। तदुपरांत पुआ पिठा पकवान तपावन प्रसाद आदि चढ़ाकर पूर्वजों को अर्घ्य दिया। पुरखा पूर्वजों से सबकी खुशहाली की कामना की और कहा कि आदिवासी समाज के लिए ये नव वर्ष का शुभारंभ दिन है इसके बाद ही समाज अन्य सभी प्रकार के



कार्यों को प्रारंभ करता है ताकि पूर्वजों का आशीर्वाद प्राप्त हो और जीवन की सभी बाधाएं दूर हो।

महिला समाज की ओर से निरंजना हेरेंज टोप्पो ने राज्य के पूरे 32 आदिवासी जनजातीय समाज से अपील की है कि आने वाले समय में इस पूर्वज श्रद्धांजलि महोत्सव को वृहद रूप से मनाया जाय ताकि इसमें एकरूपता लाकर सरकार से अवकाश की मांग की जाए।

इस पुरखा पूर्वज श्रद्धांजलि महोत्सव में उपस्थित लोगो में मुख्य रूप से गीता लकड़ा, सोनी लकड़ा, मुन्ना टोप्पो, डेंगो लकड़ा, रामप्यारी लिंडा, मणि लिंडा, जोरी खलखो, राहुल लकड़ा, दीपक मुंडा, राजेंद्र मुंडा, राजेंद्र उरांव, विरसा कच्छप, मुन्नी टूटी, लखीमणि कच्छप, टूटी कुजूर, उर्मिला भगत सहित नगरा टोली खिजूरया टोली नामकुम कांके,लालखटगा, पिठौरिया रांची लोहरदगा सहित विभिन्न क्षेत्रों से सामाजिक धार्मिक अगुआ सैकड़ों की संख्या में उपस्थित थे।

# शर्मसार करती घटना

पिछले दिनों सामने आया जिसमें न्यूयार्क से दिल्ली आ रही फ्लाइट में शराब के नशे में धुत यात्री ने एक बुजुर्ग महिला की सीट पर जाकर पेशाब कर दिया। निस्संदेह घटना शर्मसार करने वाली है। विडंबना देखिये कि बीते साल नवंबर के अंत में हुई घटना नये साल में सुर्खियों में आई। बीते शनिवार आरोपी को बेंगलूरू से गिरफ्तार करके जेल भेजा गया। सवाल यह है कि आरोपी को हवाई जहाज से उतरकर घर कैसे जाने दिया? उसे तुरंत पुलिस को क्यों नहीं सौंपा गया? कहते हैं कि एअर लाइंस को दोषी यात्री को सिर्फ तीस दिन तक यात्रा से प्रतिबंधित करने का हक है। सवाल यह है कि हवाई यात्रा में शराब क्यों परोसी जाती है? अब इस बवाल के बाद एअर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैंपबेव विल्सन कह रहे हैं कि एअर लाइंस विमान में शराब परोसने की नीति की समीक्षा कर रही है। एअर इंडिया द्वारा पीड़ित महिला की शिकायत पर एक माह बाद ध्यान देना भी दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे ढुलमुल रवैये से ही अपराधियों के हौसले बुलंद होते हैं। अब जाकर चालक दल के कुछ सदस्यों को ड्यूटी से हटाया गया है। विडंबना यह है कि इस भयावह घटना के उपरांत दिसंबर की शुरूआत में पेरिस-दिल्ली एअर इंडिया की दूसरी उड़ान में ऐसी ही घटना की पुनरावृत्ति की खबरें भी चर्चा में रही। भारत में जहां विमानन बाजार तेजी से बढ़ रहा है वहां इस तरह एअर रेज की घटनाएं चिंता बढ़ाने वाली हैं। दिसंबर के आखिरी सप्ताह में थाई स्माइल एअरवेज की बैंकॉक-कोलकत्ता उड़ान के दौरान भी एक यात्री द्वारा टेक-ऑफ के दौरान अपनी सीट को सीधी न करने पर जमकर मारपीट हुई थी। इससे पहले भी अप्रैल में घरेलू विमान में नशे में धुत तीन यात्रियों को एयरहोस्टेस से बदतमीजी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। निस्संदेह, ऐसे मामलों में जीरो-टॉलरेंस की नीति के साथ बदतमीजी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत है।

# सात अरब की अर्थव्यवस्था

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने उम्मीद जताई है कि भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार अगले सात साल में बढ़कर 7,000 अरब डॉलर हो सकता है। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था 2022-23 के अंत तक मौजूदा कीमतों पर 3,500 अरब अमेरिकी डॉलर की हो जाएगी। सरकार ने पहले 2025 तक देश को 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य तय किया था। नागेश्वरन ने हाल में एमसीसीआई के एक कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये संबोधित करते हुए कहा कि कैलेंडर वर्ष 2023 रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष की पृष्ठभूमि में शुरू हुआ, जिससे ह्यभू-राजनीतिक और भू-आर्थिक अनिश्चितताएं पैदा होंगी। महामारी के दो साल बाद चीन में प्रतिबंधों का खत्म होना भी विश्व अर्थव्यवस्था को प्रभावित करेगा। इसके अलावा तेल और जिंसों की कीमतों में गिरावट तथा अमेरिका और यूरोप की उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि का रुख भी देखा जा सकता है। इसका असर बाकी दुनिया पर भी पड़ेगा। 2022-23 के अंत में भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) मौजूदा मूल्य पर 3,500 अरब डॉलर पर पहुंच जाएगा।

अगले सात साल में भारतीय अर्थव्यवस्था 7,000 अरब डॉलर की हो जाएगी, जो असंभव नहीं है। सीईए ने यह भी कहा कि सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है अमेरिका द्वारा 2024 या 2025 में अपनी ब्याज दरों को कम करना। इस असर भारतीय रुपये पर भी पड़ेगा। मध्यम अवधि में वृद्धि आठ या नौ प्रतिशत की जगह 6.5 प्रतिशत रह सकती है। वर्ष 2003-2008 की दौरान इतनी ही वृद्धि देखी गई। आज देश में तेज विकास को चारों ओर से समर्थन मिल रहा है। केन्द्र और राज्यों की सरकारें इस दिशा में ठोस काम करती दिखाई दे रही है।

# टुसू पर्व: झारखंड की लोकसंस्कृति की झांकी



**झारखंड** में एक कहावत है बारह मासे, तेरह पर्व यानी बारह महीने में तेरह पर्व। टुसू पर्व तेरह पर्वों में अंतिम पर्व माना जाता है। यह आदिवासी-मूलवासी और कृषक समाज का सबसे महत्वपूर्ण पर्व है। अगहन संक्रांति से पूस संक्रांति तक यह पर्व मनाया जाता है। पूस माह में होने के कारण इसे पूस परब एवं कहीं-कहीं मकर संक्रांति तक चलने के कारण मकर परब भी कहते हैं । टुसू को प्रगति तथा ओजस्विता का पर्व माना गया है। यही वह समय है जब प्रकृति के साथ-साथ समस्त जीव-जगत में नयी ऊर्जा का संचार होता है। वैसे तो झारखंड के सभी पर्व-त्योहार प्रकृति से जुड़े हुए हैं, लेकिन सामाजिक एवं सांस्कृतिक ष्टि से टुसू पर्व का अलग महत्व है। टुसू केवल पर्व ही नहीं बल्कि झारखंड के गौरवशाली सांस्कृतिक धरोहर का नाम है। टुसू के साथ कई सामाजिक परम्पराएं जुड़ी हैं। कृषक खेत-खलिहान का कार्य समाप्त करने के बाद इस पर्व को मनाते हैं। यह पर्व पूरे एक महीने तक सिल्ली, अनगड़ा, मुरी, बुंडू, तमाड़ सहित पूरे पंचरगना क्षेत्र, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसांवा के अलावा पश्चिम बंगाल के पुरुलिया, मिदनापुर व बांकुड़ा जिलों और ओड़िशा के क्योंझर, मयूरभंज, बारीपदा जिलों में मनाया जाता है।

**नारी सम्मान का पर्व :** टुसू नारी सम्मान का पर्व है। यह टुसूमनी नामक युवती के स्वाभिमान साहस व बहादुरी की गाथा से जुड़ा हुआ है। लोककथा के मुताबिक एक गरीब किसान की तीन बेटियां थीं-सरला, भादू और टुसूमनी। इनमें टुसूमनी बहुत ही रूपवती और गुणवती थी। उस समय भारत में मुगलों का शासन था। मुगल सरदार टुसूमनी की खूबसूरती पर फिदा था और उसको जबरन अपनाना चाहता था। टुसूमनी ने अपनी लाज बचाने के लिए स्वर्णरेखा नदी में कूदकर अपनी जान दे दी थी। उस दिन मकर संक्रांति था। जिस स्थल पर यह घटना हुई, उसे सती घाट के नाम से जाना जाता है। यह सती घाट सोनाहातू में है। जनजातीय समाज इस दिन अपनी उसी बेटी टुसूमनी के बलिदान को याद करता है।

एक अन्य मान्यता के अनुसार कृषक समाज टुसू के रूप में अन्न की देवी की पूजा करता है। इसी समय फसल को पूर्णता प्राप्त होती है। जिस शक्ति के दान से जनजातीय समाज पूर्णता को प्राप्त करते है उसको टुसू शक्ति कहा जाता है। टुसू गीतों में इसकी व्याख्या मिलती है। टुसू की पूजा अगहन संक्रांति के दिन से शुरू होती है। उस दिन किसान अन्न को खेत से खलियान लाते हैं। इसी अन्न को ग्रहण कर पूरा संसार जीवित रहता है। टुसू कृषकों के घरों में संपन्नता का प्रतीक है।



- राजाराम महतो

> टुसू को प्रगति तथा ओजस्विता का पर्व माना गया है। यही वह समय है जब प्रकृति के साथ-साथ समस्त जीव-जगत में नयी ऊर्जा का संचार होता है। वैसे तो झारखंड के सभी पर्व-त्योहार प्रकृति से जुड़े हुए हैं, लेकिन सामाजिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से टुसू पर्व का अलग महत्व है। टुसू केवल पर्व ही नहीं बल्कि झारखंड के गौरवशाली सांस्कृतिक धरोहर का नाम है। टुसू के साथ कई सामाजिक परम्पराएं जुड़ी हैं।

टुसू पर्व की शुरूआत अगहन संक्रांति की रात से होती है। उस रात गाँव की कुंवारी कन्याएं टुसूमनी की प्रतिमा स्थापित करती हैं। इसे टुसू थापना कहा जाता है। महीने भर प्रत्येक शाम टुसू पर फूल चढ़ाकर दीपक से आरती की जाती है। टुसू गीत गाये जाते हैं। इन गीतों का विषय प्रायः रामायण, महाभारत की कथा और देवी-देवताओं की मनौती से प्रारंभ होता है। ये गीत जनजातीय समाज की सादगी और मासूमियत को दशार्ते हैं। इनमें टुसूमनी के स्वाभिमान, बहादुरी का जिक्र होता है। मकर संक्रांति के एक सप्ताह पहले टुसू और चौड़ल सजाने का काम होता है। चौड़ल या तो बाजार से खरीदा जाता है या घर में बनाया जाता है। चौड़ल असल में टुसू की पालकी है। चौड़ल की आकृति ताजियानुमा होती है। मकर संक्रांति के एक दिन पहले पुरुषों के बीच मुर्गा लड़ाई की प्रतियोगिता होती है, जिसे बाउड़ी कहा जाता है। मकर संक्रांति के दिन पर्व का समापन टुसू विसर्जन के साथ होता है। विसर्जन के दिन टुसू को पालकी में बिठाकर भ्रमण कराया जाता है। नदी पर ले जाने के दौरान स्थानीय लोग टुसू के पारंपरिक गीत गाते और नाचते हुए चलते हैं। मकर संक्रांति के दिन टुसू पर्व मनाया जाता है। इस दौरान घरों में विशेष पकवान, पीठा, भूजा, मटन-चावल सहित अन्य पकवान बनते हैं।

**मेला होता है खास :** टुसू पर्व के अवसर पर जगह-जगह मेला लगता है। इन मेलों में झारखंड की लोक संस्कृति, समाज और उनके कार्य-व्यापार को देखा जा सकता है। पूरे महीने भर गांवों-कस्बों में लगने वाले मेलों में ग्रामीण अपने परिवार के साथ उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरकते हैं। टुसू गीतों से आसपास का क्षेत्र गुंजायमान हो जाता है। मेले में कतार की कतार दुकानें, खेल-तमाशे, नौटंकी, झूले, मुर्गा लड़ाई सब कुछ होता है। विभिन्न गांवों से आकर्षक टुसू लाये जाते हैं। चौड़ल की प्रतियोगिताएँ होती हैं। पहले मेला के रूप में सतीघाट मेला को जाना जाता था, अब झारखंड में टुसू पर्व पर सैकड़ों मेले लगते हैं।स्वर्णरेखा, कांची और राढ़ू नदी के तट पर ये मेले लगते हैं। कुछ मेले डैम और झरनों के समीप लगते हैं। सती घाट मेला झारखंड का सबसे बड़ा और पुराना टुसू मेला है। टुसूमनी की स्मृति में सोनाहातू के स्वर्णरेखा नदी के सती घाट पर पहली बार 1740 में मेला लगा था। रांगामाटी-सिल्ली मार्ग पर स्थित बरेंदा गांव में इसी स्थान पर टुसू मनी ने बलिदान दिया था। घाट के निकट मां गंगा का मंदिर है। सोनाहातू का श्रीराम टुसू मेला भी प्रसिद्ध है।

सिल्ली के कोंचो गांव के स्वर्णरेखा नदी तट पर ऐतिहासिक हरिहर मेला का लगता है। झारखंड और पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों से लोग इस मेले में आते हैं। श्रद्धालु स्वर्णरेखा नदी में स्नान कर मेला परिसर स्थित मंदिरों में देवी, देवताओं की पूजा-अर्चना करते हैं। सिल्ली के नीलगिरि में भी टुसू मेला लगता है। मेला स्थलों पर विभिन्न प्रकार की दुकानें सजती हैं। टुसू प्रदर्शनी, मुर्गा लड़ाई सहित कई तरह के प्रतियोगिताओं का भी आयोजन होता है।

अनगड़ा प्रखंड के हुंडरू फॉल में 15 जनवरी को टुसू मेला लगता है। अनगड़ा के ही जोन्हा फॉल में 15 जनवरी व 15 फरवरी दो दिन टुसू मेला लगाया जाता है। कांची नदी के तट पर रंगरोड़ी धाम अवस्थित है। यहाँ हर साल टुसू मेला लगता है। झारखंड और पश्चिम बंगाल की सीमा पर मुरहलसूदी पंचायत में है सेंवाती घाटी। प्रत्येक साल 15 जनवरी को यहां टुसू मेला लगता है। सीमा पर होने के कारण दोनों राज्यों से महिला-पुरुषों की काफी भीड़ उमड़ती है।

(लेखक सामाजिक संगठन से जुड़ें हैं।)

## खास बात

### मोदी के सामने कोई नहीं-ओवैसी

**ऑल** इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लमीन (एआईएमआईएम) के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी का कहना है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में अगर विपक्ष पीएम मोदी के खिलाफ किसी एक चेहरे को खड़ा करता है तो इससे बीजेपी को फायदा मिल सकता है। एएनआई से बातचीत के दौरान एआईएमआईएम चीफ ने कहा कि विपक्ष को बीजेपी को हराने के लिए हर लोकसभा पर एकजुट होकर ताकत लगानी होगी।

असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि विपक्ष को सभी 540 लोकसभा सीटों पर बीजेपी को तगड़ी टक्कर देनी होगी, अगर विपक्ष का कोई एक चेहरा बीजेपी से लड़ेगा तो इससे बीजेपी को फायदा मिलना निश्चित है। ओवैसी ने कहा कि अगर मोदी बनाम अरविंद केजरीवाल या राहुल गांधी होगा तो इससे प्रधानमंत्री को फायदा होगा।

बता दें कि 2024 लोकसभा चुनाव में करीब डेढ़ साल का वक्त बाकी है लेकिन राजनीतिक पार्टियों ने अभी से ही चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। विपक्ष की तरफ से कई नेता पीएम मोदी को टक्कर देने के लिए ताल ठोक रहे हैं। हाल ही में आम आदमी पार्टी ने दावा किया था कि 2024 का लोकसभा चुनाव पीएम मोदी बनाम अरविंद केजरीवाल होगा। आप का दावा था कि आम आदमी पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता से बीजेपी घबराई हुई है। अरविंद केजरीवाल के अलावा तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव भी आगामी लोकसभा चुनाव के लिए खासी सक्रियता दिखा रहे हैं। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अपनी पार्टी तेलंगाना राष्ट्र समिति का नाम बदलकर भारत राष्ट्र समिति कर दिया है।

एआईएमआईएम चीफ ने कहा कि 'ममता बनर्जी ने हाल ही में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ बैठक की है, ऐसे में वह पीएम मोदी के खिलाफ विपक्ष का चेहरा होंगी, इसे लेकर कुछ नहीं कहा जा सकता'। ओवैसी ने ये भी कहा कि 'ममता बनर्जी ने संसद में बीजेपी के खिलाफ प्रस्ताव पास कराया था लेकिन बाद में वह पीएम मोदी की तारीफ करने लगीं थी'।

# कर्म फल और जीवन

## विचार-प्रवाह

**स्वामी विवेकानंद**

**मगर,** 21वीं सदी के कौरवों की आंखों पर लालच और अहंकार की पट्टी है, न संम्भव है कि हमारा यह वायुमण्डल अच्छी और बुरी दोनों प्रकार की विचार तरंगों से व्याप्त है। प्रत्येक मस्तिष्क से निकला हुआ प्रत्येक विचार मानो इसी प्रकार भ्रमण करता रहता है, जब तक कि उसे एक योग्य आधार प्राप्त नहीं हो जाता। और जो मन इस प्रकार के विचार ग्रहण करने के लिए अपने को उत्सुक्त किये हुए है, वह तुरन्त ही उन्हें अपना लेगा। अतएव जब कोई मनुष्य कोई दुष्कर्म करता है, तो वह अपने मन को किसी एक विशिष्ट सुर में ले आता है; और उसी सुर की जितनी भी तरंगें पहले से ही आकाश में अवस्थित हैं, वे सब उसके मन में घुस जाने की चेष्टा करती हैं। यही कारण है कि एक दुष्कर्मी साधारणतः अधिकाधिक दुष्कर्म करता जाता है। उसके कर्म क्रमशः प्रबलतर होते जाते हैं। यही बात सत्कर्म करनेवाले के लिए भी घटती है; वह अपने को वातावरण की समस्त शुभ तरंगों को ग्रहण करने के लिए मानो खोल देता है और इस प्रकार उसके सत्कर्म अधिकाधिक शक्तिसम्पन्न होते जाते हैं। अतएव हम देखते हैं कि दुष्कर्म करने में हमें दो प्रकार का भय है। पहला तो यह कि हम अपने को चारों ओर की अशुभ तरंगों के लिए खोल देते हैं; और दूसरा यह कि हम स्वयं ऐसी अशुभ तरंग का निर्माण कर देते हैं; जिसका प्रभाव दूसरों पर पड़ता है। दुष्कर्म द्वारा हम केवल अपना ही नहीं वरन् दूसरों का भी अहित करते हैं, और सत्कर्म द्वारा हम अपना तथा दूसरों का भी भला करते हैं। मनुष्य की अन्य आभ्यन्तरिक शक्तियों के समान ये शुभ और अशुभ शक्तियाँ भी बाहर से बल संचित करती हैं।

**वेदान्त-दर्शन** आर्ष-परंपरा के सबल सम्पोषक महान दार्शनिक पश्चिमात्य जगत में सनातन हिन्दू वैदिक संस्कृति के प्रसारक व युगानुकुल व्याख्याकार मनीषी #स्वामीविवेकानंद जी की जयन्ती पर हार्दिक शुभकामनाएँ !

-स्वामी अवधेशानंद गिरी

## आपके ट्वीट

**चीन** से मुकाबला प्रधानमंत्री के अरबपति मित्र नहीं, भारत के छोटे उद्योग कर सकते हैं, देश के करोड़ों युवाओं को रोजगार दे कर। मगर, 21वीं सदी के कौरवों की आंखों पर लालच और अहंकार की पट्टी है, न प्रगति की सोच है, न दृष्टिकोण।

– राहुल गांधी, सांसद





**सरायकेला-**खरसावां में सड़क हादसे में 7 लोगों की मृत्यु की खबर पीड़ादायक है। प्रशासन की देखरेख में हादसे में घायल हुए अन्य लोगों का इलाज कराया जा रहा है। परमात्मा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें।

– हेमंत सोरेन, सीएम

# सब सागर बार-बार गंगा सागर एक बार

**सुधांशु कुमार**

**सनातन** परंपरा में गंगा सागर की तीर्थ यात्रा का बहुत महत्व है। मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन गंगासागर में जो स्नान और दान का महत्व है, वह श्रद्धालु को कहीं दूसरी जगह नहीं मिलता है।

गंगा सागर की तीर्थ यात्रा के बारे में कहा जाता है कि 'सारे तीरथ बार-बार गंगा सागर एक बार.' इस कहावत के पीछे मान्यता यह है कि जो पुण्यफल की प्राप्ति किसी श्रद्धालु को सभी तीर्थों की यात्रा और वहां पर जप-तप आदि करने पर मिलता है, वह उसे गंगा सागर की तीर्थयात्रा में एक बार में ही प्राप्त हो जाता है। गंगा सागर की तीर्थ यात्रा के बारे में कहा जाता है कि 'सारे तीरथ बार-बार गंगा सागर एक बार।' इस कहावत के पीछे मान्यता यह है कि जो पुण्यफल की प्राप्ति किसी श्रद्धालु को सभी तीर्थों की यात्रा और वहां पर जप-तप आदि करने पर मिलता है, वह उसे गंगा सागर की तीर्थयात्रा में एक बार में ही प्राप्त हो जाता है। गंगासागर मेला पश्चिम बंगाल में कोलकाता के निकट हुगली नदी के तट पर ठीक उसी स्थान पर किया जाता है, जहां पर गंगा नदी बंगाल की खाड़ी में जाकर मिलती है। गंगासागर मेला पश्चिम बंगाल में कोलकाता के निकट हुगली नदी के तट पर ठीक उसी स्थान पर किया जाता है, जहां पर गंगा नदी बंगाल की खाड़ी में जाकर मिलती है। सरल शब्दों में कहें तो जहां पर गंगा और सागर का मिलन होता है, उसे गंगासागर कहते हैं। मकर संक्रांति के दिन यहां पर स्नान और दान का विशेष महत्व है। मान्यता है कि

## संक्राति

मकर संक्रांति के दिन इस पावन स्थान पर स्नान करने पर 100 अश्वमेध यज्ञ करने का पुण्य फल प्राप्त होता है।मकर संक्रांति के दिन गंगा सागर में स्नान के पुण्यफल के पीछे एक पौराणिक कथा है, जिसके अनुसार मान्यता यह है कि जिस दिन गंगा शिव की जटा से निकलकर पृथ्वी पर बहते हुए ऋषि कपिल मुनि के आश्रम में पहुंची थी, वह मकर संक्रांति का ही दिन था। मान्यता है कि इसी दिन मां गंगा कपिल मुनि के श्राप के कारण मृत्यु को प्राप्त हुए राजा सगर के 60 हजार पुत्रों को सद्गति प्रदान करके सागर मिल गयी।

गंगा सागर में कपिल मुनि का प्रसिद्ध मंदिर भी है, जिन्हें भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। मान्यता है कि यह कपिल मुनि के प्राचीन आश्रम स्थल पर बना हुआ है। मान्यता है कि कपिल मुनि के समय राजा सगर ने अश्वमेध यज्ञ करके यज्ञ के अश्वों को स्वतंत्र छोड़ दिया।

ये अश्व जिस राज्य से जाते, वहां के राजा या व्यक्ति विशेष को राजा की अधीनता स्वीकार करनी पड़ती है। उस अश्व की रक्षा के लिए राजा सगर ने अपने साठ हजार पुत्रों को भी भेजा था। एक दिन अश्व अचानक से गायब हो गया और बाद में कपिल मुनि के आश्रम में जाकर मिला। जहां पर राजा के पुत्रों ने जाकर कपिल मुनि को अपशब्द कहना शुरू किया। इससे नाराज होकर कपिल मुनि ने अपने नेत्रों के तेज से उन सभी 60 हजार पुत्रों को भस्म कर दिया।

मान्यता है कि कपिल मुनि के श्राप के कारण उन्हें जब वर्षों तक मुक्ति नहीं मिली तो राजा सगर के पौत्र भगीरथ ने कपिल मुनि के आश्रम में जाकर माफी मांगी और अपने पुरखों की मुक्ति का उपाय पूछा। तब कपिल मुनि ने उन्हें गंगा जल से मुक्ति पाने का उपाय बताया। जिसके बाद राजा भगीरथ ने कठिन तप करके गंगा को पृथ्वी पर लेकर आए।

गंगा सागर में स्नान करने के बाद श्रद्धालु भगवान सूर्य को अर्ध्य देते हैं। इस दिन गंगा और सागर के संगम में भक्तगण समुद्र देवता को नारियल और यज्ञोपवीत भेंट करते हैं। मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन यहां पर स्नान करने पर सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और श्रद्धालु को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### मातृशक्ति का महत्व

**मातृशक्ति** का जीवन घर- गृहस्थी की जिम्मेदारियों के अतिरिक्त कड़वे-मीठे सामाजिक अनुभवों से दो-दो हाथ होने वाला रहा है। नारी अस्मिता को बचाना कठिन दौर में परीक्षा की घड़ी है। कठिनाइयों से विनम्रता का संदेश मानवता को हर नया साल होने का अहसास कराता है। हमें उनके संकल्पों और उनकी आवश्यकताओं पर पूरा भरोसा होना चाहिए।

–अनिल कौशिक, रांची

### सर्वमान्य निर्णय हो

**जोशी** मठ में आशियाना और रोजगार के विकल्प बता कर हटने को राजी किया जाना चाहिए। शासन अभी तक महज नोटिस देकर इतिश्री करता रहा, जबकि स्थिति अब खतरनाक हो चुकी है। जिसे चुनौती मानते हुए निपटना जरूरी है। शासन, प्रशासन और जनता को मिलकर कोई कार्ययोजना बनाकर मूर्तरूप देने हेतु सर्वमान्य निर्णय भी लेना होगा।

– बीएल शर्मा, हजारीबाग

# जब भीष्म ने संक्राति तक मृत्यु को रोका

**एनके मुरलीधर**

**मकर** संक्रांति का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। हालांकि काफी लोग इसके पौराणिक महत्व को नहीं जानते होंगे। मकर संक्रांति का महाभारत से गहरा संबंध हैं। मकर संक्रांति को सूर्य देव उत्तरायण होते हैं। इस दिन स्नान-दान और सूर्य देव की पूजा की जाती है। आखिर मकर संक्रांति का महाभारत काल और भीष्म पितामह से क्या संबंध है।

**मकर संक्रांति और महाभारत काल से जुड़ी पौराणिक कथा**

महाभारत का युद्धा पूरे 18 दिनों तक चला था। इस युद्ध में भीष्म पितामह ने 10 दिन तक कौरवों की ओर से युद्ध लड़ा। रणभूमि में भीष्म पितामह के युद्ध कौशल से पांडव व्याकुल थे। पांडवों ने शिखंडी की मदद से भीष्म को धनुष छोड़ने पर मजबूर किया और फिर अर्जुन ने एक के बाद एक कई बाण मारकर पितामह को धरती पर गिरा दिया। अर्जुन के बाणों से बुरी तरह घायल होने के बाद भी भीष्म पितामह की मौत नहीं हुई क्योंकि उन्हें इच्छा मृत्यु का वरदान मिला था। भीष्म पितामह ने अपने प्राण त्यागने के लिए सूर्य के उत्तारायण होने का इंतजार किया, क्योंकि इस दिन प्राण त्यागने वालों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। मकर संक्रांति के दिन सूर्य उत्तरायण होते हैं। भीष्म पितामाह 58 दिनों तक बाणों की शैय्या पर रहे। उन्होंने मकर संक्रांति का इंतजार किया और उसके बाद ही प्राण त्याग दिया। इतिहास में संक्राति तक मौत यानी यमराज को भी

## संक्राति

रोकने की घटनाएक मात्र घटना है जिससे यह संकेत मिलता है कि सूर्य के धूर्णन गति को लेकर भारतीय सबसे पहले ज्ञान रखते थे।

**गंगाजल लेकर ली थी शपथ**

इसके साथ ही भीष्म पितामह ने प्रण लिया था कि जब तक हस्तिनापुर सभी की ओर से सुरक्षित नहीं हो जाता है वे प्राण नहीं त्यागेंगे। सत्यनिष्ठा और पिता के प्रति अटूट प्रेम के कारण भीष्ण पितामह ये वरदान मिला था कि वे अपनी मृत्यु का समय खुद निश्चित कर सकते थे। भीष्म पितामह का नाम देवव्रत था। उन्होंने गंगाजल हाथ में लेकर शपथ ली थी कि आजीवन अविवाहित रहूंगा और इसी प्रतिज्ञा के कारण उनका नाम भीष्म पड़ा और उन्होंने जीवनभर ब्रह्मचर्य का पालन किया। जीवन के साथ मृत्यु तक उन्होंने जिस प्रकार प्रतिज्ञा का पालन किया उस कारण उनकी उपाधि भीष्म की रही। उन्हें वरदान प्राप्त था कि वे मृत्यु का इच्छा वरण करेंगे। यही कारण है कि जब महाभारत के युद्ध में युद्ध न करने की स्थिति में होकर मैदान छोड़ दिये तब उन्होंने यमराज को आदेश दिया कि सूर्य उतरायन होने पर ही वे पधारें।

गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के संचालक ज्योतिषाचार्य डा. रामराज कौशिक ने बताया कि महाभारत के अंतिम अध्याय का यह प्रसंग भारतीय सनातनी परंपरा प्राचीन उन्नत पद्धति की ओर इशारा करता है। मकर संक्रांति का पर्व शुभता का प्रतीक है। इसके साथ ही यह नवचेतना का पर्व है। भीष्म पितामह इसी शुभ काल में प्राण त्यागना चाहते थे, इसीलिए बाणों से बिंधे होने का बाद भी इस तिथि की प्रतीक्षा की थी। इस दिन से ही सूर्य उत्तरायण होते हैं। इसलिए इस पर्व को उत्तरायणी भी कहा जाता है।

यह ऋतु परिवर्तन का भी सूचक है। खिचड़ी का सेवन करना और दान करना श्रेयस्कर माना जाता है और इसीलिए उत्तर-मध्य भारत में यह पर्व खिचड़ी कहलाता है।पूरे देश में यह पर्व हिंदूओं के नर्व वर्ष के रुप में भी मनाया जाता है। पंजाब में यह त्योहार लोहड़ी के रुप में मनाया जाता है। संक्राति के बाद से ही शुभ कार्यो की शुरुआत की जाती है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

### सदर विधायक के वार्षिक मिलन समारोह में उमड़ा जनसैलाब, ई-रिपोर्ट कार्ड-2022 का हुआ विमोचन

# मानवता और जरूरतमंदों को रहूंगा समर्पित : मनीष जायसवाल

## बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए बाबूलाल मरांडी, कहा- विश्राम नहीं, परिश्रम करें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा शुक्रवार को शहर के द पैराडाइज रिसोर्ट परिसर में कार्यकर्ता वार्षिक मिलन-सह- ई रिपोर्ट कार्ड-2022 विमोचन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा विधायक दल के नेता सह झारखण्ड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और विशिष्ट अतिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, नगर निगम अध्यक्ष रोशनी तिर्की, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव, प्रो.के.पी.शर्मा, कटकमदाग जिप सदस्य जीतन राम, कटकमसांडी जिप सदस्य मंजू नंदिनी सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए । बाबूलाल मरांडी ने डिजिटली कंप्यूटर से क्लिक कर विधायक मनीष जायसवाल के साल- 2022 के सेवा कार्यों का लेखा जोखा प्रस्तुत करती सेवा पुस्तिका 2022 के ई- रिपोर्ट कार्ड का विमोचन विशाल एलईडी स्क्रीन के माध्यम से किया। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि के लिए रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करना जनहित में अत्यंत आवश्यक है। ताकि जनता ने जिस आशा और विश्वास के साथ उन्हें यह दायित्व प्रदान किया है उसके निर्वहन में हुए जनता की अदालत में कितना सक्षम होते हैं इसका आकलन हो सके। उन्होंने कहा की साल 2016 से प्रत्येक वर्ष मैं अपनी रिपोर्ट कार्ड जनता के समक्ष प्रस्तुत करता रहा हूं। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए साल 2022 के संघर्षों और सेवा की गाथा से परिपूर्ण अपनी रिपोर्ट कार्ड आपके समक्ष प्रस्तुत करता हूं। समारोह को



सभा में उपस्थित बाबूलाल मरांडी व अन्य।

संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने विधायक मनीष जायसवाल के निरंतर सफलतम 8 वर्ष बतौर विधायक पूरे करने के लिए बधाई दिया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वास्तव में उन्होंने प्रत्येक वर्ष नियमित रूप से रिपोर्ट कार्ड जनता के समक्ष प्रस्तुत कर मिसाल कायम किया है। इनकी रिपोर्ट कार्ड हरेक वर्ष हम तक भी पहुंची है और आज रिपोर्ट कार्ड विमोचन के अवसर पर उपस्थित होकर मुझे गर्व हो रहा है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मेरी राजनीतिक समय अत्यधिक संथाल परगना में बीती है बावजूद इसके जब से हजारीबाग को देखता हूं तरस आती है। हजारीबाग बेहद सुंदर शहर है और इसमें बोकारो और टाटा को भी मात देने की असीम क्षमता है। बस जरूरत है तो एक बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर वातावरण बनाने की। बरही विधायक मनोज यादव ने सदर विधायक मनीष जायसवाल को जननेता बताते हुए कहा कि जनता से गहरा लगाव और क्षेत्र के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता देखते ही बनती है। प्रो. के.पी.शर्मा ने भी विधायक मनीष जायसवाल को भविष्य में ओर बेहतर करने को प्रेरित किया एवं कई अहम सुझाव भी दिए। स्वागत भाषण देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने विधायक मनीष जायसवाल को विकास पुरुष कहते हुए मानव सेवा का मिसाल बताया। मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष अजीत चंद्रवंशी, एससी मोर्चा अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, किसान मोर्चा अध्यक्ष नवीन रंजन दुबे, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेणुका कुमारी, भाजयुमो अध्यक्ष विकास सिन्हा, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष तनवीर अहमद, एसटी मोर्चा अध्यक्ष महेश तिग्गा, भाजपा नेता सुदेश चंद्रवंशी, मुखिया संघ के अध्यक्ष दिनेश कुमार कुशवाहा, अनिल मिश्रा, हरीश श्रीवास्तव, विजुल देवी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

# 89 लाख की लागत से गोबरदरहा में बना पीसीसी पथ

## नगर परिषद अध्यक्ष ने फीता काटकर किया उद्घाटन



मौके पर उपस्थित लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के हुहुवा में 89 लाख की लागत से बने एनएच 33 फोरलेन से गोबरदरहा निंगार खेत तक पीसीसी पथ का उदघाटन शुक्रवार को संयुक्त रूप से नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, वार्ड पार्षद रोशन कुमार,देवधारी महतो द्वारा फीता काटकर किया गया। मौके पर मनोज कुमार महतो ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र में सड़कों की श्रृंखला बन रही है और वे क्षेत्र के सभी गांव को जिला मुख्यालय के मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए कृतसंकल्पित हैं। उन्होंने आने वाले कुछ समय में नगर परिषद क्षेत्र में एक भी कच्ची सड़क नहीं बचेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि लोगों के लिए केंद्र व राज्य सरकार कई महत्वपूर्ण योजनायें चला रही है। जिसका लाभ सभी को मिल रहा है। चिकित्सा, सड़क,पुल-पुलिया, भवन, बिजली, पेयजल आदि के क्षेत्रों में काफी विकास हुआ है और यह प्रक्रिया जारी रहेगा। मौके पर कैलाश महतो, काशीनाथ मुंडा, पुरुषोत्तम कुमार, संजय शर्मा,उमेश महतो, श्याम कुमार, रोहित कुमार, हेमलाल महतो आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

# सांसद की पहल लायी रंग, पटेल नगर से सुंदर नगर लोहा पुल तक बनेगी सड़क : सतीश

## डीएमएफटी फंड से 76 लाख की लागत से जल्द सड़क निर्माण कार्य का होगा शुभारंभ, हर्ष

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा ने प्रेस बयान जारी कर बताया है कि भुरकुंडा पटेलनगर बैंक मोड़ से सुंदरनगर लोहा पुल तक रोड निर्माण का कार्य जल्द शुरू हो जायेगा।

उन्होंने इस कार्य के लिए हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के प्रति आभार जताते हुए बताया कि निर्माण कार्य को ले इसका टेंडर हो चुका है। भुरकुंडा कोयलांचल



भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा।

वासियों के लिए यह रोड लाइफलाइन है।

इस रोड से बैंक, स्कूल, कॉलेज के लिए विद्यार्थियों सहित सैंकड़ों आमजनों का प्रतिदिन आना-जाना होता है।

श्री मिश्रा ने कहा कि घनी आबादी के बीच में यह रोड है जिससे लोगों का आवाजाही होता है। कोयलांचल वासियों के लिए खास करके पटेलनगर के लोगों के लिए जिनका प्रतिदिन इस रोड से आना जाना होता है उनसबों के लिए सांसद जयंत सिन्हा द्वारा नव वर्ष पर दिया जा रहा तोहफा काफी सराहनीय है। उन्होंने सांसद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जयंत सिन्हा के प्रयास से डीएमएफटी फंड के तहत 76 लाख रूपये की लागत से सड़क निर्माण का कार्य जल्द शुरू हो जायेगा। इससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में काफी सहुलियत होगी।

# अमर शहीद जगदेव विचार मंच का पुनर्गठन



मौके पर उपस्थित लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बड़कागांव।** अमर शहीद जगदेव विचार मंच का पुनर्गठन मुख्य संरक्षक पूर्व विधायक लोकनाथ महतो के नेतृत्व में किया गया। जिसका संचालन पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद ने किया । जिसमें सर्वसम्मति से मुख्य संरक्षक पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, अध्यक्ष उमेश कुमार दांगी, सचिव कृष्णा राम, कोषाध्यक्ष रितेश ठाकुर, मीडिया प्रभारी शिव शंकर कुमार, प्रचार प्रसार मंत्री भीखन महतो, कार्यालय मंत्री मुखिया संघ अध्यक्ष मुखिया रंजीत कुमार, संरक्षक मुकुट धारी महतो, डॉक्टर बालेश्वर महतो, टूकेश्वर प्रसाद, प्रोफेसर कीर्ति नाथ महतो, जय नारायण प्रसाद, प्रमुख फुलवा देवी, जिप सदस्य सुनीता देवी,जिप सदस्य गीता देवी, जिप सदस्य आश्मीन निशा, सत्यदेव कुमार,सरोज कुमार,बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत सभी निर्वाचित मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य जो 90% के अंतर्गत आते हैं वह पदेन व विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे पद धारियों व कार्यकारिणी सदस्यों को मिलाकर कुल 101 सदस्यों का कमेटी होगा। धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर ललिता कुमारी ने की।

### पूर्व विधायक निर्मला देवी हाइकोर्ट से बेल मिलने पर निकलीं होटवार जेल से बाहर

# वर्षों बाद पूरा हुआ हमारा परिवार इससे अच्छी खुशी कोई नहीं : अंबा



विधायक अंबा प्रसाद व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बड़कागांव।** शुक्रवार को पूर्व विधायक निर्मला देवी को हाई कोर्ट से बेल मिलने के पश्चात रिहा हुई। पूर्व विधायक को बेल मिलने पर निर्मला देवी के पति पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, पुत्री बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, पुत्र अंकित राज, छोटी पुत्री अनुप्रिया समेत परिजनों ने होटवार जेल पहुंचकर निर्मला देवी का स्वागत व अभिनंदन किया। एनटीपीसी से बड़कागांव वासियों को उचित हक एवं अधिकार दिलाने के लिए हुए आंदोलन में हुई गोलीबारी मामले में पूर्व विधायक निर्मला देवी को रांची एमपी एमएलए की कोर्ट ने सजा सुनाई थी। झारखंड हाईकोर्ट ने उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए विगत दिनों बेल दिया था एवं कोर्ट ने उन्हें निचली अदालत में बेल बांड भरने के बाद रिहा करने का निर्देश दिया था। जेल से निकलने पर पूर्व विधायक निर्मला देवी ने कहा कि माननीय न्यायालय पर पूरा भरोसा और विश्वास था कि मुझे एवं मेरे पूरे परिवार को न्याय अवश्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती बीजेपी सरकार एवं कंपनी के अधिकारियों ने साजिश के तहत मेरे परिवार को फसाने का कार्य किया है। इस मौके पर श्री योगेंद्र साव ने कहा कि बड़कागांव वासी हमारे परिवार हैं और उनके लिए कुछ भी करना पड़े उसके लिए मेरा परिवार कभी पीछे नहीं हटा है। मेरी पत्नी निर्मला देवी जैसी एक साधारण महिला को भी कंपनी एवं पूर्ववर्ती सरकार की मिलीभगत से जेल की सजा झेलनी पड़ी।

# भारत जोड़ो यात्रा का होगा आयोजन 20 को



बैठक में शामिल कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** प्रखंड भवन के विधायक कक्ष में प्रखण्ड कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष एवं पंचायत प्रभारियों की एक बैठक प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी की अध्यक्षता में सम्पन्न किया गया।जिसमे 20 जनवरी को सभी पंचायत प्रभारियों की मौजूदगी में कांग्रेस कार्यकताओं के साथ उपस्थित होकर भारत जोड़ो यात्रा को अधिक से अधिक संख्या में आकर सफल बनाने की बात किया गया।बैठक में प्रखण्ड अंतर्गत सभी पंचायतों में भारत जोड़ो यात्रा की तैयारी को लेकर पंचायत अध्यक्षों के द्वारा बैठक करना है।साथ ही पंचायत अध्यक्ष पंचायत कमेटी का विस्तार को लेकर रणनीति सुनिश्चित किया गया। इसके अलावा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि सभी पंचायत अध्यक्ष अपने-अपने पंचायत कमेटी के सदस्यों के साथ एक बैनर बनाना सुनिश्चित करेंगे। प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने निर्देशित किया कि 16 जनवरी को गोरियाकरमा, खोड़ाहार, बरही पश्चिमी, बेन्दगी, कोनरा, धनवार, बरसोत, मलकोको, डपोक, कोल्हुआकला और 17 जनवरी को केदारूत, करसो, रसोईया धमना, बरही पूर्वी, पंचमाधव, दुलमहा, रानीचुंवा, करियातपुर, विजैया, भंडारों में बैठक करना सुनिश्चित करेंगे।

### सीसीटीवी से लैस अलपिटो पंचायत का पहला प्राइवेट विद्यालय

# बेनी प्रसाद उच्च विद्यालय का मनी 24वीं वर्षगांठ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के अलपिटो पंचायत के बंबईया मोड़ एनएच हंड्रेड पर स्थित पंचायत का पहला प्राइवेट विद्यालय 'वेणी प्रसाद हाईस्कूल' का 24 वां स्थापना दिवस मनाया गया` स्थापना दिवस के मौके पर विद्यालय द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय प्रबंधक छोटन शर्मा व शिक्षक शिक्षिकाओं के संयुक्त रूप से केक काट कर स्थापना दिवस कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी गई, जिसमें नाटक नृत्य, रंगोली,क्विज,गायन, स्पीच प्रस्तुत किया गया। वहीं बारी बारी से विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकावों द्वारा 'विद्या ददाति विनयम' विषय पर शिक्षा के क्षेत्र में बेनी प्रसाद उच्च विद्यालय के योगदान व बच्चों के भविष्य निर्माण पर प्रकाश



बेनी प्रसाद उच्च विद्यालय के छात्र।

डाला। वही अपने अभिभाषण व संबोधन में संचालक छोटन शर्मा ने बताया कि पिछले 24 साल पूर्व 2000 ईस्वी में हम 3 शिक्षकों द्वारा मात्र तीन कमरे के विद्यालय में पंचायत स्तर के बच्चों के लिए काफी संघर्षपूर्ण परिस्थिति में विद्यालय संचालन की शुरूआत किया था।

उस वक्त आसपास एक सरकारी विद्यालय हुवा करता था ज्यादातर बच्चें दूर जाकर पढ़ाई करते थे स्थानीय बच्चियों को इसमें ज्यादा परेशानीयों का सामना करना पड़ता था जिसको देख कर विद्यालय की स्थपना की, ताकी पढ़ाई कर रहें लड़कियों को नजदीक में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिले बेनी प्रसाद उच्च विद्यालय अभि 16 कमरों व 18 शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ संचालित है` वहीं बच्चों के सुरक्षा के दृष्टिकोण से पूरा विद्यालय को सीसीटीवी कैमरे से लैस किया गया है। वहीं विद्यार्थियों के लिए विद्यालय में हर वो माकूल सुविधा उपलब्ध है जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आवश्यक होता है।

# 17 जनवरी को दही-चूड़ा कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** मकर संक्रांति के अवसर पर बरही हाउस उज्जैना में तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरूण साहू की अध्यक्षता में दही-चूडा. सह मिलन समारोह का कार्यक्रम आयोजित हुई है। उक्त जानकारी अरुण साहू के मीडिया प्रभारी बबलू साव ने देते हुए कहा कि कार्यक्रम में बरही विधानसभा के सभी कार्यकर्ता अपने परिजनों एवं सहयोगियों के साथ आए एवं कार्यक्रम को सफल बनाएं।कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ता एक साथ तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरूण साहू के साथ मिलकर दही-चूडा. व तिलकुट का आनंद लेंगे और संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करेंगे।

# टॉल प्लाजा पर नि:शुल्क नेत्र जांच का किया आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चौपारण।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं लोक नायक जयप्रकाश आँख अस्पताल के सयुंक्त तत्वाधान में रसोइयाधमना टॉल प्लाजा पर निःशुल्क नेत्र जाँच का आयोजन किया गया। इस नेत्र जांच शिविर का उद्घाटन धीरज भारती,



नि:शुल्क नेत्र जांच का किया गया आयोजन।

परियोजना निदेशक, एनएचएआई के द्वारा किया गया। भारती ने कहा कि आंखों की उचित देखभाल से बहुत हद तक सड़क पर होनेवाली दुर्घटना को रोका जा सकता है। इसलिये सभी वाहन चालक खासकर व्यवसायिक वाहन चालक अपनी आँखों का जाँच करवाएँ। इस जांच शिविर में लोक नायक जयप्रकाश आँख अस्पताल से प्रबंधक संतोष कुमार पूरी, विकांत सिंह, अभिनव कुमार, राजू रजक, संजय राज एवं पैरामेडिकल स्टूडेंट्स का योगदान सराहनीय रहा। इस एक दिवसीय नेत्र जाँच शिविर में धीरज भारती, परियोजना निदेशक एवं राजीव दुबे, मिश्रा जी, पांडेय जी, दुबे जी, महेश जी, और सभी स्टाफ साइड इंजीनियर कलीम, अकाउंटेंट अमन कुमार एवं भारतीय राष्ट्री राजमार्ग प्राधिकरण के सभी कर्मचारी तथा सिक्स लेन निर्माण में लगी राजकेशरी कंस्ट्रक्शन कंपनी के कर्मचारी उपस्थित थे।

# केंद्र सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर आंदोलन में जाना होगा : मिथलेश सिंह

## सीटू की हुई बैठक, मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन का निर्णय, दिल्ली की रैली में रामगढ़ जिले से सैंकड़ो कार्यकर्ता होंगे शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीटू रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक शुक्रवार को भुरकुंडा स्थित एनसीओइए कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता बासुदेव साव ने की। बैठक में सीटू झारखंड राज्य के अध्यक्ष मिथलेश सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थें। मौके पर मिथलेश सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा ट्रेड यूनियन के अधिकारो पर हमला किया जा रहा है। 44 श्रम कानूनो को 4 लेबर कोड में बदल दिया गया है। किसानों को केंद्र सरकार द्वारा एमएसपी नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के गलत नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर आंदोलन में जाना होगा। साथ ही केंद्र सरकार के राष्ट्र विरोधी, जन विरोधी, कॉरपोरेट परस्त विभाजनकारी नीतियों व आम आवाम के अधिकारों के लिए 5 अप्रैल को दिल्ली में चार केंद्रीय ट्रेड यूनियन के आहवान पर मजदूर-



बैठक में उपस्थित सीटू के लोग।

किसान संघर्ष रैली का आहवान हुआ है। इसमें रामगढ़ जिला से भी सैंकड़ो लोग भाग लेंगे। श्री सिंह ने कहा कि 11वां वेतन समझौता मजदूरों के एकता के बल पर ही मिला है। निर्णय हुआ कि रामगढ़ जिला में संगठन का विस्तार किया जायेगा। मौके पर अर्जुन सिंह, संजय शर्मा, संजय वर्मा, उदय मालाकार, सुशील कुमार, बसंत कुमार, प्रमोद कुमार ठाकुर, बलभद्र दास, संजीवन सिंह, रामकिशुन महतो आदि मौजूद थें।

# खैरा पंचायत मुखिया ने निजी खर्च से किया कंबल वितरण



कंबल वितरण करतीं मुखिया।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टाटीझरिया।** प्रखंड के खैरा पंचायत के नावाडहर, नरायणपुर ,बेडमक्का समेत अन्य गांव में ठंड से बचाव को लेकर वृद्ध बुजुर्ग गरीब असहाय बेसहारा परिवार के बीच पंचायत की मुखिया कुमारी माधुरी द्वारा अपने निजी खर्च से लगभग 120 कंबल का वितरण किया गया। कंबल वितरण के दौरान उन्होंने लोगों से ठंड से बचने की आग्रह किया।

## स्पीड न्यूज

### महत्वपूर्ण सड़क बनने से क्षेत्र का होगा विकास : आलोक साहू



**लोहरदगा।** कुडू एवं किस्को प्रखंड को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण पथ सलगी से रिजीटांड, रोचो, अंबाटोली, काशी टांड तिसिया किस्को प्रखंड तक पथ का शुक्रवार को कार्य शुभारंभ हुआ। कार्य शुभारंभ से पूर्व गांव के कुचवा पाहन में के द्वारा विधिवत आदिवासी परंपरा के तहत पूजा अर्चना किया गया तथा नारियल फोड़कर कार्य शुभारंभ हुआ। मौके पर उपस्थित जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने कहा कि यह कुडू एवं किस्को को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण पथ है ।विगत एक दशक पूर्व इस पथ में पड़ने वाले पचमबा बांध ध्वस्त हो गया था जिसके कारण एक दशक तक जनता पगडंडी होकर आवागमन करते थे तथा वर्षा के मौसम में आवागमन पूर्ण रूप से ठप हो जाता था । पचमबा बांध में पुल निर्माण का कार्य लघु सिंचाई विभाग के द्वारा लगभग पूरा कर लिया गया है। यह सड़क काफी जर्जर अवस्था में है । सड़क का निर्माण हो जाने से जनता को आवागमन में काफी सुविधा भी होगी। मौके पर कुडू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संजीव मुखर्जी ,सलगी पंचायत समिति सदस्य बाबूलाल उराव, ललकु बैठा ,संवेदक राजेंद्र शर्मा, लव कुमार, चेतन साहू, कर्मदयाल उरांव,सुरेश उरांव सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### कांग्रेस अध्यक्ष ने बांटा कंबल



**भंडरा ।** शीतलहर और सर्द हवाओं से कड़कती ठंड की वजह से मदरसे मे पढ़ने वाले बच्चो की समस्या को देखते हुए कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत व महासचिव सलाउदिन अंसारी ने शुक्रवार को भंडरा मदरसे मे पढ़ रहे गरीब व असहाय 75 बच्चों के बीच कम्बल का वितरण किया । ठंड से कंपकंपा रहे गरीब बच्चो को जब कंबल मिला तो ये लोग कंबल पाकर खुश हो गये और इन बच्चो ने कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष व महासचिव को धन्यवाद करते हुए भावुक हो गए। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत ने कहा कि भीषण ठंड को देखते हुए कंबल वितरण निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा की हमारा उद्देश्य समाज की अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान पैदा करना है। इसमें हम सभी सफल हो रहे हैं। प्रखंड महासचिव सलाउदिन अंसारी ने कहा की गरीब बच्चो की सेवा करना दुआ से कम की बात नहीं है। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा करना जिनके पास कुछ नहीं है वैसे लोगों को कांग्रेस पार्टी हमेशा साथ है ।इस मौके पर मदरसे के नाजिम अब्बू साले,मुफ़्ती जाकिर हुसैन,कारी नवशाद, मुमताज खान,आबिद अंसारी,एनुल अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### ट्रक पलटा, खलासी घायल

**भंडरा ।** भंडरा लोहरदगा पथ में भंडरा बरवाटोली के पास अनियंत्रित होकर जे एच 011 बी 1137 ट्रक पलट गया। इस दुर्घटना में ट्रक का खलासी बबलू प्रजापति पिता बंधन महतो घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल खलासी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया । घायल खलासी का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडारा में किया गया। इधर घटना के बाद ड्राइवर भाग गया। स्थानीय लोगों के अनुसार ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया ।जिसके कारण आसपास के घरों में रहने वाले लोग भयभीत हो गए। घटना के बाद भंडरा पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर पड़ताल मे जुट गई है ।

### भोलेनाथ मंदिर में मेला आज

**कैरो।** खरता हनहट कोयल तट स्थित मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ प्रांगण में आज होगा भव्य मेला का आयोजन। जिसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मंदिर में सुबह से ही पूजा अर्चना का आयोजन होगा जिसके बाद दिन 11 बजे से सांस्कृतिक आयोजन होगा। आयोजक समिति द्वारा अतिथियों का स्वागत दिन के एक बजे किया जाएगा व दिन भर भंडारे का आयोजन होगा। आयोजक समिति के बजरंगी यादव ने बताया कि मेला में जिला स्तर के अधिकारियों व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित गण्यमान लोगों व भक्तों को निमंत्रित किया गया है।

### जय श्रीराम समिति ने जताया शोक

**लोहरदगा।** कंडरा चौक के समीप कुंडगड़ी जंगल मोड के पास गुरुवार को हुए भीषण दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार 2 लोगों की आकस्मिक मौत को लेकर जय श्री राम समिति ने गहरा दुख व्यक्त किया है।ज्ञात हो कि पूजा से लौट रहे स्कॉर्पियो गाड़ी एवं बाइक की टक्कर में हापामुनी निवासी सुरेश मणि पाठक का एकलौता पुत्र अभिषेक मणि पाठक एवं गम्हरिया निवासी बीरबल महली की मौत एवं 10 लोग घायल हो गए थे। इकलौते पुत्र अभिषेक की मौत से परिवार के ऊपर दुखो का पहाड़ गिरने के बराबर था ,परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा था। परिवार को एक चिंता और सता रही थी अभिषेक मणि पाठक का एकलौती पुत्री 3 महीना जिसके सर से पिता का साया हट गया है उसका ललन पालन कैसे होगा। इस हृदय विदारक घटना पर समिति ने गहरी शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व विधायक मुख्य संरक्षक रमेश उरांव, सुषमा सिंह,राजू गुप्ता,अजय सोनी, अनूप गुप्ता,राम नारायण प्रसाद, पूर्व अध्यक्ष गुंजन वर्मा,कन्हैया करवा,संजय नायक आदि शामिल है।

### जागरूकता शिविर का आयोजन

लोहरदगा। सभी प्रखण्डों में 'दिशा योजना' के तहत गहन जागरुकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में डालसा अध्यक्ष राजेन्द्र बहादुर पाल के निर्देशन में बालिका उच्च विद्यालय, लोहरदगा के प्रांगण में शिक्षक-शिक्षिकाओं, अन्य कर्मियों एवं छात्राओं के बीच विधिक जागरूकता शिविर आयोजित की गई। जिसमें डालसा सचिव राजेश कुमार, पैनल अधिवक्ता सी.पी. पाठक, पीएलभी गौतम लेनिन एवं दीपक कुमार साहू शामिल हुए ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि लोहरदगा जिला भारत देश के उन 112 जिलों में शामिल है जो विकास की दौड़ में पिछड़ गया है । मानव विकास सूचकांक को बढ़ाने के लिए यह आवश्यक है कि हम और आप विभिन्न कानूनों व योजनाओं को न सिर्फ जाने अपितु इसका लाभ लेकर सशक्त समाज का निर्माण करें। छात्राओं को पोक्सो एक्ट, जुवनाइल जस्टिस एक्ट के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में छात्राओं एवं शिक्षिकों द्वारा पूछे गये कई सवालों का जवाब पैनल अधिवक्ता द्वारा दिया गया।

# कब्र से युवती का शव बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

- अवैध संबंध के बाद हुई थी गर्भवती, गर्भपात कराने के दौरान हुई थी मौत, परिजनों ने शव को दफना दिया था
- शव के खराब होने पर चिकित्सकों ने नहीं किया पोस्टमार्टम, रांची भेजा जायेगा
- पुलिस स्वतः मामले का संज्ञान लेते हुए कर रही है कार्रवाई

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के भंडरिया गांव में एक 24 वर्षीय युवती के गर्भपात के बाद इलाज के दौरान मौत हो जाने और बाद में परिजनों के द्वारा शव दफना दिये जाने मामले में शुक्रवार को गुमला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कब्र से युवती का शव खोदकर बाहर निकाला और पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार युवती का गांव के ही एक शादीशुदा युवक से अवैध संबंध था। इसी दौरान युवती गर्भवती हो गई तो इटकिरी घाघरा ले जाकर उसका गर्भपात कराया। उसके बाद जब युवती की स्थिति खराब होने लगी तो परिजनों द्वारा उसे गुमला स्थित एक निजी क्लीनिक में इलाज करवाया। जहां चार दिनों तक ईलाज के बाद स्थिति में सुधार नहीं होने पर उसे सिसई के एक निजी क्लीनिक में एडमिट कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं शव को परिजन अपने गांव ले गए और गांव में ही एक पेड़ के नीचे एक दिन तक शव को रखा। जिसके बाद गांव के ही पास नदी के समीप शव को दफन कर दिया था। घटना पुलिस के संज्ञान में आया तो शुक्रवार को एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, इंस्पेक्टर मनोज कुमार, सहायक थाना प्रभारी मो. मोज्जमील व कार्यपालक दंडाधिकारी खुशबू मिंज के नेतृत्व गांव पहुंचकर कब्र खोदकर युवती का शव निकाला गया। पूरे प्रक्रिया का वीडियो ग्राफी कराया गया। वहीं सदर अस्पताल में तीन चिकित्सक की टीम पोस्टमार्टम हेतु बनाया गया लेकिन शव की खराब स्थिति को देखकर टीम ने अंत्यापरीक्षण से इंकार कर दिया। जिसके बाद शव को अंत्यापरीक्षण हेतु रांची भेजने का निर्णय लिया गया। वहीं इस संबंध में एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस मामले को संज्ञान में लेकर कार्रवाई कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामला साफ होगा। एसडीपीओ ने कहा कि मृतक युवती के परिजनों का कहना है कि पेट दर्द के बाद युवती की मौत हुई थी। जिसके बाद शव को वे गांव में लाकर एक दिन रखे और फिर दूसरे दिन उसे दफना दिया।



दफनाये गये स्थान से शव निकालने पहुंची पुलिस ।

# गुमला में बिजली बिल देख गरीबों के उड़े होश

**सुधारने के लिए उपभोक्ता लगा रहे हैं कार्यालय का चक्कर**

## 35 से 40 हजार रुपये तक मिला बिल

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** गुमला सदर प्रखंड के फसिया पंचायत के बरटोली मुहल्ले के कई घरों में घरेलू बिजली उपभोक्ता खपत की अपेक्षा अधिक बिजली बिल आने से परेशान है। फसिया पंचायत बरटोली के लोग कुली कबाड़ी एवं मोट्टिया करके अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं। बिजली विभाग के द्वारा इन ग्रामीणों को 35000 से लेकर 40000 रुपए तक का बिजली बिल दिया गया है। जिसे देखकर सभी के होश उड़ गये हैं एवं ग्रामीण बिजली विभाग द्वारा भेजे गए बिजली बिल पाकर परेशान है। वहां रहने वाले मजदूर कोरोना काल के समय से ही परेशान है और बहुत मुश्किल परिस्थितियों में जीवन बसर कर रहे हैं। मिशन बदलाव के अशोक तिग्गा ने बताया कि जब गांव वालों को पूर्व मुखिया के द्वारा बिजली कनेक्शन जुड़वाया गया तो पूर्व मुखिया ने कहा था कि नाममात्र का बिजली बिल देना होगा। मीटर रीडिंग करने वाले कभी भी समय मे नहीं आया। वहीं उपभोक्ता बिल सुधरवाने के लिए कार्यालय का चक्कर काट रहें है। लेकिन कुछ फायदा नहीं हुआ। उपभोक्ताओं ने कहा कि बिजली काट दिया गया तो हमारे बच्चों का पढ़ाई कैसे होगा एवं बहुत मुश्किल से हमलोग अपने बच्चों को पढ़ा पा रहे है। मिशन बदलाव के अशोक तिग्गा ने कहा कि बहुत जल्द विभाग को पत्र के माध्यम से उपायुक्त एवं पदाधिकारी को समस्याओं के समाधान के लिए अवगत कराया जायेगा।

## सर्वेश्वरी समूह ने 130 गरीबों को दिया कंबल



**घाघरा।** घाघरा सर्वेश्वरी शाखा समूह में मां महामंत्रायनी योगिनी जी का 30 वां निर्वाण दिवस शुक्रवार को मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज एवं उनकी धर्मपत्नी ने भगवान अवधूत राम के चित्र पर पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में असहाय गरीबों के बीच 130 कंबल, 50 असहाय महिलाओं के बीच साड़ी और 20 लोगों के बीच स्वेटर और शर्ट का वितरण अंचला अधिकारी प्रणव ऋतुराज और समूह के सदस्यो द्वारा किया गया। इसके साथ ही 200 असहाय गरीबों को भोजन भी कराया गया मौके पर उपस्थित अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज ने कहा कि समूह के माध्यम से गरीब असहयोग के बीच कंबल का वितरण और भोजन कराना काबिले तारीफ है मानव सेवा सबसे बड़ी सेवा होती है हम सभी को भी इस सेवा में बढ़-चढ़कर आगे रहने की जरूरत है इस मौके पर उपस्थित लोगों में समूह के बलराम सोनी ,अनंत कुमार पांडे, नंदलाल साहू, सुनील साहू, दिलीप श्रीवास्तव, निक्कू साहू, भीखम प्रजापति, मोतीलाल साहू ,सुनील प्रसाद, हृदय सोनी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स प्रशिक्षण आरंभ

**घाघरा।** हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार से चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल रन्हे में हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन डीएसपी प्रदीप प्रणव द्वारा स्काउट एंड गाइड का ध्वजारोहण कर किया। डीएसपी प्रदीप प्रणव ने कहा कि जो देश के लिए कुछ करना चाहते हैं। जिनके मन में इच्छाशक्ति है यह प्रशिक्षण उनके लिए है। बच्चों को सीखने का अवसर मिलेगा और खुद को सशक्त बना सकते हैं। वहीं मौजूद राज्य प्रशिक्षण आयुक्त नंदलाल साहू ने बताया कि हिंदुस्तान स्कॉट एंड गाइड्स प्रवेशिका 224 देशों में संचालित है। जिसका हेड ऑफिस जर्मनी में अवस्थित है। घाघरा थाना प्रभारी अमित चौधरी ने कहा कि इस प्रशिक्षण से युवाओं में अनुशासन के साथ-साथ देश प्रेम की भावना का ज्ञान प्राप्त किया होगा। ध्वजारोहण से पूर्व स्काउट एंड गाइड स्कार्फ सभी अतिथियों को पहनाया गया।

## ईमानदार व्यक्ति हमेशा आदर और सम्मान प्राप्त करता है : शांति दीदी

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय घाटो बगीचा शाखा के द्वारा स्टार डीपीएस स्कूल गुमला में महिलाएं नए भारत के ध्वजवाहक हैं विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को नैतिक गुणों का महत्त्व समझाया गया। कार्यक्रम की वक्ता राजयोगिनी शांति दीदी ने कहा कि अपने अंदर सच्चाई व सफाई रखने से आत्म उन्नति होती है। ईमानदारी जीवन में बहुत आगे बढ़ाता है। ईमानदार व्यक्ति हमेशा आदर व सम्मान की प्राप्ति करता है। इसी प्रकार सच्चाई रखने पर हममें हिम्मत और साहस आती है और इससे ईश्वर भी प्रसन्न होता है। भगवान जिसे हम अनेक नामों से जानते हैं किंतु वह हम सब मनुष्य के आत्माओं का परमपिता है। हम सब उसकी संतान है। इस नाते हम सब एक परिवार के हैं और यही भावना हमें एकता में बांधती है। इसे विश्व बंधुत्व की भावना से राम राज्य की स्थापना हो सकती है । वही स्टडी डी पी एस के प्रिंसिपल संदीप सर ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान के द्वारा समाज के उत्थान हेतु आध्यात्मिक शिक्षा दी जाती है। जिसमें व्यक्ति जीवन जीने की कला सीखता है। यह समाज के उत्थान के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के बच्चों के साथ संजय अग्रवाल अंजीता बहन ,ममता बहन, मंगल भाई ,कुसुम बहन इत्यादि का सहयोग रहा।

## सिसई में एक परिवार के 8 लोगों ने की 'घर वापसी'



**सिसई।** सिसई प्रखंड के लांगटा पाबेया गांव के उरांव जाति के एक ही परिवार के कुल 8 लोगो ने 20 साल पहले ईसाई धर्म स्वीकार कर लिया था। जिन्हें शुक्रवार को पूरे विधि विधान व धार्मिक रस्म के साथ पड़हा आदिवासी समाज के पहल पर ग्राम सभा कर उरांव समाज में वापसी कराया गया। जिसमें प्रखंड के लांगटा पाबिया गांव निवासी अगस्तुस तिर्की, पिता सिमोन तिर्की, बहु सुको तिर्की, पति अगस्तुस तिर्की, सीताराम उरांव, पत्नी सीतामुन्नी उरांव, पुत्र फुलदेव उरांव, पुत्री फुलसीता उरांव ने अपने उरांव धर्म में घर वापसी किया। घर वापसी 9 पड़हा, 7 पड़हा व 5 पड़हा के लोगो ने ग्राम सभा कर सभी को धार्मिक रीति रिवाज के साथ कराया। इस मौके पर पड़हा के चैतु पहान,पाथो पहान, विनोद पहान,बलदेव पहान,एतवा पहान, जुब्बी पहान, बेला पहान,मांगा पहान, झिंगु पहान,मटकु पहान,उमेश उरांव,सीताराम उरांव, मनी भगत,सुकरा उराँव, जुब्बी भगत व मंगरा उरांव आदि उपस्थित थे।

# अनियमित बिजली को लेकर भाजपा ने किया प्रदर्शन

**अधिकारियों को माला पहनाकर गांधीगीरी तरीके से जताया विरोध**

खबर मन्त्र संवाददाता



लोहरदगा।भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सूरज दसोंधी के नेतृत्व में जिले में बिजली की अनियमित आपूर्ति समस्या को लेकर शुक्रवार को विद्युत कर्मियों को गांधीगिरी तरीके से माला पहना कर विरोध किया गया। मौके पर सुरज दसोंधी ने कहा कि झारखंड की जेएमएम और कांग्रेस की गठबंधन में बनाई गयी सरकार ठगबंधन साबित हुई। वर्तमान में विधुत व्यवस्था पर समाज के कई कार्य निर्भर है।विशेष कर विधार्थी परेशान है पढ़ाई के समय बिजली गायब,कृषि बहुल क्षेत्र है किसान बिजली से पटवन कर अपनी सिचाई को समय से पानी उपलब्ध नहीं करा पा रहा है।उपर से लगातार विधुत बिल जांच के नाम पर गरीबों का शोषण किया जा रहा है।जनता का मुंह को बंद करने व अपने कमियों को छिपाने के लिए विधुत जांच अभियान चलाया जा रहा जिससे जनता में आक्रोश बढ़ रहा यदि कार्य में सुधार नहीं हुआ तो जनता सड़क पर होगी । इसलिए ,विभाग और कर्मचारियों से भी आग्रह है मुख्यमंत्री के खिदमत के साथ साथ जनता का भी खिदमत करें जिससे जनता लाभान्वित हो सके।मौके पर ग्रामीण मंडल महामंत्री विवेक चौहान, एसटी मोर्चा महामंत्री अमित लोहरा ,बुधु भगत, अशोक उरांव, किशोर उरांव, रमेश चंद्र कुमार, बजरंग साहू, बालेश्वर लोहरा, राजीव कुमार, कुलदीप सिंह, रमेश उरांव, सुकरा उरांव, गोवर्धन उरांव, सुनील उरांव, सुकरा उरांव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## घायलों व मृतक परिवारों के मिला विधिक प्राधिकार

**लोहरदगा।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार राँची के निर्देश पर लोहरदगा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह डालसा अध्यक्ष राजेन्द्र बहादुर पाल ने डालसा सचिव राजेश कुमार को सेन्हा थाना अन्तर्गत कंडरा चौक के पास हुई मोटर दुर्घटना को लेकर आपात बैठक की। सेन्हा थाना व सदर अस्पताल में प्रतिनियुक्त पीएलवी के सहयोग से जिला विधिक सेवा प्राधिकर, लोहरदगा ने मृतकों के आश्रितों व घायलों की विस्तृत जानकारी ली एवं घायलों एवं मृतकों के आश्रितों को आपदा सहायता कोष से मदद करने हेतु परिवारों से संपर्क किया है। दोनों मृतको के परिवार की आर्थिक हालात अच्छी नहीं है जिसे देखते हुए पीएलवी- दीपक साहू, मंजू खाखा को प्रतिनियुक्त किया गया।

## एक नजर में

### भास्कर एजुकेशनल में मनाया गया पतंगोत्सव



घाघरा। भास्कर एजुकेशनल अकादमी घाघरा में शुक्रवार को मकर संक्रांति का पर्व मनाया गया। मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर स्कूल के बच्चों ने पतंग बाजी की। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य सह निदेशक नितेश रंजन भास्कर ने कहा कि भारत देश में हर साल कई तरह के त्योहार मनाए जाते हैं और इन्हीं त्योहारों में से एक मकर संक्रांति का त्योहार है। जिसे पतंगों का त्योहार भी कहते है। इस त्योहार को सभी काफी उत्साह से पूरे भारत में मनाते हैं। स्कूल के छात्रों ने विद्यालय के खेल मैदान में जमकर पतंगबाजी की। इसके साथ साथ छात्रों ने एक दूसरे को तिल व गुड़ से बनी मिठाइयां भी खिलाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में नेहा प्रजापति, सोनी कुमारी,संध्या भास्कर, रीता साहू, शिवम मिश्रा, अर्जुन कुमार, सिद्धार्थ दीक्षित, आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### गुमला में 17 जनवरी को माले का धरना

गुमला। भाकपा (माले) रेड स्टार गुमला के तत्वधान में 17 जनवरी को जिला मुख्यालय में आयोजित धरना कार्यक्रम में लघु सिंचाई विभाग के चेकडैम व गुमला व घाघरा में चल रहे बांध का जीर्णोद्धार कार्य में बरती जा रही अनियमितता का मामला को प्रमुखता से उठाई जाएगी । ग्रामीणों द्वारा लगातार मिल रही शिकायत के बाद पार्टी ने यह निर्णय लिया है कि लघु सिंचाई विभाग गुमला द्वारा विकास कार्यों में प्राक्कलन को ताक पर रखकर घटिया निर्माण कार्य की जांचोपरांत कार्रवाई के लिए गुमला उपायुक्त को मांग पत्र दी जाएगी । यह जानकारी प्रकाश उरांव ने दी है।

### सॉलिटेयर एजुकेशनल ने मनाया मकर संक्रांति



**घाघरा।** सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी मकरा में शुक्रवार को मकर संक्रांति का त्योहार हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने दही मिश्रित चूड़ा का सेवन किया। वहीं विद्यार्थियों के लिए विद्यालय प्रबंधन के द्वारा पतंग उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने भिन्न भिन्न प्रकार की रंग बिरंगी पतंगें बनायी। इस उत्सव में पतंग बनाने वाले में कक्षा 8 के आदित्य कुमार एवम उसके ग्रुप ने प्रथम, कक्षा 8 के आदित्य राज ने द्वितीय तथा पराकाष्ठा गर्व एवं अभिलाषा बेंग ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के निदेशक सह प्राचार्य चंद्रकांत पाठक, सचिव अंकिता श्री ने संयुक्त रूप से बच्चो को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह पर्व स्वच्छता, पवित्रता, स्नान, दान तथा पुण्य का त्योहार है, अतः सभी बच्चों को स्नान करके भगवान सूर्य की पूजा अर्चना करनी चाहिए और दान - पुण्य भी करनी चाहिए। मौके पर उपप्राचार्य एलटीएन शाहदेव सहित कई शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

### भाजपा पिछड़ी जाति मोर्चा ने गरीबों को दिया कंबल



**रायडीह।** रायडीह प्रखंड के सिलम गांव में भाजपा पिछड़ी जाति मोर्चा के नगर अध्यक्ष शंभू सिंह के नेतृत्व में 11 गरीब व असहाय लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष शंभू सिंह ने कहा अत्यधिक ठंड को देखते हुए प्रदेश के निदेर्शानुसार पिछड़ी जाति मोर्चा के द्वारा गरीब एवं असहाय लोगों के बीच कम्बल वितरण किया जा रहा है ताकि उन्हें ठंड से बचाया जा सके। इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष खुशमन नायक, सिलम पंचायत के उप मुखिया देवमुनी देवी, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रमेश राम, शक्ति नायक एवं कामेश्वर सिंह ने संयुक्त रूप से गरीबों को कंबल प्रदान किया। इस अवसर पर केंद्र सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने हेतु लोगों को जागरूक भी किया गया। इस अवसर पर सावित्री देवी,सीता देवी अजमर सिंह,बिरमैत देवी,दुखनी देवी, बहुरो देवी,सावित्री देवी,झरियो देवी, पारो देवी,उर्मिला देवी,फूदन देवी,सोमारी देवी आदि लोगों को गरम कम्बल प्रदान किया गया।

### लायंस क्लब का मोतियाबिंद शिविर 22 को

**गुमला।** लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा 22 जनवरी दिन रविवार को मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में रांची के नेत्र विशेषज्ञों के मरीजों का जांच व ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर में आंखों के किसी तरह का बीमारी का इलाज होना निश्चित है। इस शिविर में लाभुक अपना जांच एवं ऑपरेशन निशुल्क करा पाएंगे। यह जानकारी ला. अशोक कुमार जायसवाल ने दी है।

### गुमला के तीन नेताओं को तीन विस क्षेत्र का प्रभार



गुमला। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों की पहली बैठक रांची में संपन्न हुई। उक्त बैठक में गुमला जिला कांग्रेस से चार लोगों को नयी जिम्मेदारी दिया गया है। जिसमे शिवकुमार भगत महासचिव को रांची जिला ग्रामीण का प्रभारी, रोशन बरवा को सिमडेगा विधान सभा, रमेश कुमार को लातेहार विधानसभा व अकील रहमान को हटिया विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में कांग्रेस डिजिटल सदस्यता अभियान को गति देने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। कांग्रेस 2024 की लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारी हेतु नेताओं को जिला और विधानसभा पर काम करने हेतु नियुक्त किया गया है। वहीं गुमला जिला कांग्रेस का प्रभारी अजयनाथ शाहदेव, गुमला विधानसभा प्रभारी अनूप केसरी, सिसई विधानसभा में पीटर मुंडू, बिशुनपुर विधान सभा का प्रभारी जगदीप भगत को बनाया गया है।

### मोबाइल चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**सिसई।** सिसई पुलिस ने मोबाइल चोर महाराजपुर नवाटोली जिला साहिबगंज निवासी गोविंद नुनीया को सिसई बाजार टांड तालाब के पास से गिरफ्तार कर गुमला जेल भेज दिया। जबकि एक चोर गोविंदा महतो भागने में सफल हुआ। थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी ने बताया कि कुदरा गांव निवासी धर्मदेव उरांव अपने पत्नी के साथ गुरुवार को सिसई में लगने वाली साप्ताहिक हाट बाजार सब्जी खरीद करने आए थे। सब्जी खरीदने के क्रम में इन चोरों ने धर्मदेव उरांव के पॉकेट से मोबाइल की चोरी कर ली। इसकी शिकायत भुक्तभोगी ने सिसई थाना को दी। सिसई पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोबाइल टावर नेटवर्क के माध्यम से सिसई बाजार टांड तालाब के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी से पूछे जाने पर बताया कि साहिबगंज से वे लोग रांची आते हैं। रांची में किराए के मकान में रहते हैं और सभी जगह लगने वाला बाजार में जा जाकर हम लोग मोबाइल की चोरी करते हैं। चोरी करने के वाद मोबाइल को बांग्लादेश भेज देते।

### मकर संक्रांति को लेकर समिति का गठन

सिसई। मकर संक्रांति पर्व को लेकर शुक्रवार को बीडीओ सुनीला खलखो, अंचल अधिकारी अरुणिमा एक्का व थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी ने नागफेनी मंदिर परिसर में ग्रामीणों के साथ बैठक किया। जिसमें मकर संक्रांति पर्व को देखते हुए कमेटी की गठन की गई। जिसमें संरक्षक नंदलाल साहू, अध्यक्ष लालमोहन साहू, सचिव सुशील पंडा, उपाध्यक्ष प्रेम साहू, सत्यनारायण साहू, रामनिवास साहू, बसंत साहू, रामवृक्ष साहू, बादल श्री, गणेश साहू को बनाया गया है। जबकि सदस्य तारकेश्वर साहू सुशील साहू कन्हैया सिंह बाबूराम उराव अजीत कुमार पंडा को बनाया गया।

स्पीड न्यूज

## जुसको स्कूल कदमा में नामांकन लॉटरी संपन्न

**जमशेदपुर।** जुस्को स्कूल कदमा में कूदी मोहंती ऑडिटोरियम में नर्सरी एवं एलकेजी कक्षा के नामांकन हेतु लॉटरी का आयोजन किया गया। इस मौके पर जेम फाउंडेशन के एडमिनिस्ट्रेटर एएफ मदन, सीनियर मैनेजर जीजू थॉमस, जिला शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि सजल कुमार भट्टाचार्यी, विद्यालय की प्रधानाचार्या झुमझुमि नंदी, उप प्रधानाचार्य आनंदिता रॉय, कोऑर्डिनेटर सीमा तिवारी एवं कमर अली मौजूद रहे। लॉटरी का परिणाम 21 जनवरी को विद्यालय गेट पर घोषित होगा।

## अमल संघ का मिलन समारोह 22 को डैम पर

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा स्थित अमल संघ का पारिवारिक मिलन समारोह सह वार्षिक बनभोज आगामी 22 जनवरी रविवार को चांडिल डैम में मनाया जायेगा जो सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक चलेगा। बच्चों, महिलाओं तथा पुरुषों के मंनोरंजन के लिए कई खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित किया जायेगा। तत्पश्चात स्थानीय विधायिका द्वारा पुरस्कार वितरण किया जायेगा।

## 16 को सीएम हाउस घेरेगा एएनएम/ जीएनएम संघ

**चांडिल।** 16 जनवरी को एएनएम जीएनएम एवं झारखंड अनुबंध पारा चिकित्सक संघ संयुक्त रूप से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। इसी को लेकर चांडिल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को घनश्याम यादव के नेतृत्व में सामूहिक अवकाश को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर ओमियो प्रसाद सिंह, नीलम कच्छप, संध्या कच्छप, घनश्याम यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## मजदूर के परिजन को मिला 7 लाख मुआवजा

**गम्हरिया।** बीते गुरुवार को औद्योगिक क्षेत्र स्थित सरला कंपनी में काम के दौरान घायल मजदूर की मौत के बाद शुक्रवार को झामुमो नेताओं द्वारा कंपनी गेट पर पहुंचकर मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा किया गया। तत्पश्चात प्रबंधन की ओर से मृतक के परिजनों को मुआवजा भुगतान को लेकर वार्ता की गई। उक्त वार्ता में मृतक मजदूर के परिजन को बतौर मुआवजा साथ लाख रुपए तथा उसके एक आश्रित को नौकरी देने पर सहमति बनी। उक्त वार्ता में झामुमो नेता अमृत महतो गोंडा बेसरा, शंकर मुखी, परितोष दास, राजेश गोप, सरोज मुखर्जी व मृतक के परिजन भी थे।

## मुखी समाज का वार्षिक मिलन समारोह फरवरी में

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को केंद्रीय मुखी समाज मूलनिवासी झारखंड प्रदेश की एक बैठक केंद्रीय अध्यक्ष हरि मुखी की अध्यक्षता में भालूबासा स्थित मिस्टी इन होटल में सम्पन्न हुई। बैठक में समाज के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में समाज के पदाधिकारियों तथा मुखी समाज के सदस्यों का पिकनिक सह मिलन समारोह विषय पर चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया गया की 5 फरवरी (रविवार) को नरवा में केंद्रीय मुखी समाज मूलनिवासी का पिकनिक सह मिलन समारोह किया जायेगा। जिसमें जमशेदपुर पूर्वी, पश्चिमी, जुगसलाई, पोटका व घाटशिला विस क्षेत्र में रहने वाले मुखी समाज के लोग शामिल होंगे।

## टुसु-सरस्वती पूजा को ले शांति समिति की बैठक

**गम्हरिया।** क्षेत्र का प्रमुख टुसु पर्व और सरस्वती पूजनोत्सव को लेकर शुक्रवार को कांड्रा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए थाना प्रभारी राजेंद्र प्रसाद महतो ने टुसु, मकर संक्रांति और सरस्वती पूजनोत्सव सौहार्दपूर्ण वातावरण में धूमधाम से मनाने की अपील किया। इस मौके पर उन्होंने पूजा कमेटियों से हुड़दंगियों पर नजर रखने तथा इसकी सूचना तुरंत थाना को देने की बात कही। थाना प्रभारी ने खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में अफीम की खेती पर रोक लगाने को मुखिया एवं जनप्रतिनिधियों से अपील किया। उन्होंने बाइक चालकों से भी खुद को सुरक्षित रखने हेतु नशे में वाहन नही चलाने तथा अपने वाहनों की स्पीड 40 तक ही रखने और वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने की अपील की। बैठक के दौरान थाना प्रभारी ने स्थानीय दुकानदारों की समस्या सुनी।

# बनारस के घाट की तरह विकसित होगी लौहनगरी की दोमुहानी

- मंत्री बन्ना गुप्ता ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट को लेकर डीसी संग किया दौरा
- टाटा स्टील यूआइएसएल के अधिकारी भी रहे साथ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य सह आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता ने बनारस के घाट की तरह स्वर्णरेखा और खरकाई नदी का संगम स्थल दोमुहानी घाट को विकसित करने के लिए आज जिले की डीसी श्रीमती विजया जाधव,एडीएम एनके लाल एवं टाटा स्टील यूआइएसएल के अधिकारियों संग नदी तट का मुआयना किया। मंत्री पहले ही विधायक फंड से 50 लाख रुपये जिला प्रशासन को उपलब्ध करवा चुके हैं ताकि आरती घाट के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो सके।

निरीक्षण के पश्चात पत्रकारों से बात करते हुए मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि जमशेदपुर शहर का अस्तित्व स्वर्णरेखा नदी से हैं और इस नदी के आँचल में मैं पला बढ़ा हूँ और आज इस मुकाम पर हूँ, स्वर्णरेखा नदी मेरी माँ हैं और इसका कर्ज उतारने की बारी अब मेरी हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में इस नदी का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है, यह नदी हमें पीने का पानी तो देती ही हैं साथ में हमारे जीवनशैली में भी इसका महत्वपूर्ण योगदान है, लेकिन दुर्भाग्य है कि यह नदी धीरे धीरे अपना अस्तित्व खो रही है जिसे बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है।


दोमुहानी घाट के निरीक्षण के दौरान डीसी विजया जाधव को निर्देश देते राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता।

उन्होंने कहा कि स्वर्णरेखा आरती मंडप को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा जिससे इसकी ख्याति विश्व स्तर पर पहुंचे साथ ही यह रोजगार सृजन का केंद्र भी बनेगा।

मंत्री ने कहा कि सनातन धर्म की आस्था है नदियों की पूजा, देश के कई हिस्सों में नदियों की आरती की जाती है, इसी के तहत हमारे आस्था और विश्वास की प्रतिक स्वर्णरेखा नदी की भी आरती होगी जिससे लोगों को इसके आस्था के साथ जोड़ा जायेगा ताकि इसका संरक्षण हो सके।

**संजय ठाकुर बने स्वर्णरेखा आरती प्रोजेक्ट के प्रोटोकॉल ऑफिसर :** मंत्री श्री गुप्ता ने अपने पीए संजय ठाकुर को प्रतिनिधि के रूप में स्वर्णरेखा आरती मंडप प्रोजेक्ट का प्रोटोकॉल ऑफिसर बनाया है जो प्रशासन और जुस्को के साथ समन्वय स्थापित कर इस प्रोजेक्ट को पूरा करने में अपनी भूमिका निभाएंगे, गौरतलब है कि श्री ठाकुर कई वर्षो से स्वर्णरेखा बचाओ अभियान से जुड़े हैं।

**कल होने वाली प्रतीकात्मक आरती में शामिल होंगे मंत्री बन्ना गुप्ता :** मकर सरक्रांति के अवसर पर आयोजित होने वाली स्वर्णरेखा आरती महोत्सव में मंत्री बन्ना गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे, इसके लिए उन्होंने डीसी को साफ सफाई, लाइटिंग, पार्किंग समेत विभिन्न बिषयो पर कार्य करने का निर्देश दिया है। दोमुहानी घाट निरीक्षण के पश्चात मंत्री बन्ना गुप्ता ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि दुनिया को ग्लोबल वार्मिंग से बचाना है तो झारखंडी रीति-रिवाज को समझना होगा। हमलोगों को जल,जंगल और जमीन को बचाना है। मरीन ड्राइव के किनारे बड़,पीपल,आम एवं छायादार पेड़ लगायेंगे ताकि घाट के विकास के पश्चात वह बरसात में बह नहीं जाए। सुरक्षा के लिए यहां रौशनी की व्यवस्था करेंगे। गंगा आरती की तर्ज पर स्वर्णरेखा आरती करेंगे। इससे जल संरक्षण एवं नदी संरक्षण पर समाज जागरुक होगा। किनारे सौंदर्यीकरण के पश्चात बैठने-उठने के लिए बेंच लगायेंगे। स्वर्णरेखा-खरकाई नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए भी मंत्री ने कदम उठाने के संकेत दिए। उन्होंने कहा कि शहर की तमाम नालियों को ट्रिटमेंट करके ही नदी में पानी छोड़ने की व्यवस्था करेंगे। इससे नदी गंदी नहीं होगी। टीवी नरेंद्रन एमडी टाटा स्टील, चाणक्य चौधरी, वीपी सीएस एवं डीसी के साथ अलग-अलग बात हुई है।

# जमशेदपुर : टाटा स्टील यूआइएसएल निर्मित न्यू कागलनगर पार्क का मंत्री ने किया उद्घाटन

- सोनारी गुरुद्वारा के आस-पास के इलाकों की सूरत बदली
- पार्क में ओपन जिम, वॉकिंग ट्रैक और झूले लगाये गये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सोनारी गुरुद्वारा के बगल में स्थित खटारा गाड़ियों एवं गराज की पार्किंग स्थल को टाटा स्टील यूआइएसएल ने ट्रांसफार्म करते हुए उसे मॉडर्न पार्क में तब्दील कर दिया है। इस पार्क में 700 मीटर का वॉकिंग ट्रैक, सिनियर सिटिजंस के लिए गप-शप एवं योगा चबुतरा, ओपन जिम एवं छायादार एवं खुशबूदार पौधे लगाये गए हैं। पार्क में रात्रि में रौशनी की भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है। पार्क में माता-पिता के साथ पार्क घुमने आये छोटे बच्चों के लिए भी मनोरंजक झूले का इंतजाम है।

आधे एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में फैले इस पार्क को टाटा स्टील यूआइएसएल ने नाम दिया है- न्यू कागलनगर पार्क। इस पार्क का उद्घाटन शुक्रवार की शाम झारखंड के स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सह क्षेत्र के विधायक बन्ना गुप्ता ने टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी एवं टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर अतिथियों ने पार्क में पौधरोपण भी किया।


पार्क का उद्घाटन करते मंत्री बन्ना गुप्ता। साथ में टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी व टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा।

न्यू कागलनगर पार्क के बन जाने से क्षेत्र की स्वच्छता को एक नया मुकाम मिला है वहीं आस-पास रहने वाले लोगों को वॉक करने एवं बच्चों को खेलने-कूदने के लिए अब दूर नहीं जाना होगा। मंत्री ने पार्क के विकास के लिए टाटा स्टील प्रबंधन की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

इस अवसर पर टाटा स्टीलके वरिष्ठ अधिकारी प्रणय सिन्हा, टाटा स्टील यूआइएसएल के सीनियर जीएम कैप्टन धनंजय मिश्रा, पावर डिवीजन के जनरल मैनेजर विजय प्रकाश सिंह, जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय, लैंड डिपार्टमेंट के हेड अमित सहाय, सांसद प्रतिनिधि चितरंजन वर्मा, कांग्रेस नेत्री श्रीमती उषा यादव, भाजपा नेता पोद्दार समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## आगाज मनायेगा धीयां दी लोहड़ी...

>> सम्मानित होंगे 6 वैसे परिवार जिनके घर हुईं बेटियां



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आगाज संस्था के संस्थापक अध्यक्ष इंदरजीत सिंह जी ने आज अपने बिरसानगर स्तिथ आवासीय कार्यालय में संस्था के सदस्यों साथ जानकारी दी की, लोहड़ी के त्योहार पर,आगाज संस्था धीयां(बेटियों) दी लोहड़ी का कार्यक्रम बिस्टुपुर रामदास भट्टा गुरुद्वारा साहिब के बाहर कल शाम 5:30 बजे करेगी,जिसमें वैसे 6 परिवार को सम्मानित किया जायेगा,जिनमें इस वर्ष बेटी का जन्म हुआ है और उनकी पहली लोहड़ी है।

संस्था के संरक्षक चंचल भटिया ने बताया कि लोहड़ी का त्योहार मुख्यतः वो परिवार मनाते है,जिनके पुत्र का विवाह हुआ हो या जिनके घर पुत्र का जन्म हुआ हो,इसी कड़ी में आगाज द्वारा बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ के अभियान को ध्यान में रखते हुवे, धीयां दी लोहड़ी का कार्यक्रम का आयोजन किया है,ताकि समाज में बेटे और बेटियों में कोई फर्क न समझा जाये। संस्था के हरविंदर सिंह और मलविंदर सिंह ने जानकारी दी कि सर्वप्रथम फुग्गा जलाया जायेगा। उसके उपरांत सम्मानित अतिथियों से बेटी के जन्म वाले परिवारों को सम्मानित किया जायेगा।

## आजसू नेता दिलीप महतो का अपहरण नहीं हुआ था, डिप्रेशन में हुए थे लापता

- धालभूमगढ़ से चचेरे भाई के यहां से पुलिस ने किया बरामद

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**



**चांडिल।** चांडिल एसडीपीओ संजय कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए कहा कि विगत 10 जनवरी को चांडिल थाना क्षेत्र के एनएच 33 आसन बनी टीसीआई के पास से ट्रांसपोर्टर सह आजसू नेता दिलीप महतो को अपहरण किए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। उनके भाई प्रदीप महतो के द्वारा अपहरण की लिखित शिकायत का मामला दर्ज कराया गया था। एसडीपीओ ने कहा दिनदहाड़े एनएच 33 से अपहरण का मामला था। इस घटना में स्थानीय लोग एवं जनप्रतिनिधि काफी चिंतित हो उठे थे। पुलिस के लिए उन्हें ढूंढ निकालना अत्यंत ही जरूरी था एवं चुनौती भरा कार्य था। अपहरण की आशंका को लेकर स्थानीय लोगों ने एनएच 33 को कुछ देर के लिए जाम भी किया गया था। पुलिस मामले की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चांडिल एसडीपीओ संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने टेक्निकल टीम के सहयोग से जगह-जगह छापेमारी शुरू की। इस कांड को सुलझाने को लेकर तकनीकी शाखा को विशेष रूप से लगाई गई। जगह-जगह की सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। इसी दौरान तकनीकी शाखा के मदद से दिलीप महतो का लोकेशन पश्चिम बंगाल के हावड़ा मे मिला। लोकेशन के आधार पर तत्काल अनुसंधान टीम को हावड़ा के लिए रवाना किया गया।

## स्मारक समिति ने बाबा तिलका मांझी की शहादत को किया नमन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बाबा तिलका मांझी का शहादत दिवस के अवसर पर डिमना तिलका माझी चौक में बाबा तिलका माझी के प्रतिमा पर स्मारक समिति की ओर से माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि बाबा तिलका माझी अंग्रेजो के खिलाफ बिगुल फूंकने वाले पहला सिपाही हैं। उन्होंने हमारे देश को गुलामी से मुक्ति करने के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ते हुए शहीद होना मंजूर हुए। आज भी जल, जंगल, जमीन, प्राकृतिक संसाधन और लोकतांत्रिक अधिकार आदि की रक्षा के लिए उनका संघर्ष प्रेरणा के स्रोत है। ईस्ट इंडिया कंपनी की मानसिकता वाले आज भी हमारे समाज में व्याप्त है जिसका एक ही मात्र लक्ष्य है मुनाफा कमाना। जिसके चलते विस्थापन, पलायन आज भी जारी है छोटानागपुर काश्तकारी और संथाल परगना काश्तकारी अधिनियम से भी जमीन की लूट रोकथाम नहीं होना चिंताजनक हैं।



बाबा तिलका मांझी की डिमना चौक पर स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण करते स्मारक समिति के पदाधिकारीगण।

## झामुमो ने मनाया तिलका मांझी का शहादत दिवस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के जमशेदपुर पूर्व नगर सचिव गोपाल महतो के नेतृत्व में मानगो डिमना चौक में स्थित वीर शहीद तिलका मांझी के मूर्ति पर उनके शहादत दिवस पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया गया। तिलका मांझी का जन्म 11 फरवरी, 1750 को बिहार के सुल्तानगंज में तिलकपुर नामक गाँव में एक संथाल परिवार में हुआ था। इनके पिता का नाम सुंदरा मुर्मू था। उनका वास्तविक नाम जबरा पहाड़िया ही था। तिलका मांझी यह नाम उन्हें ब्रिटिश सरकार द्वारा दिया गया था। पहाड़िया भाषा में तिलका का अर्थ है गुस्सैल और लाल-लाल आंखों वाला व्यक्ति। वे ग्राम प्रधान थे, इसलिए उन्हें मांझी भी कहा गया क्योकि, पहाड़िया समुदाय में ग्राम प्रधान को मांझी कहकर पुकारने की प्रथा है। इस वीर आदिवासी जबरा पहाड़िया को अंग्रेजो ने धोखे से कैद किया। ऑथर कूट के नेतृत्व में तिलका मांझी की गुरिल्ला सेना पर हमला किया गया था।

# झारखंड युवा एकता मंच ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

- मिलन समारोह सह लिट्टी पार्टी में शहर के गण्यमान्यों ने की शिरकत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड युवा एकता मंच की ओर से युवाओं के प्रेरणास्त्रोत, युग प्रवर्तक स्वामी विवेकानंद जी की 160वीं जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर मिलन समारोह सह लिट्टी पार्टी का आयोजन किया गया। गुरुवार को गोलमुरी के जॉगर्स पार्क में आयोजित मिलन समारोह में राजनीतिक दल के अलावे कई गणमान्य लोगों ने शिरकत की। सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने द्वीप प्रज्वलित कर एवं स्वामी विवेकानंद जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। संस्था की ओर से शामिल लोगों का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया। इस दौरान सभी ने लजीज व स्वादिष्ट लिट्टी पार्टी का आनंद लिया। उपस्थित अतिथियों ने युवाओं से स्वामी विवेकानंद जी के जीवन आदर्शों पर चलने और नशा से दूर रहने का आह्वान किया। समारोह को सफल बनाने में संस्था के संरक्षक उमेश पांडेय, संस्थापक विकास शर्मा, अध्यक्ष बिशु सिंह, अतुल प्रभात, सुधीर तिवारी, वीरेंद्र सिंह, रिंकू तिवारी, रमेश विश्वकर्मा, छोटू श्रीवास्तव, आशीष सिंह, अमन सिंह, आलोक कुमार, राज ओझा समेत अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।



मौके पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, वरिष्ठ समाजसेवी चंद्रगुप्त सिंह, झारखंड स्टेट बार काउंसिल के वाईस चैयरमैन राजेश शुक्ल, वरिष्ठ समाजसेवी शिवशंकर सिंह, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बिनोद सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ललित ओझा, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, भाजपा पूर्व प्रदेश प्रवक्ता संजय जायसवाल, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, भूपेंद्र सिंह भी थे।

## एक नजर में

### स्वामीजी की नवस्थापित प्रतिमा पर मना दीपोत्सव



**जमशेदपुर।** स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी को स्थानीय भुवनेश्वरी मंदिर की तलहटी में उनकी एक मूर्ति ध्यान अवस्था में स्थापित की गई। इसका लोकार्पण जमशेदपुर पूर्व के लोकप्रिय विधायक सरयू राय ने किया। उसी स्थान पर शाम में टीआरएफ के युवाओं ने दीपोत्सव का कार्यक्रम रखा। आयोजन विधायक के उद्योग प्रतिनिधि इंद्रजीत सिंह के सहयोग से संपन्न हुआ। मौके पर प्रीतम लहरी, वृंदावन पंडा ,धर्मेंद्र कुमार सिन्हा, निशांत, राजीव कुमार सिंह, असीम पाल, जीसी दास, अरिंदम घोष, आरसी झा, राजीव कुमार, चंडी नायक, अभिषेक कुमार, राहुल कुमार, अशोक कुमार, मंटू करमाली, सुरेश कुमार उपस्थित थे। यह कार्यक्रम संध्या समय में दीपों से उस स्थल को सजाकर मनाया गया। सभी युवाओं ने स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस समय में स्थानीय लोग भी अच्छी संख्या में उपस्थित थे।

### साहित्य अकादमी की स्थापना की मांग की गयी



**जमशेदपुर।** हिंदी साहित्य भारती वैश्विक संगठन की आज पूर्वी सिंहभूम जिला इकाई की बैठक प्रांतीय अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार सज्जन की अध्यक्षता में संगठन के केंद्रीय मंत्री डॉ जूही समर्पिता के आवास पर शाम 4:30 बजे हुई। बैठक में झारखंड राज्य में चीर प्रतीक्षित साहित्य अकादमी की स्थापना की मांग को सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके लिए राज्यपाल रमेश सिंह बैस से मिलकर निवेदन पत्र देने का निर्णय लिया गया। हर माह एक साहित्यिक आयोजन करने का भी प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में हिंदी साहित्य भारती झारखंड की संरक्षक डॉ मुदिता चंद्रा, केंद्रीय संगठन मंत्री डॉ जूही समर्पिता, हिंदी साहित्य भारती पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष इंदिरा पांडेय, संगठन मंत्री श्रीमती सरिता सिंह और कार्यकारिणी के सदस्य रश्मि बारला उपस्थित थीं।

### भवनप्रीता ने वृद्धाश्रम के बुजुर्गो संग बांटी खुशियां



**जमशेदपुर।** भवप्रीता सेवा समिति जमशेदपुर ने शुक्रवार को साकची, बाराद्वारी स्थित वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के बीच चूड़ा, गुड़, तिलकुट, बिस्कुट, ब्रेड एवं फल का वितरण कर मकर संक्रान्ति पर्व मनाया। भवप्रीता सेवा संस्था के सदस्यों ने बताया कि हम प्रत्येक वर्ष साल का पहला त्योहार का शुरूआंत मकर संक्रांति में आनेवाले समाग्रियों का वितरण कर एवं वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के बीच मनाते हैं। बुजुर्गों ने भी बताया कि संस्था के सदस्यों का हमारे प्रति स्नेह से महसूस हुआ कि हम अपने परिवार के लोगों के साथ त्योहार मना रहे हैं। संस्था के सदस्यों ने भी बताया कि त्योहार के बहाने हमें बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। इस कार्यक्रम में संस्था द्वारा बतौर मुख्य अतिथि जमशेदपुर पब्लिक स्कूल (जेपीएस) बारीडीह की प्राचार्या डॉक्टर नमीता अग्रवाल, शिक्षिका डॉक्टर पूनम एवं जमशेदपुर महानगर के पूर्व जिलाध्यक्ष सह भवप्रीता सेवा समिति संरक्षिका नीरू सिंह मौजूद रही। कार्यक्रम के आयोजन में समिति अध्यक्षा मोहिनी सिंह,टानो देवी, ममता सिंह आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### जिप अध्यक्ष बारी मुर्मू ने जरूरतमंदों को दिये कंबल



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को मकर संक्रांति के पूर्व पूर्वी सिंहभूम जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू के सहयोग से जिला परिषद अंश 10 के अंतर्गत भाजपा किसान मोर्चा अनमोल वर्मा के नेतृत्व में सुन्दरनगर चौक के पास ठण्ड को मद्देनजर रखते हुए गरीब जरुरतमंदो के बीच कम्बल वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, पुरिहासा पंचायत की मुखिया पोमा बास्के, ग्राम प्रधान भोक्ता हांसदा, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनमोल वर्मा, समर्पण संस्था के सचिव विभूति जेना, कुमुद शर्मा, मनीषा शर्मा, नालिनी भकत, वार्ड सदस्य उषा शर्मा, अमरजीत प्रसाद,सुभाष सिंह, सलेन्द्र सिंह, श्रवण पाण्डेय, आदर्श तिवारी व पंचायत के ग्राम वासी उपस्थित थे।

### उलीडीह मंडल ने सांसद के सौजन्य से बांटे कंबल



**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी उलीडीह मंडल ने जमशेदपुर के सांसद विद्युतवरण महतो के सौजन्य से उनके प्रतिनिधि चितरंजन वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र पासवान के नेतृत्व में मंडल कार्यालय में 200 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री राकेश सिंह लोधी, भाजयुमो अध्यक्ष राहुल कुमार, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संदीप शर्मा, मधु सिन्हा, पिंकी कौर, पूनम मिश्रा, प्रमोद मालाकार, रीना सिंह, संजू सिंह, महेश सिंह, जीतू गुप्ता, शंकर बनर्जी, संजय सिंह, श्वेता कुमारी, मनोज शर्मा, मनोज राय, कुंदन झा, गोपी चौधरी, सुनील मंडल आदि सम्मिलित हुए।

### पटमदा : 350 ग्रामीणों के बीच गर्म कपड़े वितरित



**जमशेदपुर।** राजस्थान कल्याण परिषद, (श्री अग्रसेन भवन साकची) द्वारा कड़ाके की सर्दी को देखते हुये, पटमदा के बनकुचिया पंचायत के माझिडीह टोला में 350 जरूरतमंद महिलाओं, बुजुर्गो एवं बच्चों के बीच नए गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। मौके पर संस्था के सदस्य सह मारवाड़ी सम्मेलन के प्रान्तीय उपाध्यक्ष ओम प्रकाश रिंगसिया ने कहा कि हम नर सेवा नारायण सेवा को मूलमंत्र मान कर कार्य करते रहे है और आगे भी करते रहेंगे। मौके पर संस्था के संरक्षक नरेश कांवटिया, बाल कृष्ण चैधरी, महावीर प्रसाद मोदी, दीपक पारीक, बजरंग लाल अग्रवाल, श्याम सुंदर रिंगसिया, सांवरमल अग्रवाल, ग्राम प्रधान विकास भगत, रघुनाथ सरदार, संदीप मिश्रा, कृपासिंधु महतो, मुखिया गुरुचरण हेंब्रम, भरत महतो, मनोज पाल, मलिंद्रा मिश्रा भी थे।

## स्पीड न्यूज

### चर्चा है... सत्यानंद भोक्ता लड़ेंगे आम चुनाव



**मनातू पलामू।** मंत्री प्रतिनिधि चंदन राज यादव ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर श्रम, नियोजन कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता को चुनाव लड़ने को लेकर तरहसी प्रमुख प्रतिनिधि लड्डू कुमार के आवास पर सार्थक संवाद किया। कहा, इसे लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करने की जरूरत है। मौके पर पंसस सकील अहमद, नवल किशोर प्रसाद, आशीष गुप्ता, लव कुमार थे।

### नीतीश बने डुमरी पूजा कमेटी के अध्यक्ष



**मनातू पलामू।** डुमरी पंचायत के हरे टोला हाई स्कूल प्रांगण में सरस्वती पूजा को लेकर एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता देवराज यादव एवं संचालन सहायक अध्यापक सह प्राध्यापक वीरेंद्र सिंह यादव ने किया। सर्वसम्मति से नीतीश यादव को पूजा कमेटी का अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष पिंटू भुइयां, सचिव राहुल भुइयां को चुना गया। बैठक में सरस्वती पूजा महोत्सव न्यू स्टूडेंट क्लब हाई स्कूल के प्रांगण में संस्कृति कार्यक्रम का निर्णय लिया।

### स्वर्णकार संघ ने किया वनभोज कार्यक्रम



**विश्रामपुर, पलामू।** नव वर्ष पर स्वर्णकार संघ ने रजगुरूवा पहाड़ की तलहटी में मिलन सह वनभोज कार्यक्रम किया। शुरुआत संत नरहरी महाराज के चित्र पर पूजा-अर्चना कर की गयी। अध्यक्षता संघ अध्यक्ष बिगन सोनी व संचालन शिव सोनी ने किया। बिगन ने कहा कि एकजुट होकर समाज मे फैली कुरीतियों को दूर करेंगे। मौके पर अवधेश सोनी, सीताराम साव, उमेश सोनी, रघुनाथ सोनी, रामचंद्र सोनी, उमेश सोनी, राकेश सोनी, गोपाल सोनी, ललन सोनी, सत्यम सोनी, सत्यनारायण सोनी, शिव सोनी, अरुण सोनी आदि थे।

### हड़ताल खत्म, 16 से काम करेंगे वकील



**मेदिनीनगर।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल के आह्वान पर पूरे राज्य में अधिवक्ताओं की सात दिनों से जारी हड़ताल शुक्रवार को समाप्त हो गयी। शनिवार व रविवार को छुट्टी रहने से सोमवार से अधिवक्ता न्यायिक कार्य में हिस्सा लेंगे। महासचिव सुबोध सिन्हा ने कहा कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया एवं झारखंड स्टेट बार काउंसिल के दिशा निर्देश के आलोक में अधिवक्ताओं का न्यायिक कार्य से अलग रहने का निर्णय वापस हो गया है। उनके न्यायिक कार्य से अलग रहने के कारण न्यायिक कार्य पूर्ण रूप से बाधित था। सोमवार से सभी अधिवक्ता पूर्व के समान न्यायिक कार्य मे भाग लेंगे।

फोटो : आइपीएस संत मरियम

### शैक्षणिक भ्रमण पर मरियम स्कूल के बच्चे



**मेदिनीनगर।** शनिवार को संत मरियम स्कूल के 10वीं के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना होंगे। शहर के ऊर्जावान सहायक पुलिस अधीक्षक सह एसडीपीओ ऋषभ गर्ग हरी झंडी दिखाकर सभी को रवाना करेंगे। उपरोक्त जानकारी देते हुए स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि सभी बच्चे गया, राजगीर और नालंदा का भ्रमण करेंगे। अंग्रेजी के प्रसिद्ध लेखक बेकन का कहना है कि युवा वर्ग के लिए भ्रमण शिक्षा का अंग है। भ्रमण से जो हम सीखते हैं, उसे पुस्तकों से सीखना कठिन होता है।

### झौ बाबा मेला की तैयारी पूरी : सीना यादव



**मनातू पलामू।** प्रखंड स्थित झौ बाबा स्थान में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। जानकारी झौ बाबा के अध्यक्ष सीना यादव ने दी। कहा कि कल मकर संक्रांति पर मेला के मुख्य अतिथि के पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह उद्घाटन करेंगे। इसमें झूलन, हिंडोला, नौका ब्रेक, डांस आदि की भी व्यवस्था है। मौके पर लालदेव यादव, संजय यादव, सीना यादव, उपेंद्र यादव, जितेंद्र यादव, कौशल कुमार, अजय दास, छोटू यादव, पंजाब टेंट हाउस के सभी ऑपरेटर एवं पश्चिम बंगाल के कलाकार बंधु व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

फोटो : हुसैनाबाद जिप उपाध्यक्ष

### जिप उपाध्यक्ष व मुखिया ने बांटी कॉपी



**हुसैनाबाद, पलामू।** प्रखंड के ग्राम पंचायत पथरा राउमवि एकडरी में शुक्रवार को जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह व मुखिया नरेश पासवान ने कक्षा 1 से 7 के कुल 66 बच्चों को कॉपी बांटा। उपाध्यक्ष ने बच्चों से मन लगाकर पढ़ने को कहा। साथ ही प्राचार्य एवं अभिभावकों से कहा कि सभी समस्याएं दूर की जायेंगी। सरकारी सुविधा पूरी ईमानदारीपूर्वक जनता तक पहुंचाने का प्रयास है। मौके पर मुखिया नरेश पासवान, प्राचार्य निर्मल पासवान, प्रबंधन समिति अध्यक्ष आरती देवी, विजय पासवान, असलम अंसारी, उपेंद्र कुमार, दिनेश पासवान, पूनम, लक्ष्मी, बिनोद पासवान, संजय कुमार, छोटू बैठा, दिर्योधन राम, उमेश कुमार थे।

### सुमन सरोवर का लोकार्पण आज



**मेदिनीनगर।** हिंदी साहित्य भारती, पलामू एवं कण्वाश्रम परिवार के संयुक्त तत्वावधान में कवि राकेश कुमार रचित गीतिका संग्रह सुमन सरोवर का लोकार्पण गिरिवर+2 उवि के प्रशाल में 14 जनवरी को इंदर सिंह नामधारी करेंगे। समारोह की अध्यक्षता शिक्षाविद एवं वरिष्ठ साहित्यकार प्रो सुभाषचंद्र मिश्र करेंगे

### हैदरनगर पुलिस ने की वाहनों की चेकिंग



**हैदरनगर, पलामू।** पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर हैदरनगर थाना प्रभारी आजाद अंसारी ने पुराना थाना भवन के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया। उन्होंने सभी वाहन के डिक्की की जांच के अलावा चालक लाइसेंस, हेलमेट व वाहन के कागजात की जांच की। थाना प्रभारी ने कहा कि दो पहिया वाहन चालक हर हाल में हेलमेट का इस्तेमाल करें।

# श्री मारुति महायज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा

- विधायक डॉ शशिभूषण मेहता और समाजसेवी अनिल साहू हुए शामिल
- विधायक ने श्रद्धालुओं को कलश देकर कराया कलश यात्रा का शुभारंभ

**अवध किशोर राय राजू**



**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड के महावीर मंदिर परिसर में श्री मारुति महायज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ की कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ निकली। इसके मुख्य अतिथि पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता समाजसेवी अनिल साहू, मुखिया रेखा देवी ने कलश लेकर यात्रा का शुभारंभ किया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं बच्चियां कलश यात्रा में भाग लिये थे। कलश यात्रा लेस्लीगंज महावीर मंदिर से शुरू होकर लेस्लीगंज गांधी चौक पथराही, गोपालगंज, होकर मलय पहुंचे। जहां नदी से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नदी से जल भर कर यज्ञशाला लौटी, जहां पूजा अर्चना कर प्रसाद बांटा गया।

**कार्यक्रम की खास बातें**

इस दौरान यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक था। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर जीर्णोद्धार सह यज्ञ पूजा समिति के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद सोनी, ओमप्रकाश लाल, तारकेश्वर पासवान, संजय सोनी, संतोष मिश्रा, अजीत तिवारी, ओम प्रकाश गिरी, बिरेंद्र चंद्रवंशी, कामेश यादव, लाला प्रसाद यादव, छोटेलाल सोनी राम सोनी चंदन सोनी उमेश सोनी, अनिल गुप्ता, सुमित गुप्ता, विजय ठाकुर, राजेश गुप्ता, धर्मेंद्र सोनी समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे। बताते चलें कि यज्ञ पूजा में बाहर से आए हुए विद्वानों ने प्रवचन के साथ रासलीला एवं सुंदर झांकी का भी आयोजन रखा गया है तथा प्रतिदिन भंडारे का भी आयोजन की गयी है।

# गुड न्यूज : रेलवे लाइन निर्माण का डीपीआर बनाने को सर्वे कार्य शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद पलामू विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों के फलस्वरुप बरवाडीह-चिरिमीरी-अंबिकापुर रेलवे लाइन निर्माण हेतु डीपीआर बनाने के लिए सर्वे का कार्य शुरू हो गया है। श्री राम ने बताया कि उक्त रेलवे लाइन के निर्माण के लिए वर्ष 2014 से ही उक्त मामले को लोकसभा में शून्य काल एवं नियम 377 के तहत उठाते रहने, रेलवे जोन एवं मंडल की बैठकों में उठाने, विभिन्न स्तरों पर पत्राचार करने एवं माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी से व्यक्तिगत मुलाकात कर अनुरोध किया था।

**आवागमन में हो रही हैं कई कठिनाइयां**



सांसद ने कहा कि पलामू प्रमंडल के लिए बरवाडीह-चिरिमीरी-अंबिकापुर रेलवे लाइन परियोजना के लंबित रहने से उक्त क्षेत्र के निवासियों को आवागमन में अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विदित है कि कई किमी तक उक्त रेलवे लाइन का निर्माण हो चुका है। इस रेल परियोजना पर करोड़ों खर्च भी हो चुके हैं, परंतु वर्षों से उस पर कार्य होना बंद हो गया था। उक्त रेल परियोजना के पूर्ण होने से न केवल पलामू प्रमंडल के निवासियों को



आवागमन में सुविधा होगी बल्कि बिहार एवं छत्तीसगढ़ राज्यों के संबंधित जिलों के निवासियों को भी सुविधा होगी। उक्त जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

## पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने किया वनभोज कार्यक्रम, बोले

# योग्यतम नेतृत्व का चलन नहीं होने से विकराल हो रहीं समस्याएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने स्वामी प्रज्ञानंद मगध सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल जोरकट में वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के सिंगरा, बड़कागांव, रजवाडीह, बारालोटा, सूदना के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

इस वन भोज में मगध फाउंडेशन, झारखंड के वर्तमान राजनीतिक स्थिति एवं पलामू की राजनीतिक स्थिति तथा पलामू के वर्तमान स्थिति समेत शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा समेत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसके अलावा पलामू में प्रशासनिक व्यवस्था, बालु की समस्या पर चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए के एन त्रिपाठी ने कहा कि झारखंड में योग्यतम नेत्तृत्व चयन का नहीं होना समस्या का विकराल रूप होना तय है।

उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल समेत झारखंड के सभी क्षेत्रों में पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर पर एवं जिला स्तर से राज्य मुख्यालय पर योग्यतम नेतृत्व क्षमता का अभाव है। जिस कारण समस्या दिन प्रतिदिन विकराल होती जा रही है। जनता की परेशानी क्या है एवं उसका निवारण क्या है इस पर मंथन करने की जरूरत है।

**खास बातें :** आज जाति, धर्म, पार्टी में लोग विभक्त हो गये हैं। कुछ वर्षो से यह कुछ ज्यादा दिख रहा है। पंचायत से राज्य स्तर पर योग्यतम लोगों का चयन नहीं होने से विकास अवरुद्ध है। इस पर जनमानस को मंथन करने की जरूरत है। जब तक लोग जाति, धर्म में बंटे रहेंगे, तब तक समस्याएं बढ़ेंगी। कोई भी चुनाव हो पंचायत या विधायक, सांसद का, योग्य उम्मीदवार को चुनें तो विकास की गतिशीलता बढ़ेगी। यदि अयोग्य लोग आयेंगे तो विकास अवरुद्ध होगा। मैं तो इस मत में हूं कि विदेशों में जैसे पार्लियामेंट्री सिस्टम से चुनाव होता है उसी तर्ज पर भारत के प्रमुख पदों का चुनाव हो तो विकास तीव्र गति से बढ़ेगा। मौके पर बिंदु भुइयां, अरविंद पासवान, आबिद अंसारी, बिहारी मेहता, सरवन मेहता, राजेश दुबे, मनोज दुबे, उदय शुक्ला आदि थे।

# सतबरवा से हुआ भारत जोड़ो नफरत छोड़ो पदयात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ

- जाति धर्म के नाम पर नफरत फैला रही भाजपा : बिट्टू पाठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** भारत जोड़ो नफरत छोड़ो कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को सतबरवा में पदयात्रा निकाली गई जिसका नेतृत्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष जैश रंजन उर्फ बिट्टू पाठक ने किया। इसमें लक्ष्मी नारायण तिवारी, विनोद तिवारी, शमीम अहमद राईन, जितेंद्र कमलापुरी, राजेश चौरसिया, सतबरवा उपप्रमुख कामाख्या नारायण यादव, मुखिया संतोष उरांव, उमेश यादव, संजय यादव, प्रमोद यादव, लक्ष्मण यादव, अमित कुमार, जुगल किशोर राम, इंद्रदेव उरांव, मो जुबेर खान, नीरज पासवान, पिंटू आलम, जनेश्वर उरांव, उप मुखिया उमेश सिंह, विनय सिंह चेरो समेत सैकड़ों महिला पुरुष शामिल थे।



**खास बातें :** पदयात्रा सतबरवा ट्रेनिंग कॉलेज से प्रारंभ होकर थाना होते हुए मेलाटांड़, अंसार मोहल्ला, क्रांति चौक, बस स्टैंड से गुजरा और रांची मेदनीनगर मुख्य मार्ग पर स्थित ब्रह्मबाबा स्थल पर पहुंचकर संपन्न हो गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि भाजपा जाति धर्म के नाम पर लोगों में नफरत फैला कर तोड़ने का कार्य कर रहा है। हिन्दू मुस्लमान समेत तमाम लोगों के बीच भाजपा नफरत का माहौल बना दिया है। कांग्रेस पार्टी पूरे देश में मुहिम चलाकर लोगों को पदयात्रा के माध्यम से आपसी भाईचारा को बढ़ावा देते हुए जोड़ने का कार्य कर रही है। इसी उद्देश्य से आज यह पदयात्रा निकाली गई है। वहीं उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार ने आम- आवाम पर इतना महंगाई का बोझ लाद दिया है की लोग त्राहि-त्राहि कर रहे है। डीजल, पेट्रोल, गैस सिलेंडर तथा खाद्य सामग्री के दामों में अप्रत्याशित वृद्धि लगातार जारी है। बेरोजगारी चरम पर है। केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण देश की जनता महंगाई और बेरोजगारी की मार झेलने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि आज देश में भाजपा जाति धर्म के नाम पर नफरत का माहौल बना दिया है। हिंदू मुसलमान समेत तमाम लोगों के बीच भाजपा सरकार ने नफरत की खाई खोदी दी है। कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में देश में 35 सौ किलोमीटर का पदयात्रा निकाली गई है। जिसमें लोगों का अपार जनसमर्थन मिल रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में कांग्रेस और मजबूत हो रही है।

# खेल अनुशासन व स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करता है: राजन सिन्हा

- राजा मेदिनी राय नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राजा मेदिनी राय नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच बसरिया कला (पलामू) एवं रंका (गढ़वा) के बीच खेला गया। रोमांचक मैच में दोनों टीमों ने एक-एक गोल किये। अतिरिक्त समय एवं गोल्डन आवर के बावजूद निर्णय नहीं होने पर पेनाल्टी में बसरिया की टीम 5-4 से जीती। मैन ऑफ द मैच बसरिया का धर्मेंद्र तथा मैन ऑफ द सीरीज बसरिया के ही आशीष सिंह को मिला। विजेता टीम को आकर्षक कप व ₹11000 और उपविजेता टीम को कप व ₹8000 नगद राशि दी गयी। युवा जागृति केंद्र के



केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा ने खिलाड़ियों एवं दर्शकों से कहा कि पलामू के गौरवमयी इतिहास के प्रतीक राजा मेदिनी राय को उचित सम्मान दिलाना अभी बाकी है। साथ ही कहा कि खेल के माध्यम से युवाओं के बीच अनुशासन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है।

# प्रार्थना सभा : स्वर्वेद वितरण समारोह के मुख्य अतिथि होंगे पलामू आयुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर।** ब्रह्म विद्या विहंगम योग संत समाज, छतरपुर के तत्वावधान में शिक्षाविद सत्यनारायण सिंह के लिए आयोजित प्रार्थना सभा के विशेष मौके पर अखंड स्वर्वेद पाठ सह एकल कुंडीय विश्व शांति हवन यज्ञ एवं निःशुल्क योग एलोपैथ एवं आयुर्वेद मेगा जांच शिविर तथा विश्व का अद्वितीय सदग्रंथ स्वर्वेद एवं वृक्ष वितरण समारोह के भव्य आयोजन में मुख्य पलामू प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त श्रीमान जटाशंकर चौधरी मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम के आयोजक पूर्णकालिक प्रचारक राजेश भारद्वाज ने




बताया कि यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष मानवता के कल्याण हेतु विश्व में अमन चैन शांति, पर्यावरण संरक्षण एवं नशा मुक्ति हेतु होता है। उन्होंने शुक्रवार को प्रमंडलीय आयुक्त को विहंगम योग का संविधान एवं अध्यात्म की आत्मा स्वर्वेद कार्यालय के लिए भेंट स्वरूप प्रदान कर 16 जनवरी को आयोजित प्रार्थना सभा में आमंत्रित किया।

### चैनपुर : गोली मारकर हत्या का प्रयास

**चैनपुर पलामू।** तलाब रोड स्थित शराब दुकान के सामने दो अज्ञात अपराधियों ने अंधाधुंध गोली चलायी, जिससे दो लोग गंभीर हो गये। इनमें स्व मोती साव के पुत्र राजू (35) एवं राजू का चचेरा भाई हजारी प्रसाद का पुत्र रंजीत (32) शामिल है। घटना के पूर्व किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। जिसके तुरंत बाद दो अपराधी अंधाधुंध फायरिंग किये। दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। इधर, पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है।

### शरद यादव का निधन अपूरणीय क्षति : राकेश पासवान



**मेदिनीनगर।** वरिष्ठ समाजवादी नेता शरद यादव का निधन हो गया। निधन पर झारखंड जनक्रांति मोर्चा जोरावर के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश पासवान ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। कहा कि उनका निधन पूरे देश व राजनीतिक पार्टियों के लिए अपूरणीय क्षति है। मेरे पिता स्व जोरावर राम 1989 में इनके साथ जनता दल से सांसद थे और वह मंत्री। इस बीच कई बार उनसे मिलना जुलना हुआ था।

### शरद यादव के निधन पर नामधारी ने जताया शोक

**मेदिनीनगर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सह जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद यादव के निधन से पलामू में शोक व्याप्त है। विभिन्न राजनीतिक दल के लोगों ने गहरा शोक जताया है। झारखंड के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने शोक जताते हुए कहा कि मैं शरद यादव के निधन के समाचार से काफी मर्माहत हूं। क्योंकि मेरे जीवन की राजनीतिक उथल-पुथल के दौरान मेरी उनसे काफी घनिष्ठता हुई थी। वैसे तो शरद जी मध्य प्रदेश के होशंगाबाद जिले के रहने वाले थे। लेकिन जेपी आंदोलन के बाद वे बिहार के बनकर रह गये। वे चार बार मधेपुरा से चुनाव जीते थे। यह बताते प्रसन्नता हो रही है कि उनके आग्रह पर मैं उनके पक्ष में प्रचार करने मधेपुरा भी पहुंचा था। जेपी आंदोलन की उपज होने के बावजूद अन्य दल के नेताओं से भी उनके मधुर संबंध थे।

### शरद यादव को राजद कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



**हरिहरगंज पलामू।** मेन रोड स्थित राजद प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को शोक सभा कर दिवंगत समाजवादी नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव को राजद कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी। राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव की अध्यक्षता में आयोजित शोक सभा में कार्यकर्ताओं ने उनके राजनीतिक व सामाजिक जीवन को याद किया और देश के लिए उनके योगदान को अद्वितीय करार दिया। वरिष्ठ राजद नेता बुधन सिंह यादव ने उन्हें सामाजिक न्याय का मसीहा बताया। मौके पर महेंद्र यादव, संजय यादव, सूरज यादव, पांचू यादव, सत्येंद्र भुइंया, दीपक यादव, विजय यादव, शिवनंदन यादव भी थे।

# ओडिशा में पलामू के मजदूर की मौत, गांव में छाया मातम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नौडीहा बाजार (पलामू)।** मायापुर के गणेश राम के पुत्र सोनू (25) की मौत सड़क दुर्घटना में लखनपुर थाना के बेलपहाड़ (ओडिशा) में हो गयी। वह कोल माइंस में शैलेंद्र सिंह का ट्रक चालक था। मौत की खबर मिलते ही मृतक के माता-पिता, भाई-बहन व अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। वह घर का एकमात्र कमाउ सदस्य था। सोनू का शव पैतृक गांव पहुंचते ही पूरे गांव में कोहराम मच गया। सोरहर मोरहर नदी तट पर अंतिम संस्कार किया गया। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। जिसमें मुखिया जितेंद्र भारती, रविदास विकास समिति अध्यक्ष राम गोविंद राम शिक्षक, पंसस शत्रुध्न साव, पूर्व मुखिया प्रत्याशी चंद्र भूषण सिंह (छोटन), रौशन सिंह, बसपा नेता राम बाबू, अनुज कुमार, बेलाल अंसारी, युदागीर राम आदि थे।

### 17 से 19 मार्च तक होगा इप्टा का 15वां सम्मेलन

**मेदिनीनगर।** पलामू में 17 से 19 मार्च तक होने वाले इप्टा के 15वें राष्ट्रीय सम्मेलन के पूर्व तैयारी के सिलसिले में विविध कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय इकाई लगातार कर रही है। ताकि कलाकारों, संस्कृति कर्मियों के साथ आम जनमानस भी इस आयोजन से जुड़ सके। इस कड़ी में इप्टा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैफी आजमी साहब की 104वीं जयंती पर 15 जनवरी को इप्टा कार्यालय में शाम 4 बजे से कैफी के गीत, गजल और शायरी से सजी एक शाम मेरी आवाज सुनो किया गया। जहां शास्त्रीय गायक सौरभ दुबे के अलावा पंकज निराला व शालिनी श्रीवास्तव कैफी साहेब के लिखे गजल व गीत पेश करेंगे। वहीं कार्यक्रम में डॉ मकबूल मंजर डॉ इंतेखाब असर व अदनान काशिफ उनकी नज्म पेश करेंगे। उक्त जानकारी इप्टा के सचिव रविशंकर ने दी।

# सार्वजनिक पुलिया खोलकर पानी बहाव कराने की मांग

- चैनपुर दर्जी मुहल्ला के लोगों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के दर्जी मुहल्ला के ग्रामीणों ने डीसी ए दोड्डे को ज्ञापन सौंप दर्जी मुहल्ला में सार्वजनिक पुलिया का पानी बहाने की मांग की है। मौके पर दर्जी मुहल्ला के सदाम अली, सहजाद हुसैन, शाहनवाज, एनामुल हक, नाहिद, वसीम अकरम, तनबीर आलम, मो दिलशाद, परवेज, समीर आलम, राजा आलम, शमशाद आलम, अमजद आलम, मकसुद खलीफा, जाहिद खलिफा, शान मोहम्मद, खादिम रसूल, बबलू, जुबैर खान, फिरदोस समेत कई लोगों ने डीसी को बताया कि वार्ड 34 में एक सार्वजनिक पुलिया पहले से बनी है। जिससे पूरे मुहल्ले के नाली व बारिश का पानी बहता है। धनिवा आहर व पूरे खेत का पानी भी उसी से निकलता है। इस पुलिया से पानी गुरहा आहर में जाता है। परंतु दर्जी मुहल्ला के फरीद खलीफा पिता स्व हमीद खलीफा ने पुलिया भर दिया है। जिससे लोगों को परेशानी है। उन्होंने इसे खुलवाने की मांग की है।

# पड़वा : राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत हिंडालको ने चलाया जागरूकता अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**





समारोह में थाना प्रभारी व अन्य।

**पड़वा पलामू।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत शुक्रवार को हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने एनएच 75 पर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का उदघाटन पड़वा थाना प्रभारी नकुल कुमार साह ने किया। अभियान के तहत बिना हेलमेट पहने बाइक चला रहे लोगों को हेलमेट पहनकर ही बाइक चलाने, चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के साथ अधिक स्पीड में वाहन नहीं चलाने की अपील की गई।

थाना प्रभारी नकुल साह ने कहा कि जीवन अनमोल है इसलिए इसकी रक्षा के लिए सतर्कता जरूरी है। थाना प्रभारी ने लोगों से अपने नाबालिग बच्चों को वाहन नहीं देने के साथ वाहन के साथ सभी तरह के कागजात लेकर चलने की अपील की। हिंडालको प्रबंधन द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान की सराहना की। कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस के खान सुरक्षा प्रबंधक केसी मोदक ने कहा कि अपने परिवार के सुखमय जीवन के लिए सुरक्षा मानकों का पालन करना जरूरी है।

मौके पर अरूप बनर्जी, चेतलाल विश्वकर्मा, एपी सिंह, आरआर शुक्ला, अमरेंद्र सिंह, जयंत शुक्ला, नीतेश पौराणिक, सुनील सिन्हा, शैलेंद्र सिंह, पवन, गौतम, चंदन, अनीता, सुहानी, रविंद्र सिंह, रासबिहारी, अनील तिवारी, योगेश द्विवेदी, संजय कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# मनातू : बीस सूत्री उपाध्यक्ष ने स्कूली बच्चों के बीच किया पोशाक वितरण

- स्कूल ड्रेस से बच्चों में आती है समानता : सीना
- सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनातू पलामू।** मनातू प्रखंड के रंगिया पंचायत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मसूरिया में गुरूवार को 20 सूत्री उपाध्यक्ष सीना यादव ने स्कूली बच्चों को पोशाक वितरण किया। मौके पर सीना यादव ने कहा कि स्कूल ड्रेस से बच्चों समानता की भावना आती है। कहा कि झारखंड सरकार बच्चों की शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए हर संभव मदद कर रही है।

बच्चों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का भरपूर फायदा उठाएं और बेहतर से बेहतर शिक्षा ग्रहण करें। समिति सदस्य सुषमा देवी ने बेहतर शिक्षा देने का भी निर्देश दिया। प्रधानाध्यापक सह सचिव चित्र लेखन यादव ने बताया कि सरकार के दिशा निर्देश का पालन करते हुए योजना का लाभ बच्चों को तत्काल दिया जाता है। कहा कि स्कूली बच्चों को गुणवत्ता शिक्षा मिले इसके लिए प्रयासरत्त हैं। मौके पर सहयोगी शिक्षक कृष्ण यादव, लालदेव यादव, उपेंद्र यादव, ब्रह्मदेव यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।



स्कूली बच्चों को पोशाक देते बीस सूत्री उपाध्यक्ष व अन्य।

## स्पीड न्यूज

### रामकनली पुलिस ने भारी मात्रा में जब्त किया अवैध कोयला

**कतरास।** रामकनाली पुलिस व सीआईएसएफ ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को बुटू बाबू बांग्ला के समीप कोयले को जमा कर अन्यत्र जगह पर खपाया जाने की मंसूबे पर पानी फेर दिया। छापेमारी कर अवैध कोयले को जप्त कर लिया है। छापेमारी में जप्त कोयले को बीसीसीएल को सुपुर्द कर दिया गया। रामकनाली प्रभारी बीके चेतन बनने के बाद से कोयला माफिया के विरुद्ध कार्रवाई चलाते रहते हैं। एसएसपी संजीव कुमार व डीएसपी निशा मुर्मू के आदेश पर लगातार छापेमारी कोयला तस्करों के विरुद्ध किया जा रहा है। थाना प्रभारी के करवाई से कोयला तस्करों में हड़कंप मचा हुआ । 1 सप्ताह पूर्व भी सीआईएसएफ व पुलिस की छापेमारी से कोयले तस्करों में हड़कंप मचा दिया था। इस मामले पर ओपी प्रभारी बीके चेतन ने बताया कि कोयले के अवैध कारोबार पर विराम लगाना ही मेरा मकसद है । क्षेत्र की जनता अमन चैन से रहे यही मेरा दायित्व है, मेरे क्षेत्र में शांति बहाल है।

### बोकारो: एक नए सफर की शुरूआत कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो।** बीएसएल सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंन्धन की जानकारी देने हेतु एचआरडी सेंटर में एक नए सफर की शुरूआत नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वरीय प्रबंधक ;कार्मिक.सेवाएंद्ध डॉ नंदा प्रियदर्शिनी ने कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत करायाए सीनियर डीएमओ ;चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएंद्ध डॉ साकेत मिश्रा व योग विशेषज्ञ केबी मिश्रा ने स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया तथा जीएम ;वित्त एवं लेखाद्ध एस के राय ने वित्तीय प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दी। बैंक अधिकारियों ने वित्तीय प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दी तो एसीटी ;कार्मिक.फाइनल सेटलमेंटद्ध संगीता कुमारी ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया।

### संतोष सिंह ने किया अग्नि प्रभावित क्षेत्र का दौरा

**धनबाद।** केंदुआ केंद्र स्थित बासुदेवपुर खटाल के समीप पूर्व में चल रही आउटसोर्सिंग संजय खेमका कंपनी के पास बने गोप से तेजी से आग और धुंआ का प्रकोप झेल रहे केंदुआ चार दिन नंबर मुस्लिम बस्ती के लोगो ने धनबाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष सिंह को बुलाकर अपनी समस्या को रखा। वही श्रीसिंह ने देखा कि वाकय में यहां पर रह रहे लोगों के अंदर एक भय का माहौल बना हुआ है। यहाँ के व्यथा को देख सुन कर आश्वासन दिया कि जल्द ही बीसीसीएल के सीएमडी से मुलाकात कर सभी समस्याओं का अवगत करवाने करूंगा।

### सीसीएल ढोरी ने लगाया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

**बेरमो।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र के अंतर्गत केंद्रीय अस्पताल ढोरी के सौजन्य से एनसीआरएपी के तहत नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन पिछरी पंचायत भवन में किया गया। शिविर में 90 लोगों को डां डॉक्टर बी सतीश ने इलाज कर दवा दिया। डॉण बी सतीश शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि इस मौसम में हमेशा गर्म कपड़े और पानी का सेवन करें। ठंड से बचने की हमेशा प्रयास करें।

### टाटा 709 व टेंपो की टक्कर में चालक घायल

**बोकारो।** सेक्टर 5 पथरकट्टा चौक व पेट्रोल पंप के बीच टाटा 709 मालवाहक वाहन और ऑटो में टक्कर हो गई। टेम्पो में बैठे तीन सवारी सहित टेंपो चालक घायल हो गए ।सभी को पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से ईलाज हेतु बीजीएच ले जाया गया ।टेम्पो चालक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है ।पुलिस टाटा मालवाहक वाहन को कब्जे में ले कार्रवाई में जुट गई है।

# पुरुलिया-गोविंदपुर वाया सिंदरी नेशनल हाइवे के लिए जारी है प्रयास : सांसद

## भाजपा सिंदरी नगर कमेटी की कार्यसमिति की बैठक में चर्चा



खबर मन्त्र संवददाता

**सिन्दरी।** भाजपा सिंदरी नगर कमेटी की कार्यसमिति की बैठक सिन्दरी नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक की अध्यक्षता में शुक्रवार को डोमगढ़ पंप हाउस सिन्दरी में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि पुरुलिया से गोविंदपुर भाया सिन्दरी नेशनल हाइवे के लिए प्रयासरत हूँ।

सांसद ने कहा कि सिन्दरी में तीन तीन सड़क बनने जा रही है जो अटल चौक से अम्बेडकर चौक, अम्बेडकर चौक से एसीसी गेट और अम्बेडकर चौक से शहरपुरा तक सड़क का निर्माण यथाशिघ्र होगा। उन्होंने हर्ल प्रबंधन को यूरिया उत्पादन के लिए बधाई भी दी। ग्रामीण जिलाध्यक्ष ज्ञानरंजन सिन्हा ने लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए नगर अध्यक्ष व कार्यकताओं को कहा कि आप सभी संगठन को मजबूत करने में लग जाएँ। बूथ को मजबूत करने पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। आपसब एकजुट रहें और आनेवाले समय मे भाजपा को लोकसभा चुनाव में जिताने का काम करें। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मजीत सिंह ने कहा कि आपसब को जब भी जरूरत महसूस हो तो मैं आप सबके साथ हूँ। नगर अध्यक्ष अरबिंद पाठक ने कहा कि पिछले दिनों किए गए कार्यक्रम की तरह आनेवाले कार्यक्रम को भी आप सभी के सहयोग से सफल करूँगा। उन्होंने स्थानीय समस्याओं पर बैठक में कहा कि नगर निगम सिन्दरी के समस्याओं पर ध्यान नहीं देती है।सिन्दरी की कानून व्यवस्था दयनीय है। आए दिन चोरी के साथ साथ हर्ल एच आर प्रबंधक आवास पर गोली चलने की घटना घट गई है। जिला प्रशासन पूरी तरह फेल है। आनेवाले समय में इन तमाम मुद्दों को लेकर सिन्दरी नगर भाजपा सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान गाकर व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर की गई। कार्यक्रम का संचालन नगर महामंत्री इंद्रमोहन सिंह ने किया।

### कार्यक्रम में थे मौजूद

कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश सिंह, दीपक कुमार दीपू, प्रकाश बाउरी, शैलेश सिंह, राकेश तिवारी, अली अहमद खान, ब्रजेश सिंह, सुमन चौधरी, रंजना शर्मा, रविश्वर मरांडी, गणपति बाउरी, धीरज सिंह, श्यामल अड्डो, अणिमा सिंह, प्रदीप हाँड़ी, इंदरजीत सिंह, रविकांत शर्मा, कुमार राजेश, बिरेन्द्र हांसदा, सुनीता उपाध्याय, चुमकी देवी, ज्ञानमोहन सिंह, रामजी सिंह, चन्द्रावती देवी, शैलेंद्र सिंह, गणेश सिंह, सुभाष सिंह, बिरेन्द्र प्रसाद, नरेंद्र तिवारी, जीतनारायण सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झाकोबस उपाध्यक्ष ने किया कुजामा क्षेत्र का दौरा

खबर मन्त्र संवददाता



**झरिया।** झरिया कोलफील्ड बचाओ समिति के उपाध्यक्ष शिव बालक पासवान ने एरिया 10 के कुजामा कोलियरी का दौरा किया,जहां तानाशाही तरीके से मजदूरों का क्वाटर तोड़ा जा रहा है और धमकाया जा रहा है यहां तक कोयला मजदूर की हाजिरी रोककर उनके घरों को ध्वस्त कराया गया जो असंवैधानिक कार्य है।इसकी मैं घोर निंदा करता हूं।यह कार्य बीसीसीएल प्रबंधन और देवप्रभा कंपनी के इशारे पर किया जा रहा है जिस तेजी से काम किया जा रहा है उसमें निश्चित ही पानी का कनेक्शन और रोड कट जाता और जैसे जानकारी मिला। 30दिसम्बर 2022 को पानी के पाइप के पास मशीन चल रही है।वह टूट सकता था, लोग वहां गए और उन लोगों ने शीतला प्रसाद सिंह को बोला की मशीन बंद करो, जिसके दरमियान तू ,तू मैं मैं हो गयी बात यह है कि इस मौके का फायदा उठाया गया, लेकिन मारपीट,की ऐसी कोई घटना नहीं हुई और जैसा कि सोने कि चैन छीनने तथा रिवाल्वर कनपटी में सटाने की, बात यह बिल्कुल गलत है झूठा है और झूठा केस बनाकर श्रमिक नेता तथा और लोगों को फंसाने का काम किया गया है,इससे साफ जाहिर होता है कि कोई मारपीट नहीं हुआ जांच में मैंने पाया और केस पर गौर करें जिसमें एक साजिश दिखाई दे रही है। सावित्री देवी ने एफ आई आर घनुडीह में दिया और लिया भी लेकिन अंत में कहा कि ऑनलाइन कर दीजिए।

### जांच की मांग की

संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 17 का उल्लंघन ओपी प्रभारी ने किया। जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि यह भी जांच का विषय है इसीलिए जिला प्रशासन से अनुरोध करता हूं की इसकी सही जांच हो और इंसाफ की ओर संविधानिक दायरा को मजबूत किया जाए। दौरे के दरमियान डीवाईएफआई के जिला सदस्य कुंदन पासवान रामवृक्ष धारी तथा अन्य महिलाएं शामिल थी।

## धनबाद: नकली शराब के धंधे का भंडाफोड़, केमिकल व नकली स्टिकर के साथ एक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवददाता

**धनबाद।** बरवाअड्डा थाना पुलिस ने नकली शराब कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए लोहार बरवा पेट्रोल पंप के पास से अवैध शराब के धंधेबाज संजय कुमार महतो को गिरफ्तार किया है। उसके पास से बड़े पैमाने पर शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाला केमिकल बोतलों के ढक्कन शराब के बड़े कंपनियों के नकली स्टीकर व आबकारी विभाग के स्टीकर बरामद किए गए हैं। यह जानकारी डीएसपी -1 अमर कुमार पांडे ने शुक्रवार को बरवाअडा थाना में आयोजित प्रेसवार्ता में दीं बताया जाता है कि आई आई आर एस कंपनी के सहायक उपाध्यक्ष संजय शर्मा ने अवैध शराब के कारोबार के संबंध में बरवाअडा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।इसके बाद थाना प्रभारी विक्रम कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर पेट्रोल पंप के पास छापामारी कर राजगंज के बगदाहा निवासी संजय कुमार महतो को सफेद रंग की स्कूटी जेएच-10 बीबी--4679 साथ पकड़ा गया।

स्कूटी से शराब की बोतलों के ढक्कन व अनन्य सामने लेकर जा रहा था।डीएसपी ने बताया कि युवक की निशानदेही पर पुलिस उसके घर पर वगदाहा पहुंची वहां से भारी संख्या में शराब की बोतलों के ढक्कन स्टीकर शराब में मिलाए जाने वाला 9 गैलन केमिकल जप्त किया प्रेस वार्ता में थाना प्रभारी विक्रम कुमार सिंह, रोशन कुमार बरनवाल, कन्हैया लाल मंडल,कमेशर महतो आदि मौजूद थे।

### तेनुघाट अतिथि भवन में बिजली विभाग की बैठक

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट अतिथि भवन में बिजली विभाग का एक अहम बैठक की गई बैठक की गई । बैठक की अध्यक्षता कर रहे महाप्रबंधक धनबाद हरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मासिक राजस्व की समीक्षा बैठक है। जिसमे में कंज्यूमर कि बकाया बिल की वसूली एडिफॉल्टर कंज्यूमरए सर्टिफिकेट केस एवं अवैध कनेक्शन सहित बिजली से संबंधित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। मुख्य रूप से वसूली को लेकर जोर दिया गया। मौके पर चास सर्किल अधीक्षण अभियंता डीएन साहूए कार्यपालक अभियंता चास उमेश रामए कार्यपालक अभियंता

## इंटर्नशाला में बीआईटी सिंदरी को पूर्वोत्तर क्षेत्र में प्रथम स्थान

### 515 इंजीनियरिंग कॉलेजों में हुआ रैंकिंग का चयन

खबर मन्त्र संवददाता

**सिन्दरी।** भारत में आयोजित इंटर्नशाला वार्षिक रैंकिंग 2022 में 515 इंजीनियरिंग कॉलेजों में 17वाँ व पूर्वी क्षेत्रों के इंजिनियरिंग कॉलेजों में बीआईटी सिन्दरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसमें बिहार, बंगाल, झारखंड, असम, ओडिशा व उत्तर पूर्व सहित पूर्वी क्षेत्र के राज्यों के 55 इंजीनियरिंग कॉलेजों ने इस रैंकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया था। हालांकि पूरे देश में पुणे इंजीनियरिंग कॉलेज को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

बीआईटी सिंदरी निदेशक डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह व संस्थान ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल चेयरमैन प्रोफेसर घनश्याम ने इस उपलब्धि को छात्रों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन को समर्पित किया। उन्होंने बताया कि इंटर्नशाला के संस्थापक सह सीईओ सर्वेश अग्रवाल ने बुधवार शाम को इस आशय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्थान को पूर्वी क्षेत्र में पहली रैंक और देश भर में 17 वाँ स्थान मिला है। इंटर्नशाला एक प्रौद्योगिकी कंपनी है जो छात्रों को उनके करियर में सर्वोत्तम संभव शुरूआत के लिए प्रासंगिक कौशल और व्यावहारिक अनुभव से लैस करती है। इंटर्नशाला एक सीखने और कमाने वाला मंच है, जो छात्रों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय उद्योग की आवश्यकताओं के अनुसार तैयार करता है। उद्योग में प्रौद्योगिकी प्रतिदिन बदल रही है और इंटर्नशाला छात्रों को समय और माँग के अनुसार विकासशील कौशल, नेतृत्व गुणवत्ता और ऑन-स्पॉट निर्णय लेने की गुणवत्ता के अनुसार ढालती है।

### पांच साल पहले टॉप रैंक पर था बीआईटी सिंदरी: निदेशक

बीआईटी सिन्दरी निदेशक ने कहा कि पाँच साल पहले बीआईटी सिन्दरी झारखंड में टॉप रैंक पर था। 2022 में हमने ईस्ट जोन में टॉप रैंक हासिल की है और अब देश में टॉप करने का लक्ष्य है। शत प्रतिशत प्लेसमेंट भी इसी का परिणाम है। 2022 में इंटर्नशाला की शीर्ष रैंकिंग झारखंड के बीआईटी सिंदरी की एक और मील का पत्थर उपलब्धि है। पिछले साल जून में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा मेरिट के आधार पर किए गए एक सर्वेक्षण में बीआईटी सिंदरी को देश भर के इंजीनियरिंग कॉलेजों में दूसरा स्थान मिला था। वहीं बीआईटी के कुल 193 छात्रों को 5 स्टार रैंक मिली है।

## आरएसएस ने अस्पताल में मनाया मकर संक्रांति

खबर मन्त्र संवददाता



**तेतुलमारी/कतरास ।** शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवा विभाग द्वारा तेतुलमारी स्थित कुष्ठ प्रशिक्षण केंद्र एवं विनोद बिहारी महतो जेनरल अस्पताल में मरीजों एंव वहां के स्थानीय बच्चों के बीच तिलकुट चूडा एंव गुड का वितरण कर समरसता का पर्व मकर संक्रांति उत्सव मनाया गया एवं वहां के मरीजों से बातचीत कर उनके सुख-दुख को साझा किया गया ! उक्त मौके पर विशेष रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के धनबाद महानगर कार्यवाह पंकज सिंह ने कहा कि सेवा परमो धर्म : ह्लमानवता की सेवा सर्वोच्च धर्म हैह्व। इसे संपूर्ण मानवता के लिए सर्वोच्च मानवीय मूल्यों में से एक माना जाता है।

लोग आमतौर पर अपना जीवन अपने लिए जीते हैं। लोग यहां जन्म लेते हैं, बड़े होते हैं, शादी करते हैं, अगली पीढ़ी के लिए तैयारी करते हैं और अंत में एक दिन मर जाते हैं। जीवन की ये सभी प्रक्रियाएं मनुष्य के स्वयं के इर्द-गिर्द केंद्रित हो जाती हैं।

## बीसीसीएल प्रबंधन विस्थापन की समस्या को जल्द समाप्त करें: सिंह

**झरिया।** शुक्रवार को जनता मजदूर संघ के द्वारा बीसीसीएल के लोदना क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में कुजामा परियोजना से भविष्य में प्रभावित होने वाली सड़क पानी की पाइप लाइन तथा अन्य बिंदुओं पर सकारात्मक वार्ता कर समाधान हेतु एक बैठक रखी गई । जहा जनता मजदूर संघ की संयुक्त महामंत्री सह भाजपा नेत्री रागिनी सिंह उपस्थित हुई। जहा क्षेत्रीय लोगो की समस्याओं को देखते हुए श्रीमती सिंह ने विस्थापन पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर प्रबंधन को चेताते हुए कहा कि प्रबंधन एक अधिकृत टीम बनाकर जल्द विस्थापन को लेकर काम करे वही पाइप लाइन की भी समुचित व्यवस्था कर लोगो को सुरक्षित स्थान पर विस्थापित करें। वही श्रीमती सिंह के विशेष आग्रह पर लोदना बाजार एवं विभिन्न क्षेत्रों में मधुबन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से लोगो को पानी की समस्या को दूर करे जिस पर महाप्रबंधक श्री सिन्हा जी के द्वारा जल्द ही इस पर कार्रवाई करते हुए समस्या को दूर करने की बात कही गई।

## राधाकृष्ण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर भक्तिमय कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवददाता



**झरिया।** 13 जनवरी को श्री झरिया- धनबाद गौशाला, बस्ताकोला में आगामी 14-15 जनवरी 2023 को तुलादान एंव 16 से 18 जनवरी 2023 को भव्य श्री राधा-कृष्ण जी के मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के संबंध में गौशाला प्रांगण में एक प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन दोपहर 1:00 बजे किया गया था। जिसमें गौशाला में तुलादान के विषय में सचिव श्री मुरलीधर पोद्दार एंव श्री द्वारका प्रसाद गोयनका जी ने बताया कि अपने शरीर के वजन के बराबर तुलादान करने से गौमाता जन्म जन्मांतर के सभी कष्ट को दुर करती है।16 से 18 तक गौशाला प्रांगण में श्री राधाकृष्ण जी के मंदिर में भगवान की मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम पाँच प्रसिद्ध पंडितों के द्वारा कराया जाएगा। 16 को बस्ताकोला गायत्री मंदिर से क्लश यात्राः 10 बजे गायत्री मंदिर,बस्ताकोला से 108 महिला कलश में जल लेकर एंव पुरूष हाथो मे निशान लेकर शोभा यात्रा के साथ गौशाला मंदिर आएगें उसके पश्चात मंदिर के 3 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम शुरू होगा। प्रेस कांफ्रेंस में महेंद्र कुमार अग्रवाल, मुरलीधर पोद्दार, द्वारका प्रसाद गोयनका, शारदानंद सिंह, सत्यनारायण भोजगडीया, सतीश अग्रवाल, पुनीत गोयनका, राजकुमार अग्रवाल, बबीता पोद्दार, रेवा रिटोलिया आदि मौजूद थे।

### महिला समिति ने किया पिकनिक का आयोजन



बोकारो। महिला समिति, बोकारो द्वारा संचालित स्वावलंबन एवं सुरभि के कर्मियों के लिये बोकारो क्लब में पिकनिक का आयोजन किया गया मौके पर महिला समिति की अध्यक्ष अनीता तिवारीए उपाध्यक्ष सीमा ठाकुरए मोनिका रंगानीए सचिव वन्दना झाए संयुक्त सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी, कल्चरल सचिव श्वेता वर्माए सुरभि प्रभारी अभिरुचि प्रिया सहित समिति की अन्य सदस्य अंजू कुमार, पुष्पा भारतीया, रीता सिंह तथा स्वावलंबन एवं सुरभि के कर्मी उपस्थित थी। अनीता तिवारी द्वारा कर्मियों को कम्बल का वितरण भी किया गया।

## एक नजर में

### बीएसएल के एसएमएस-2 में ग्रैब क्रेन का उद्घाटन



**बोकारो।** बोकारो संयंत्र के एसएमएस.2 के स्लैग यार्ड में स्थित ग्रैब क्रेन के रिवैम्पिंग के उपरान्त इसका उद्घाटन ईडी ;वर्क्सद्ध बी के तिवारी द्वारा सीजीएम ;यांत्रिकीद्ध वी के सिंह सहित एसएमएस व सेन्ट्रल जनरल मेंटेनेंस मैकेनिकल विभाग के अधिकारियों तथा कर्मियों की उपस्थिति में किया गया। रिवैंपिंग का कार्य जीएम के नेतृत्व व एजीएम एस गोस्वामी के मार्गदर्शन में एसएमएस.2ए सेन्ट्रल जनरल मेंटेनेंस मैकेनिकल तथा सीआर ;विद्युतद्ध विभाग के कर्मियों द्वारा अपने आंतरिक संसाधनों से संपूरित किया गया। निर्मित स्लैग को स्लैग पॉट के माध्यम से स्लैग यार्ड में ट्रांसपोर्टेशन में स्लैग पॉट के बॉटम में चिपके स्लैग को निकालने में होने वाली परेशानी से निजात पाने के लिए ग्रैब क्रेन का रिवैंपिंग किया गया।

### रागिनी सिंह ने आनंद मेला का उद्घाटन किया



**झरिया।** शुक्रवार को पाथरडीह अजमेरा स्थित केडीएम पब्लिक स्कूल के द्वारा आयोजित आनंद मेला 2023 के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह उपस्थित हुई । जहा उन्होंने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर आनंद मेला का उद्घाटन किया। इस दौरान श्रीमती सिंह ने सभी को नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए बच्चो के द्वारा बनाए गए स्टालों का निरक्षण किया ,साथ ही बच्चो की हौसला अफजाई की इस दौरान केडीएम पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष शालिग्राम पांडेय सचिव दीपक मिश्रा निहार भारती इंटर महिला महाविद्यालय की प्राचार्या राखी कुमारी केडिएम पब्लिक स्कूल की प्राचार्या आशा सिंह भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव जोरापोखर मंडल अध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय ज्योति पांडे श्री वासुदेव शुभकार के अलावा कई अन्य गणमान्य मौजूद थे।

### पंचायत प्रतिनिधियों ने विकास का लिया संकल्प



**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधियों ने मंजूरा ममता देवी एवं पूर्व मुखिया नरेश कुमार महतो की अगुवाई में राम लखन डूंगरी स्थित परिसर में आयोजित वनभोज सह मिलन समारोह में कसमार प्रमुख नियोती कुमारीए मुखिया संघ के अध्यक्ष हारू रजवार समेत अन्य की मौजूदगी में नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ मिलजुल कर कसमार प्रखंड के पंचायतों का सर्वांगीण विकास करने का दृढ़ संकल्प लिया। मौके पर दुगार्पुर मुखिया अमरेश कुमार महतोए खैराचातर मुखिया गुड्डू जायसवालए गर्री मुखिया गीता देवीए टांगटोना मुखिया सुमित्रा देवीए मधुकरपुर मुखिया राजेंद्र कुमार महतोए मुरहूलसूदी मुखिया सरिता देवीए टांगटोना पंसस प्रिया देवीए कसमार पंसस मंजू देवीए पोंडा पंसस रवि कुमारए बरइकला पंसस ललिता देवीए लोकेश कुमार देए शिशुपाल महतोए मनोज करमालीए सनातन महतो आदि मौजूद थे।

## पेज एक का शेष

### ग्रीन कॉरिडोर बना...

वहीं दूसरे जवान के पेट में गंभीर चोटें लगी है। जबकि तीसरे जवान की गर्दन से सटे हुए कंधे में गंभीर जख्म है। इनके नाम अजय लिंडा, शाहरुख खान, भरत सिंह राय, मुकेश कुमार सिंह, आलोक दास और बीरपाल सिंह तोमर हैं। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार तीनों ही जवानों की स्थिति पहले से काफी बेहतर है, वो अब आउट आफ डेंजर हैं, लेकिन उनके परिवार वाले यह चाहते थे कि उनका इलाज और भी बेहतर तरीके से हो, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया कि तीनों घायल जवानों को दिल्ली स्थित एम्स में इलाज करवाया जाये।

### नीति आयोग में ...

सत्र का पहला भाग 10 फरवरी तक जारी रहेगा। इसके बाद बजट सत्र का दूसरा भाग छह मार्च को शुरू होगा और यह 6 अप्रैल तक चलेगा। बजट सत्र के पहले भाग में दोनों सदनों में राष्ट्रपति के संबोधन पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी। इसके बाद केंद्रीय बजट पर चर्चा की जायेगी। पीएम मोदी राष्ट्रपति के संबोधन पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देंगे। वित्त मंत्री सीतारमण भी केंद्रीय बजट पर होने वाली बहस का जवाब देंगी। बजट सत्र के दूसरे भाग के दौरान सरकार के विधायी एजेंडे के अलावा विभिन्न मंत्रालयों की अनुदान मांगों पर चर्चा पर प्रमुख ध्यान दिया जाता है। केंद्रीय बजट को एक धन विधेयक के तौर पर सत्र के इस भाग के दौरान पारित किया जाता है।

### वकील की हड़ताल ...

बता दें कि झारखंड स्टेट बार काउंसिल के निर्देश पर सभी जिला अदालतों में वकील कोई न्यायिक कार्य नहीं कर रहे थे। हालांकि झारखंड हाईकोर्ट में कुछ वकील अदालत में उपस्थित हो रहे हैं, लेकिन उसके बावजूद झारखंड में 6 जनवरी से न्यायिक कार्य ठप्प पड़े है। जिसका खामियाजा आम जनता को उठाना पड़ रहा है।

### पत्नी ने ही फौजी...

पत्नी ने गांव वालों व परिवार जनों को एक नयी कहानी बताकर घटना से अपना बचाव किया और पति को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल लेकर पहुंची। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद परना उरांव को मृत घोषित कर दिया। पुलिस को पहले ही शक था। कड़ी पूछताछ में बुद्धेश्वरी देवी ने अपना जुर्म कबूल किया। वहीं घटना में प्रयुक्त लोहे का रड पुलिस ने बरामद किया है। पहले पत्नी ने ही गुमला थाना में पति की हत्या को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराया था, जिसमें अज्ञात अपराधियों के द्वारा पति की हत्या की बात कही थी।

### इरफान नहीं पहुंचे...

बंगाल पुलिस की सीआईडी की जांच में यह बात सामने आयी थी कि विधायकों ने कोलकाता के ही शेयर ट्रेडर महेंद्र अग्रवाल से पैसे लिए थे। महेंद्र अग्रवाल ने पैसे क्यों दिये इन पहलूओं पर भी ईडी जांच करेगी। हालांकि तीनों विधायकों ने बताया था कि आदिवासी दिवस के लिए उन्हें साड़ी और कंबल की खरीदारी करनी थी, इसलिए वह पैसे लेकर कोलकाता गये थे।

वाराणसी : गंगा विलास का शुभारंभ करते हुए विदेशी पर्यटकों से बोले प्रधानमंत्री

# भारत के पास आपकी कल्पना से भी ज्यादा बहुत कुछ है : मोदी

## पीएम ने गंगा किनारे के इलाकों की उपेक्षा का पूर्ववर्ती सरकारों पर लगाया आरोप

**एजेंसी**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में दुनिया की सबसे बड़ी क्रूज शिप गंगा विलास के शुभारंभ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आजादी के बाद गंगा के किनारे की पट्टी की उपेक्षा की गई, जिससे यह पूरा इलाका पिछड़ता चला गया। ऐसे में हमने नए अप्रोच के साथ काम किया और नमामि गंगे के तहत न सिर्फ गंगा को साफ किया बल्कि अर्थ गंगा के तहत आर्थिक गतिविधियों का नया वातावरण भी तैयार किया। पीएम ने गंगा विलास के पहले विदेशी यात्रियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के पास सब कुछ है। भारत को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता है, उसे दिल से एक्सपीरियंस किया जा सकता है।

## पीएम ने काशी में टेंट सिटी का भी किया लोकार्पण




**विदेशियों को बताया, क्या है इंडिया**

मोदी ने कहा कि सभी विदेशी टूरिस्ट का अभिनंदन करता हूं जो इस क्रूज से पहले सफर को निकलने वाले हैं। एक प्राचीन शहर से आप एक आधुनिक क्रूज पर शहर करने जा रहे हैं। विदेशी साथियों से विशेष तौर पर कहना चाहता हूं, कि 'भारत के पास सब कुछ है, जो भी आप कल्पना कर सकते हैं। भारत के पास आपकी कल्पना से भी ज्यादा बहुत कुछ है। भारत को शब्दों में परिभाषित नहीं किया जा सकता। भारत को सिर्फ दिल से महसूस किया जा सकता है। क्योंकि भारत ने धर्म, जाति, क्षेत्र से परे होकर सभी के लिए अपने दिल के दरवाजे खोले हैं। हम दुनिया के अलग-अलग हिस्सों के अपने सभी पर्यटक दोस्तों का स्वागत करते हैं।'


## गंगा किनारे वालों की उपेक्षा

मोदी ने कहा कि ये जो लोग इसमें आध्यात्म की खोज में हैं, उन्हें वाराणसी, बोधगया, विक्रमशिला, पटना साहिब और माजुली की यात्रा का सौभाग्य मिलेगा। मोदी ने कहा कि गंगाजी हमारे लिए सिर्फ एक जलधारा भर नहीं है बल्कि यह प्राचीन काल से इस महान भारत भूमि की तप-तपस्या की साक्षी हैं। भारत की स्थितियां जैसी भी रही हों, मां गंगा ने हमेशा कोटि-कोटि भारतीयों को पोषित किया है। प्रेरित किया है। इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है कि गंगा जी के किनारे की पूरी पट्टी की आजादी के बाद पिछड़ती चली गई। आगे जाने की तो बात ही छोड़ दीजिए। उन्होंने कहा कि इस वजह से लाखों लोगों का गंगा किनारे से पलायन भी हुआ। इस स्थिति को बदला जाना जरूरी था। इसलिए हमने एक नए अप्रोच केसाथ काम करना तय किया। हमने एक तरफ नमामि गंगे के माध्यम से गंगा की निर्मलता के लिए काम किया और दूसरी ओर अर्थ गंगा का अभियान चलाया।

**छोटे-छोटे क्रूज को दे रहे हैं बढ़ावा**

पीएम ने कहा कि हम अलग-अलग शहरों में छोटे क्रूज को बढ़ावा दे रहे हैं। हर पर्यटक वर्ग के पहुंच में है, इसे ध्यान में रखकर क्रूज की व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया में भारत को जानने, समझने की उत्सुकता दुनिया में बढ़ रही है। बीते 8 सालों में हमने टूरिज्म के विस्तार पर बल दिया है। अपने आस्था के स्थानों के विकास को भी प्राथमिकता बनाया है। काशी नगरी तो हमारे इन प्रयासों की साक्षात साक्षी बनी। प्रधानमंत्री ने हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ भाषण का आरंभ किया।

## इसरो का खुलासा : 12 दिन में 5.4 सेंटीमीटर धंसी जमीन




**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने जोशीमठ को लेकर चौंकाने वाला खुलासा किया है। इसरो की रिपोर्ट के अनुसार, जोशीमठ में सिर्फ 12 दिनों में 5.4 सेंटीमीटर जमीन धंस गई है। इसरो ने जोशीमठ की सैटेलाइट तस्वीरें भी जारी की हैं, जिनके मुताबिक, 27 दिसंबर से आठ जनवरी के बीच जोशीमठ की जमीन 5.4 सेंटीमीटर नीचे चली गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह घटना दो जनवरी, 2022 से शुरू हुई थी। इसरो ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि अप्रैल से नवंबर 2022 के बीच जमीन धंसने की दर बहुत कम थी। इस दौरान जोशीमठ नौ सेंटीमीटर नीचे चला गया। इसरो ने कहा है कि क्राउन ऑफ द सब्सिडेंस 2180 मीटर की ऊंचाई पर जोशीमठ-औली रोड के पास स्थित है।

## चीन में 90 करोड़ लोग संक्रमित

**एजेंसी**

**बीजिंग।** चीन में कोरोना के मामले बढ़ने के साथ ही भारत, जापान और अमेरिका जैसे देशों में भी नई लहर का खतरा मंडराने लगा है। इसी बीच चीन की पेकिंग यूनिवर्सिटी की रिसर्च के मुताबिक, 11 जनवरी तक देश की 64 प्रतिशत आबादी यानी 90 करोड़ लोग संक्रमित हो चुके हैं। इस रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि गांसु प्रांत की 91 प्रतिशत आबादी, हेनान प्रांत की 89 प्रतिशत आबादी, युवान की 84 प्रतिशत आबादी और किंघाई प्रांत की 80 प्रतिशत आबादी संक्रमित है। हेल्थ एक्सपर्ट जेंग गुआंग ने दावा किया कि कोरोना की पीक 2 से 3 महीने तक रहेगी। गुआंग के मुताबिक कोरोना अब वहां के गांवों में भी हाहाकार मचाएगा। गांव में कोरोना के फैलने की वजह चीन में 21 जनवरी से शुरू होने वाली लूनर न्यू ईयर की छुट्टियों को बताया है।

## कंझावला केस में 11 पुलिसवाले सस्पेंड

**नयी दिल्ली।** कंझावला केस में दिल्ली पुलिस के 11 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। ये 11 पुलिसकर्मी हादसे के वक्त पीसीआर और पिकेट पर तैनात थे। गुरुवार को गृह मंत्रालय ने दिल्ली पुलिस पर बड़ा एक्शन लिया था। मंत्रालय ने हादसे के वक्त वहां तैनात पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश दिया था। शुक्रवार को दिल्ली पुलिस के कुल 11 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया।

## राहुल गांधी का देश के नाम पत्र लिखा, लड़ता रहूंगा...

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगभग 3500 किलोमीटर की 'भारत जोड़ा यात्रा' पूरी कर चुके हैं। इस मौके पर उन्होंने देशवासियों के नाम एक खुली चिट्ठी लिखी है। अपनी चिट्ठी में राहुल गांधी ने कहा कि वे संसद से सड़क तक संघर्ष करते रहेंगे। कांग्रेस नेता ने अपने पत्र में कहा कि भारत जोड़ो यात्रा ने उन्हें सिखाया है कि उन्हें कमजोरों की ढाल बनना है। उन्होंने कहा कि मेरे व्यक्तिगत और राजनीतिक जीवन का लक्ष्य एक ही है- हक की लड़ाई में कमजोरों का ढाल बनना, जिनकी आवाज दबाई जा रही है उनकी आवाज उठाना। राहुल ने लिखा, 'मेरे साथी भारतीयों, मैं आपको 3500 किलोमीटर लंबी ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा पूरी करने के बाद लिख रहा हूं। इस यात्रा में लाखों भारतीय हमारे साथ कन्याकुमारी से कश्मीर तक चले। यह मेरे जीवन की सबसे समृद्ध यात्रा थी।

## सेना की ताकत घटाकर आधी करेगा श्रीलंका

**कोलंबो।** आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका ने घोषणा की है कि वह तकनीकी और सामरिक रूप से मजबूत और संतुलित रक्षा बल तैयार करने के लिए वर्ष 2030 तक सेना की मौजूदा ताकत को घटाकर आधा कर देगा। श्रीलंकाई सरकार ने 2023 के बजट में स्वास्थ्य और शिक्षा की तुलना में सैन्य खर्च के लिए अधिक आवंटन की आलोचना के बीच यह घोषणा की है। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि वर्ष 2030 तक सैन्य संख्या बल को घटाकर 100,000 तक किया जाएगा।

## पीओके के लोग बोले- हमें भारत में वापस मिला दो...

**एजेंसी**



**बाल्टिस्तान।** इन दिनों पाकिस्तान की हालात बेहद खराब चल रहे हैं। अवाम भूख और गरीबी से जूझ रही है। इस बीच पाक अधिकृत कश्मीर गिलगित बाल्टिस्तान से भी पाकिस्तान के खिलाफ आवाज उठने लगी है। पाक अधिकृत कश्मीर के लोगों ने पाकिस्तान सरकार पर उनके साथ भेदभाव करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। यहां के नाराज लाग अब पीओके को भारत में मिलाने की मांग करने लगे हैं। शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए कश्मीरी उन्हें भारत के लद्दाख में एक बार फिर से मिलाने की बात कहनी शुरू कर दी है। पाक अधिकृत कश्मीर गिलगित बाल्टिस्तान में इन दिनों वहां के लोग पाकिस्तान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते देखे जा रहे हैं। वहां के हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर हैं और जुलूस निकाल रहे हैं। पीओके के लोगों की मांग उन्हें भारत के लद्दाख क्षेत्र में मिला देने की है। इस मांग के तेज होते ही पाकिस्तान सरकार की नींद उड़ी है।

## यूक्रेन के सोलेडार शहर पर रूस का कब्जा

**कीव।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को दावा किया कि रूसी सेना ने यूक्रेन के नमक की खदान वाले पूर्वी शहर सोलेडार पर कब्जा कर लिया है। रूस और यूक्रेन की सेना के बीच खूनी संघर्ष के केंद्र सोलेडार पर गुरुवार की रात कब्जा कर लिया गया। डोनेत्स्क प्रांत के अंतर्गत आने वाले सोलेडार पर कब्जा करने के रूस के दावे की यूक्रेन ने तत्काल कोई पुष्टि नहीं की है। यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में कई झटकों के बाद सोलेडार पर कब्जा रूस के लिए एक दुर्लभ जीत का प्रतीक होगा।

## अमित शाह और राहुल ने शरद यादव को दी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** जदयू के पूर्व अध्यक्ष शरद यादव का अंतिम संस्कार शनिवार को मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम जिले में उनके पैतृक गांव में किया जाएगा। जदयू की मध्यप्रदेश इकाई के पूर्व प्रमुख गोविंद यादव ने कहा कि वरिष्ठ नेता का अंतिम संस्कार नर्मदापुरम (पहले होशंगाबाद) जिले की बाबई तहसील के उनके पैतृक गांव आंखमऊ में शनिवार को किया जाएगा। उनका पार्थिव शरीर विमान से दिल्ली से मध्यप्रदेश लाया जाएगा।

**देश के सार्वजनिक जीवन के लिए अपूरणीय क्षति : शाह**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि शरद यादव का हमारे बीच न रहना देश के सार्वजनिक जीवन के लिए अपूर्णिय क्षति है। पांच दशक लंबे सार्वजनिक जीवन में उन्होंने हमेशा जनता के मुद्दे और पिछड़ों के मुद्दे उठाए। समाजवादी पार्टी के मूल सिद्धांतों को अंतिम सांस तक वे आगे लेकर चलते रहें। आपातकाल के खिलाफ लड़ाई लड़ कर जो नेतृत्व निकला उसमें शरद यादव प्रमुख नेता थे। मैं इस दुख की घड़ी में उनके परिवारजनों, समर्थकों, अनुयायियों को दुख सहन करने की शक्ति दे ऐसी प्रार्थना करता हूं।

**नीतीश कुमार ने जताया दुख**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समाजवादी नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव के निधन से दुखी हूं। शरद यादव के साथ मेरा बहुत गहरा रिश्ता था। उनके निधन की खबर से स्तब्ध और दुखी हूं। वे एक प्रखर समाजवादी नेता थे। उनका निधन सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र के लिए अपूरणीय है। उनकी आत्मा को शांति मिले।

**मैंने शरद यादव से राजनीति के बारे में बहुत कुछ सीखा : राहुल**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि मैंने शरद यादव से राजनीति के बारे में बहुत कुछ सीखा है, वह आज हमारे बीच नहीं रहे तो काफी दुःख हो रहा है। उन्होंने कभी अपना सम्मान नहीं खोया, जबकि राजनीति में सम्मान खोना बहुत आसान होता है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी शरद यादव के घर पहुंचे। यहां उन्होंने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने उनके परिवार को ढांढस बंधाया।

## नीतीश सरकार ने एक साथ 81 डॉक्टरों को किया सेवा से बर्खास्त

**पटना।** बिहार की नीतीश सरकार ने एक बड़ा फैसला करते हुए बिहार के 81 डॉक्टरों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। इसमें 64 डॉक्टर पिछले 5 सालों से अपनी सेवा से नदारद थे। सरकार की इस कार्रवाई से चिकित्सा महकमे में हड़कंप मच गया है। बिहार सरकार ने एक और महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर अपनी स्वीकृति दी है। राज्य के प्राथमिक मध्य और माध्यमिक के साथ-साथ उच्च माध्यमिक विद्यालयों के लिए जनसहयोग से भूमि और भवन हासिल करने के साथ-साथ नामकरण की प्रक्रिया को स्वीकृति दी गई है। इन सभी फैसलों पर शुक्रवार को नीतीश की कैबिनेट ने अपनी मंजूरी दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में बिहार कैबिनेट की बैठक संपन्न हुई. मुख्य सचिवालय स्थित मंत्रिमंडल कक्ष में आयोजित हुई इस बैठक में कुल 41 एजेंडों पर मुहर लगी. उद्योग विभाग के एजेंडे में अलग-अलग प्रस्ताव में कई प्रोजेक्ट को भी कैबिनेट ने आज अपनी स्वीकृति दे दी है। इसमें मुजफ्फरपुर, वैशाली, बेगूसराय, किशनगंज में कई प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई है।

## ईशा गुप्ता ने रिवीलिंग ड्रेस में शेयर की हॉट फोटो

बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा गुप्ता अपनी तस्वीरों से फैंस को सरप्राइज करती रहती हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर एक से बढ़कर एक फोटोज शेयर करती हैं जिसका फैंस को हमेशा से इंतजार रहता है। एक्ट्रेस ने विंटर में अपनी कुछ लेटेस्ट फोटोज शेयर की हैं जिसमें उनकी हॉटनेस से इंटरनेट का पारा ऊपर जा रहा है। ईशा गुप्ता की ये फोटोज सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। उन्होंने फोटोज शेयर कर कैप्शन में लिखा, इस सूरज के नीचे ऐसा लगता है जैसे गर्मी का मौसम है। कन्फ्यूज ना हों। बता दें कि ये तस्वीरें ईशा गुप्ता ने कतर की राजधानी दोहा से शेयर की है। फोटोज में उनके लुक की बात करें तो वे क्रीम कलर के हाई थाई स्लिट गाउन में हैं और कॉफी का लुत्फ उठाती नजर आ रही हैं। उन्होंने सनग्लासेस लगाए हुए हैं और अलग-अलग पोज में उनका स्वैग देखते ही बन रहा है। फैंस भी उनकी इन फोटोज पर कमेंट करते नहीं थक रहे हैं। एक शख्स ने लिखा- ब्यूटिफुल ईशा। एक दूसरे शख्स ने लिखा- आपकी हॉटनेस का राज क्या है। हार्ट इमोजीस की भरमार ईशा की इन फोटोज पर देखने को मिल रही है। वर्क फ्रंट की बात करें तो ईशा गुप्ता पिछले बार साल 2019 में टोटल धमाल मूवी का हिस्सा थीं। फिलहाल वे देसी मैजिक और हेरी फेरी 3 में नजर आएंगी।






## भारत ने जीत के साथ की शुरुआत, स्पेन को 2-0 से हराया

**एजेंसी**



**राउरकेला।** ओडिशा में चल रहे हॉकी विश्व कप में भारत ने जीत के साथ शुरूआत की है। उसने स्पेन को पहले मैच में 2-0 से हरा दिया। भारत के लिए मैच में अमित रोहिदास और हार्दिक सिंह ने गोल किया। भारत का दूसरा मैच में अब 15 जनवरी (रविवार) को मजबूत इंग्लैंड के खिलाफ होगा। इंग्लैंड ने अपने पहले मैच में वेल्स को 5-0 से हराया था।

भारत की शानदार जीत

भारत ने हॉकी विश्व कप के अपने पहले मैच में स्पेन को 2-0 से हरा दिया। पूल डी में टीम इंडिया ने इस जीत के साथ ही दूसरा पायदान हासिल कर लिया। इंग्लैंड ने इससे पहले वेल्स को 5-0 से हराया था। वह बेहतर गोल अंतर के कारण पहले स्थान पर है। टीम इंडिया के लिए अमित रोहिदास और हार्दिक सिंह ने दो बेहतरीन गोल किए। अमित रोहिदास को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। भारत ने मैच में शुरूआत धीमी की थी। शुरूआती पांच मिनटों तक स्पेन ने टीम इंडिया को काफी छकाया, लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा भारत ने मैच में पकड़ बनानी शुरू कर दी। इसका फायदा 11वें मिनट में टीम इंडिया को मिली। भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन उस पर गोल नहीं आ सका। अगले ही मिनट में दूसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला। इस पर अमित रोहिदास ने शानदार गोल कर टीम इंडिया को 1-0 से आगे कर दिया। भारत ने 26वें मिनट में दूसरा गोल किया। हार्दिक सिंह ने चार खिलाड़ियों को छकाते हुए जबरदस्त गोल किया। उनका यह गोल लंबे समय तक याद रखा जाएगा। इस विश्व कप में भारत का यह पहला फील्ड गोल है। हार्दिक स्पेन के सर्कल में गेंद को लेकर आगे बढ़ रहे थे। वह गोलपोस्ट के करीब खड़े ललित उपाध्याय को गेंद देना चाहते थे, लेकिन स्पेन के डिफेंडर से लगकर गेंद गोलपोस्ट में चली गई। हार्दिक ने टीम इंडिया को 2-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद भारत ने कोई गोल नहीं किया।

### अर्जेंटीना ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर शुरू किया विश्व कप

अर्जेंटीना ने एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के पहले मुकाबले में शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका को 1-0 से हराकर टूर्नामेंट की शुरुआत की। कलिंगा स्टेडियम पर खेले गये पूल-ए मुकाबले में माइको कासेला ने 43वें मिनट में विजेता टीम के लिये गोल किया।

### ऑस्ट्रेलिया ने फ्रांस को 8-0 से रौंदा

ऑस्ट्रेलिया ने जेरेमी हेवर्ड और टॉम क्रेग की हैट्रिक की बदौलत शुक्रवार को एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के पूल-ए मुकाबले में फ्रांस को 8-0 से रौंदकर अपने अभियान की धमाकेदार शुरूआत की।

## राहुल द्रविड़ की तबीयत बिगड़ी चेकअप के लिए बेंगलुरु रवाना



कोलकाता। भारतीय कोच राहुल द्रविड़ की अचानक से तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद वह टीम इंडिया का साथ छोड़ कोलकाता से शुक्रवार सुबह अकेले बेंगलुरु रवाना हो गए। वहीं, अन्य सहायक स्टाफ और खिलाड़ी समेत भारतीय क्रिकेट टीम श्रीलंका के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे मैच के लिए बाद में तिरुवनंतपुरम के लिए रवाना होगी। द्रविड़ ने स्वास्थ्य कारणों से सुबह-सुबह कोलकाता से बेंगलुरु के लिए उड़ान भरी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गुरुवार को दूसरे वनडे के दौरान द्रविड़ ने ब्लड प्रेशर की शिकायत की थी और बंगाल क्रिकेट संघ के डॉक्टरों ने उनका चेकअप किया था। हालांकि, अब वह बेंगलुरु में ही इसकी जांच करवाएंगे।

### मलेशिया ओपन : सात्विक-चिराग सेमीफाइनल में

**कुआला लंपुर।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने शुक्रवार को मलेशिया ओपन 2023 के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में चीन के लियु यू चेन और ओउ शुआन यी को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। बुकित जलील एशियाता एरिना में एक घंटे छह मिनट चले मुकाबले में सात्विक-चिराग ने अपने चीनी प्रतिद्वंदियों को 17-21, 22-20, 21-9 से मात दी।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 120 | Hindi | ₹ 100 |
| English | ₹ 120 | English | ₹ 120 |
| Mathematics | ₹ 120 | Mathematics | ₹ 120 |
| Science | ₹ 120 | Science | ₹ 120 |
| Social Science | ₹ 120 | Social Science | ₹ 120 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 80 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 | Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 |
| English Grammar - II | ₹ 100 | English Grammar - II | ₹ 100 |
| Sanskrit Vyakaran - II | ₹ 70 | Sanskrit Vyakaran - II | ₹ 70 |
| Hindi Practical | ₹ 50 | Hindi Practical | ₹ 50 |
| English Practical | ₹ 50 | English Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical | ₹ 60 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 60 | Science Practical | ₹ 55 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | S. Science Practical | ₹ 60 |
| Sanskrit Practical | ₹ 50 | Sanskrit Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !